राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

वर्ष 07,अंक 77, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

उत्तर प्रदेश के आवाहन पर जिला मुख्यालय पर धरना....03

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में कुरारा में सचिवों का प्रदर्शन, डीएससी डोंगल सौंप कर किया कार्य बहिष्कार..12

## इसे भाषा का मुद्दा न बनाएं... जानें तमिलनाडु जवाहर नवोदय विद्यालय केस में SC ने ऐसा क्यों कहा

**● तमिलनाडु के प्रत्येक जिले में जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार को संयुक्त परामर्श आयोजित करने और कोर्ट को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि 'मेरा राज्य, मेरा राज्य' वाली मानसिकता से बचना चाहिए और उन्होंने संघीय स्तर पर चर्चा का आह्वान किया**



सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार को राज्य में जवाहर नवोदय विद्यालयों की स्थापना के मुद्दे पर संयुक्त परामर्श आयोजित करने और कोर्ट को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही कोर्ट ने अधिकारियों को तमिलनाडु के प्रत्येक जिले में जेएनवी स्थापित करने के लिए आवश्यक भूमि की मात्रा का पता लगाने का भी निर्देश दिया।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए ये आदेश दिए हैं. इस दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि 'मेरा राज्य, मेरा राज्य' वाली मानसिकता से बचना चाहिए और उन्होंने संघीय स्तर पर चर्चा का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि परामर्श के दौरान, राज्य तीन-भाषा नीति के बजाय दो-भाषा नीति जैसी शर्तें रख सकता है, जिसका पालन संयुक्त राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों द्वारा किया जाता है।

**'हम केवल एक प्रक्रिया कर रहे हैं'**

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम केवल एक प्रक्रिया कर रहे हैं. हम आपसे आज ही आधारशिला रखने के लिए नहीं कह रहे हैं. कोर्ट ने कहा कि उसके निर्देश छात्रों के हित में जारी किए गए थे. कोर्ट ने कहा'हमने उपरोक्त निर्देश केवल उन छात्रों के हित में पारित किए हैं जो तमिलनाडु राज्य में उक्त विद्यालयों में प्रवेश पाने के पात्र हैं'.

**राज्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई**

सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाई कोर्ट के उस फैसले के खिलाफ तमिलनाडु राज्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था , जिसमें राज्य को प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने का निर्देश दिया गया था. आज सुनवाई के दौरान, राज्य की ओर से तरफ से वकील पी. विल्सन ने तमिलनाडु की आपत्तियों को दोहराते हुए कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय तीन-भाषा प्रणाली का पालन करते हैं, जबकि राज्य में वैधानिक रूप से दो-भाषा नीति लागू है।

**30 एकड़ भूमि उपलब्ध करानी होगी**

उन्होंने कहा कि राज्य को प्रत्येक जिले में लगभग 30 एकड़ भूमि उपलब्ध करानी होगी और इससे संबंधित लागत वहन करनी होगी. उन्होंने तर्क दिया कि राज्य को केंद्र सरकार के साथ बुरा अनुभव रहा है, समग्र शिक्षा अभियान के तहत 3000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि बकाया है. जस्टिस नागरत्ना ने जवाब दिया कि इस मुद्दे को भाषा विवाद में नहीं बदलना चाहिए. उन्होंने कहा 'इसे भाषा का मुद्दा न बनाएं. हम एक संघीय समाज हैं, आप गणतंत्र का हिस्सा हैं. यदि आप एक कदम आगे बढ़ते हैं, तो वे भी एक कदम आगे बढ़ेंगे'.

राज्य के वकील ने यह भी आरोप लगाया कि एनजीओ को हाई कोर्ट में याचिका दायर करने और अवैध प्रवेश प्राप्त करने के लिए स्थापित किया गया था। राज्य के वकील ने आगे आरोप लगाया कि हिंदी थोपने का प्रयास किया गया था. हालांकि, जस्टिस नागरत्ना ने राज्य से टकरावपूर्ण दृष्टिकोण न अपनाने का आग्रह किया और कहा, 'हम हिंदी के मुद्दे पर नहीं हैं. हम ग्रामीण छात्रों को शिक्षा दिलाने के मुद्दे पर हैं'।

**जस्टिस नागरत्ना ने दिया सुझाव**

जस्टिस नागरत्ना ने सुझाव दिया कि राज्य परामर्श के दौरान अपनी शर्तें रख सकता है, जिनमें दो-भाषा नीति का पालन और वित्तीय बकाया का भुगतान शामिल है. उन्होंने कहा कि केंद्र इन चिंताओं पर विचार करेगा. वहीं जस्टिस आर महादेवन ने कहा कि परामर्श के दौरान सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जा सकती है।

जस्टिस नागरत्ना ने दोनों पक्षों को सार्वजनिक बयानबाजी से बचने और सीधे एक-दूसरे से बातचीत करने की सलाह दी. उन्होंने कहा, 'कृपया प्रेस या मीडिया के माध्यम से बात न करें.आमने-सामने मिलें और उनसे बात करें. हर कोई बयान जारी कर रहा है और वास्तविक व्यक्तियों के बीच कोई बातचीत नहीं हो रही है'.

कुमारी महासभा की ओर से वकील जी प्रियदर्शनी और राहुल श्याम भंडारी कोर्ट में उपस्थित हुए. कुमारी महासभा एक गैर-सरकारी संगठन है जिसकी याचिका पर हाई कोर्ट ने यह निर्देश जारी किया था।.केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज मौजूद रहे.

**क्या है मामला**

दरअसल हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि जवाहर नवोदय विद्यालय तमिलनाडु तमिल शिक्षा अधिनियम, 2006 का उल्लंघन नहीं करेंगे और राज्य को प्रत्येक जिले में दो महीने के भीतर 240 छात्रों के लिए अस्थायी आवास उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था. कोर्ट ने पाया था कि राज्य द्वारा पूर्णतः इनकार करना छात्रों के शैक्षणिक संस्थानों को चुनने के अधिकार को सीमित करता है और बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम के विपरीत है।

अपनी विशेष अनुमति याचिका में, तमिलनाडु ने तर्क दिया कि शिक्षा नीति उसके अनन्य अधिकार क्षेत्र में आती है और 2006 के अधिनियम के तहत उसकी दो-भाषा नीति नवोदय विद्यालयों द्वारा अपनाए गए तीन-भाषा फार्मूले के साथ असंगत है. हाई कोर्ट ने इस दलील को यह देखते हुए खारिज कर दिया था कि तमिल भाषी क्षेत्रों में नवोदय विद्यालयों में कक्षा आठवीं तक तमिल भाषा का प्रयोग होता है, कक्षा नौवीं और दसवीं में तमिल प्रथम भाषा के रूप में पढ़ाई जाती है और कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं में यह एक वैकल्पिक विषय के रूप में उपलब्ध है. कोर्ट ने यह भी कहा था कि केंद्र सरकार पूर्ण वित्तीय भार वहन करती है, राज्य सरकार को केवल भूमि उपलब्ध करानी होती है।

## मोदी तेरी कब्र...पर संसद में जबरदस्त हंगामा, बीजेपी ने कहा- सोनिया माफी मांगें



**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित 'वोट चोरी' विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक नारे लगाए गए, जिसने राजनीतिक विवाद को जन्म दे दिया है। वायरल वीडियो में कांग्रेस कार्यकर्ता 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी, आज नहीं तो कल खुदेगी' जैसे नारे लगा रहे थे, साथ ही 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा भी गूंज रहा था। इस मुद्दे को बीजेपी और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा में उठाया और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से माफी की मांग की। यही मुद्दा राज्यसभा में भी उठाया गया। जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस सांसदों ने बीजेपी और सरकार को सोनिया गांधी के खिलाफ पीएम मोदी और बीजेपी नेताओं द्वारा बोले गए आपत्तिजनक जुमलों की याद दिलाई। यह रैली केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर चुनावों में हेरफेर और ईवीएम हैकिंग के आरोप लगाने के लिए आयोजित की गई थी। कांग्रेस के शीर्ष नेता जैसे राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश सहित हजारों कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। पार्टी का दावा है कि यह प्रदर्शन लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए था, न कि किसी व्यक्तिगत हमले के लिए। संसद के दोनों सदनों में सोमवार को भाजपा ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया और कांग्रेस से माफी की मांग की। भाजपा सांसदों ने सदन में इस विवादास्पद नारे का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर प्रधानमंत्री के खिलाफ घृणा फैलाने का आरोप लगाया।

इस बीच, कांग्रेस ने खुद को इन नारों से अलग कर लिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता नाना पटोले ने कहा कि ऐसे नारे पार्टी के नहीं हैं और संभवतः भाजपा के लोगों द्वारा लगाए गए ताकि रैली के मुख्य मुद्दे से ध्यान हटाया जा सके। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि 'वोट चोर, गद्दी छोड़' नारा राहुल गांधी द्वारा दिया गया था, लेकिन 'कब्र खुदेगी' जैसे नारे पार्टी से जुड़े नहीं हैं। इन नारों पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा और अन्य नेताओं ने इसे प्रधानमंत्री को 'मौत की धमकी' करार दिया और कहा कि जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का असली एजेंडा चुनावी मुद्दों से ध्यान भटकाकर पीएम मोदी को निशाना बनाना है।हालांकि कांग्रेस ने इस विवादित नारे से खुद को अलग किया है। कांग्रेस का कहना है कि उनके कार्यकर्ता ऐसे नारे नहीं लगा सकते। ज़रूर यह बीजेपी की चाल है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूसे से लदा हुआ ट्रक खाई में जा गिरा, चालक की हालत नाजुक

**प्रयागराज।** बारा अंतर्गत जसरा विकासखंड में सोमवार को एक सड़क हादसा हुआ। खटंगिया गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूसे से लदा एक ट्रक बेकाबू होकर खाई में जा गिरा।इस दुर्घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भूसे से लदा हुआ ट्रक मामा-भांजा तालाब की ओर जा रहा था। खटंगिया गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचते ही चालक का संतुलन बिगड़ गया।बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार और सड़क पर हल्के मोड़ के कारण ट्रक बेकाबू होकर सड़क किनारे गहरी खाई में चला गया। जिसमे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को खाई से बाहर निकाला गया,और तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टर के अनुसार चालक की हालत फिलहाल स्थिर है, हालांकि उसे सिर और हाथ-पैर में चोटें लगी है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई,और स्थिति का जायजा ले रही है।ट्रक में लदा भूसा खाई में बिखर गया, जिससे आसपास का क्षेत्र अस्त-व्यस्त हो गया।दुर्घटना के कारण नेशनल हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से सड़क के किनारे बिखरा भूसा हटाने का काम शुरू किया गया,ताकि आवागमन सामान्य किया जा सके। कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से ट्रक को खाई से बाहर निकाला गया।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस रास्ते में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है।उनका आरोप है कि नेशनल हाईवे होने के बावजूद कई स्थानों पर संकेतक और सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। तेज रफ्तार वाहनों के कारण अक्सर हादसे हो जाते हैं जिससे लोगों की जान को खतरा बना रहता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नो इंट्री के बावजूद बाजार में ओवरलोड वाहनों के आने से यातायात बाधित, प्रशासन मौन



**प्रयागराज।** तहसील बारा अंतर्गत थाना क्षेत्र घूरपुर गौहनिया बाजार क्षेत्र में इन दिनों अवैध रूप से बालू लादकर ओवरलोड डंपरोंट्रैक्टरों का आवागमन बदस्तूर लगातार जारी है।नियमों के विपरीत बाजार क्षेत्र में नो एंट्री लागू होने के बावजूद भारी भरकम डंपर दिन-रात सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। इससे न केवल यातायात व्यवस्था चरमरा गई है,बल्कि आम जनजीवन भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। इस समस्या से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। हाल ही में नो एंट्री के समय ओवरलोड डंपरों के कारण लगे जाम में कई स्कूल बसें और ऑटो लगभग आधे घंटे तक फंसे रहते हैं। परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राएं भी समय पर अपने परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सकते। जिससे बच्चों और अभिभावकों में भारी उबाल है।भारी वाहनों के बीच से गुजर रहे बच्चों की सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय है।डंपरों से उड़ने वाली धूल से व्यापारियों का व्यवसाय भी प्रभावित हुआ है। दुकान के सामने हर समय धूल की समस्या बनी रहती है,जिससे ग्राहकों की आवाजाही कम होने लगी है।व्यापारियों ने बताया कि लगातार धूल और प्रदूषण के कारण सांस संबंधी बीमारियां आंखों में जलन और एलर्जी जैसी समस्याएं आम हो गई है। कई दुकानदार और कर्मचारी आए दिन बीमार पड़ रहे हैंलेकिन उनकी शिकायतों पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ओवरलोड डंपरों का यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। आए दिन सड़क हादसों में लोगों की जान जा रही है,फिर भी प्रशासन और पुलिस की ओर से कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है।लोगों का कहना है कि पुलिस सब कुछ देखती रहती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता ही पूरी की जाती है।इससे अवैध बालू परिवहन करने वालों के हौसलों में इजाफा हुआ है।

## थारू जनजाति के बच्चों के भविष्य से खुला खिलवाड़

**● गुरु जी नदारद, रसोई गैस घोटाला उजागर, जंगल की लकड़ी पर पक रहा मध्यान्ह भोजन**

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** सरकार भले ही मध्यान्ह भोजन योजना को बच्चों के पोषण और शिक्षा से जोड़कर उनकी सेहत व भविष्य संवारने का दावा करती हो, लेकिन शिक्षा क्षेत्र पचपेड़वा अंतर्गत भगवानपुर कोड़र के मजरे स्थित प्राथमिक विद्यालय सोनपुर में यह योजना कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है। यहां की जमीनी हकीकत सरकारी दावों की पोल खोलने के लिए काफी है। विद्यालय में तैनात गुरु जी अक्सर गायब रहते हैं। शिक्षण कार्य पूरी तरह प्रभावित है और बच्चों को पढ़ाने वाला कोई जिम्मेदार व्यक्ति नियमित रूप से मौजूद नहीं रहता। वहीं दूसरी ओर मध्यान्ह भोजन योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। स्थिति यह है कि विद्यालय में खाना बनाने वाली रसोईयां रसोई गैस के अभाव में अपने घरों से या जंगल से लकड़ी लाकर बच्चों का भोजन बनाने को मजबूर हैं।

**रसोई गैस का पैसा कहां गया?**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार द्वारा मध्यान्ह भोजन के लिए रसोई गैस का अलग से भुगतान किया जाता है, तो फिर गैस सिलेंडर क्यों नहीं है? स्थानीय सूत्रों के अनुसार गैस के नाम पर मिलने वाली धनराशि का बंदरबांट कर लिया जाता है। इसका खामियाजा थारू जनजाति के मासूम बच्चे भुगत रहे हैं, जिन्हें धुएं में बना भोजन खाने को मजबूर किया जा रहा है।

**स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों से खिलवाड़**

लकड़ी पर खाना बनाना न सिर्फ सरकारी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे बच्चों और रसोईयों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। धुएं से आंखों और फेफड़ों की बीमारियों का खतरा बना रहता है। सवाल यह भी है कि यदि जंगल से लकड़ी लाने के दौरान कोई हादसा हो जाए, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

**थारू जनजाति के बच्चों के साथ दोहरा अन्याय**

पहले ही सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े थारू जनजाति के बच्चे शिक्षा के सहारे आगे बढ़ने की उम्मीद करते हैं, लेकिन इस तरह की लापरवाही और भ्रष्टाचार उनके सपनों को कुचल रहा है। विद्यालय में न तो नियमित पढ़ाई हो रही है और न ही गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक भोजन मिल पा रहा है।



**प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायतें की गई, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस जांच हुई और न ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई। यह सवाल खड़ा होता है कि खंड शिक्षा अधिकारी, बेसिक शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन आखिर किस दबाव में चुप्पी साधे हुए हैं?

**जांच नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी**

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी शिक्षकों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वे धरना-प्रदर्शन और आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।






अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस गंभीर मामले में कब संज्ञान लेता है। क्योंकि यह सिर्फ एक विद्यालय की बदहाली की कहानी नहीं, बल्कि थारू जनजाति के बच्चों के भविष्य पर लग रहा सीधा प्रश्नचिन्ह है। मध्यान्ह भोजन योजना में भ्रष्टाचार, शिक्षा व्यवस्था पर करारा तमाचा।

## ओसा ग्राम पंचायत सचिवालय पर महीनों से लगा ताला, ग्रामीणों को तय करनी पड़ रही है, लम्बी दूरी




**प्रयागराज।** यमुनापार तहसील बारा क्षेत्र शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ओसा ग्राम पंचायत का सचिवालय पिछले कई महीनो से बंद पड़ा है।सचिवालय पर लगातार ताला लगे रहने से ग्रामीणों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत स्तर पर मिलने वाली आवश्यक सुविधाएं और सरकारी कार्य पूरी तरह से ठप हो गए हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष है।ग्रामीणों का कहना है, कि ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया था, कि स्थानीय लोगों को छोटे-मोटे कार्यों के लिए ब्लॉक कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। हालांकि, सचिवालय बंद होने के कारण ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए करीब 50 किलोमीटर दूर शंकरगढ़ ब्लाक कार्यालय जाना पड़ता है।

इस प्रक्रिया में उनका समय और धन दोनों बर्बाद होता है, जिससे विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और गरीब ग्रामीणों को सबसे अधिक कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिवालय में सहायक ऑपरेटर प्रेमचंद, ग्राम प्रधान गणेश कुमार और सम्बंधित पंचायत सचिव नियमित रूप से उपस्थित नहीं होते। यही कारण है कि पंचायत भवन आए दिन बंद ही रहता है। सचिवालय बंद होने से जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र,आय,जाति और निवास प्रमाण-पत्र जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन, आवास योजना, मनरेगा, राशन कार्ड सुधार और शिकायत निवारण जैसे आवश्यक सरकारी कार्य भी रुके हुए हैं। कई ग्रामीणों ने शिकायत किया है कि बार-बार ब्लॉक कार्यालय जाने के बावजूद उन्हें संतोषजनक समाधान नहीं मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि सचिवालय बंद होने से सरकारी योजनाओं की कोई जानकारी उन्हें नहीं हो पाती। परिणामस्वरुप, पात्र व्यक्ति भी इन सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी प्रयागराज से यह मांग किया है कि पंचायत भवन को रोजाना नियमित खुलवाने के लिए प्रेरित किया जाए।

## बवन्धर नहर सफाई में खेल! किसानों की गेहूं सिंचाई पर संकट

**● आधा-अधूरा काम कर उड़ाए जा रहे सरकारी पैसे।**

**बारा प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा बवन्धर में नहर की सफाई का कार्य इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। कागजों में चल रही नहर सफाई और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर साफ दिखाई दे रहा है। जिस नहर के भरोसे सैकड़ों किसान गेहूं की फसल की सिंचाई करते हैं, वही नहर आज आधी-अधूरी सफाई के कारण खुद बदहाली की शिकार है। स्थानीय किसानों का आरोप है कि नहर की सफाई महज औपचारिकता निभाने तक सीमित है। जगह-जगह सिर्फ ऊपर-ऊपर से मिट्टी हटाई गई है, जबकि नहर की गहराई में जमी सिल्ट जस की तस पड़ी हुई है। इसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है—नहर में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा, जिससे गेहूं की सिंचाई बाधित हो रही है और फसल सूखने की कगार पर है।किसानों का कहना है कि सरकार जहां एक ओर खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर सरकारी धन की बंदरबांट खुलेआम हो रही है। आरोप है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा जानबूझकर अधूरा काम दिखाकर सरकारी पैसे डकारने की साजिश रची जा रही है।




चुनावी माहौल में नहर सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च दिखाकर जिम्मेदार अपनी जेबें भरने में जुटे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यदि समय रहते नहर की पूरी और सही सफाई नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। बवन्धर सहित आसपास के गांवों के किसान प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि नहर सफाई कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई हो और किसानों को समय पर पानी उपलब्ध कराया जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेगा ।

### माघ मेला पुलिस कन्ट्रोल रूम- का पुलिस अधीक्षक माघ मेला ने किया उद्घाटन

**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेला-2026 को सकुशल संपन्न करने के लिए आज दिनांक 15-12-2025 को पुलिस अधीक्षक माघ मेला नीरज कुमार पाण्डेय IPS व अपर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद IAS के द्वारा माघ मेला पुलिस कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया गया 7 माघ मेला कंट्रोल रूम द्वारा भीड़ प्रबंधन सुरक्षा और आपातकालीन प्रक्रिया के लिए मेले का मुख्य केंद्र होगा। जहां पर 24×7 निगरानी, AI आधारित कैमरे, खोया पाया प्रबंध का उपयोग करके श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और सुचारू अनुभव सुनिश्चित किया जायेगा। माघ मेला पुलिस कंट्रोल रूम में 4 ग्रेड बनाए गए हैं जिससे सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में एक दूसरे से वार्ता की जा सकेगी। माघ मेला-2026 मे कंट्रोल रूम नम्बर-9454408005 होगा। उद्घाटन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक माघ मेला विजय आनंद, सहायक रेडियो अधिकारी राहुल कुमार, रेडियो अधिकारी रमानिवास पाण्डेय, प्रभारी कंट्रोल रूम अनिल कुमार सिंह एवं अन्य प्रमुख अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## कंपकंपाती ठंड में प्रशासन बेपरवाह, बारा की गांव- गलियों में अलाव नदारद

**● गरीबों की सर्द रातें बनीं सवाल, एसडीएम की जिम्मेदारी पर उठे प्रश्न।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बारा प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील अंतर्गत कई ग्राम सभाओं में कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। रात होते ही सर्द हवाएं हड्डियों में उतर रही हैं, लेकिन गांव की गलियों, चौराहों और बसावटों में वह सहारा—अलाव—कहीं नजर नहीं आ रहा, जो गरीब, मजदूर और बेसहारा लोगों के लिए जीवनरेखा होता है।

ठंड में लिपटे बुजुर्ग, आग की आस में सिकुड़ते मजदूर और ठंड से कांपते बच्चे—यही तस्वीर इन गांवों की हकीकत बयां कर रही है। ठंड का असर लगातार बढ़ता जा रहा है,मगर प्रशासनिक इंतजाम कागजों से बाहर नहीं निकल पा रहे। सवाल यह है कि जब मौसम का मिजाज पहले से ही साफ था, तो अलाव की व्यवस्था समय पर क्यों नहीं कराई गई?

ग्रामीणों का कहना है कि हर साल ठंड से पहले अलाव की व्यवस्था का दावा किया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही होती है। इस बार भी वही कहानी दोहराई जा रही है—आदेश हैं, निर्देश हैं, लेकिन आग नहीं है।

ऐसे में सबसे ज्यादा मार उन लोगों पर पड़ रही है, जिनके पास ठंड से बचने का कोई और साधन नहीं। पूरे मामले में उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तहसील स्तर से यदि समय रहते निगरानी और निर्देश दिए जाते, तो हालात इतने गंभीर नहीं होते। प्रशासन की यह सुस्ती कहीं न कहीं आम जनता पर भारी पड़ रही है। अब देखना यह है कि प्रशासन नींद से कब जागता है और बारा तहसील की गांव- गलियों में अलाव जलने की रोशनी कब दिखाई देती है, या फिर गरीबों की ठंडी रातें यूं ही सवाल बनकर प्रशासन को आईना दिखाती रहेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कप्तानगंज में आगामी विराट हिन्दू महा सम्मेलन की तैयारियां



**बस्ती।** बस्ती जिले केब्लॉक कप्तानगंज में आगामी विराट हिन्दू महा सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रहा हे इसी कड़ी में रविवार, 14 दिसंबर को जनसंपर्क के लिए बाइक यात्रा निकाली गई।यह बाइक यात्रा राम आसरे लघु माध्यमिक विद्यालय, नकटीदेई, कप्तानगंज से शुरू हुई यह यात्रा कप्तानगंज बाजार, से होते हुए वारलेस चौराहे से महराजगंज से संसारीपुर तक पहुंची जिला उपाध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने बताया की यह यात्रा का उद्देश्य लोगों को सम्मेलन के प्रति जागरूक करना और उनकी अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करना था।इस जनसंपर्क यात्रा में जिला उपाध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी विनोद चौधरी, रितेश चौधरी, गिरजेश पटेल, जितेंद्र चौधरी, सभासद राहुल चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, सीपी चौधरी, रामसुख चौधरी, शुभम शर्मा और मंगल चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने बताया कि सम्मेलन से पहले मंगलवार, 16 दिसंबर को दोपहर 2 बजे एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सावित्री मैरेज हॉल से शुरू होकर मां गायत्री इंटर कॉलेज, कप्तानगंज तक जाएगी। मुख्य विराट हिन्दू सम्मेलन बृहस्पतिवार, 18 दिसंबर को इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज, कप्तानगंज के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लालगंज के निर्माण से बालिकाओं को मिलेगी सुविधायें

**प्रतापगढ़।** ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अधिशासी अभियन्ता सुजीत राय ने बताया है कि ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा जनपद में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लालगंज में एकेडमिक हॉल एवं बालिका छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें पठन-पाठन एवं छात्रावास की सुविधायें अगले सत्र से प्रारम्भ हो जायेंगी। निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किया जा रहा है, ताकि छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

### एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन बिहार ब्लाक में 17 दिसम्बर को

**प्रतापगढ़।** जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया है कि उ0प्र0 खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड की विपणन विकास सहायता योजना (एस0सी0एस0पी0) के अन्तर्गत विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन विकास खण्ड बिहार परिसर में 17 दिसम्बर को अपरान्ह एक बजे से किया जायेगा।

### मां-पत्नी समेत मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** सौजना थानान्तर्गत ग्राम रूकवाहा में रहने वाले राजकुमार पुत्र कोमल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि रविवार को सुबह साढ़े नौ बजे गांव के रामस्वरूप पुत्र लच्छू यादव, हरसिंह व बृजभान पुत्रगण रामस्वरूप उसके घर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाव करने आयीं उसकी मां कुसुम व पत्नी रेखा के साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**दुर्घटना/हादसा**

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 4:45 बजे हनुमान गढ़ी मंदिर के पास सौजना-महरौनी रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में चंदू पुत्र दुर्जू अहिरवार (45), निवासी हनुमान गढ़ी मोहल्ला, की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक सवार अशोक कुशवाहा (42) निवासी ग्राम दलपतपुर थाना मड़ावरा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए महरौनी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बस्ती जनपद में हरैंया के महिला अस्पताल में जरूरत से ज्यादा कर्मियों की तैनाती, सीएमओ पर उठ रही अंगुलियाँ

**●अस्पताल में बिना गाड़ी के एक ड्राइवर व बिना एक्सरे मशीन के दो टेक्नीशियन हैं तैनात**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में सरकारी अस्पतालों में एक तरफ जहाँ जनपद के अन्य अस्पतालों में कर्मचारियों का टोटा है तो वहीं दूसरी ओर हरैया के महिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जरूरत से ज्यादा कर्मियों की तैनाती कर खुद ही को सवालों के घेरे में ला दिया है । जरूरत से ज्यादा तैनात कर्मचारी काम के कमी के चलते दिनरात राजनीति की रोटियाँ सेंकने में




व्यस्त रहते हैं जिससे कभी भी गुटबाजी का जिन्न बाहर निकल सकता है

प्राप्त समाचार के अनुसार हरैंया तहसील मुख्यालय पर 100 बेड का महिला अस्पताल स्थापित है जो अक्सर मीडिया की सुर्खियों में रहता है । चाहे सुविधाओं के टोटा का मामला हो या फिर अस्पताल में तैनात कर्मचारियों की लापरवाही से जुड़ा मामला हो अक्सर मीडिया में चर्चा का विषय बना रहता है । बिना एक्सरे मशीन के एक्सरे टेक्नीशियन की तैनाती को लेकर क्षेत्र में पहले से चर्चाओं का बाजार गरम था इधर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसी अस्पताल में अलग से पैथालोजी की संस्तुति / उद्घाटन करके चल रही चर्चाओं को और गति प्रदान कर दिया है । पूरे अस्पताल की व्यवस्थाओं की यदि बात करें तों अस्पताल में बिना गाड़ी के ड्राइबर की तैनाती व बिना एक्सरे मशीन के टेक्नि शियन की तैनाती तथा आवश्यकता से अधिक डाक्टरों को तैनाती देकर सीएमओ खुद सवालों के घेरे में हैं और कार्याभाव में कर्मचारी निजी व्यवसाय में मस्त हैं। नियम विरुद्ध संवदधता का लाभ जहाँ सुनील प्रधान सहायक ले रहे हैं वहीं इमरजेंसी में कोई भी मेल या फीमेल स्टाफ नर्स मौजूद नहीं रहता है । और सुरक्षाकर्मी मरीजों के साथ अपने धन उगाही में मस्त रहते हैं

### तरगुवां में चार घरों के ताले चटकाए, पीड़ितों ने चौकी पर किया प्रदर्शन

**तालबेहट।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का अब तक खुलासा न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। रविवार की रात चोरों ने तरगुवां गांव के चार घरों को निशाना बनाते हुए ताले चटका दिए। चोरी की वारदातों से आहत पीड़ित परिवारों ने सोमवार को पुलिस चौकी के सामने प्रदर्शन कर चोरों की जल्द गिरफ्तारी और खुलासे की मांग की। जानकारी के अनुसार, तरगुंवा निवासी ममता पत्नी महेश कुशवाहा के घर से 10 हजार रुपये नगद चोरी हुए। वहीं सुनीता पत्नी मुकेश रैकवार के घर से सोने-चांदी के आभूषण व 5 हजार रुपये नगद पार कर दिए गए। धनश्याम रैकवार के घर से 3 हजार रुपये नगद व जेवरात, जबकि नारायण पुत्र चैनु रैकवार के घर से सोने-चांदी के जेवरात सहित 45 हजार रुपये नगद चोरी होने की बात सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह, कोतवाली प्रभारी मनोज मिश्रा और कस्बा इंचार्ज सुधाकर पांडे मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल शुरू की। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और हर बिंदु पर जांच की जा रही है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर भी सवाल उठाते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# बेटियों के विवाह के लिये चार शिक्षक परिवारों को टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने दिया दो लाख 20 हजार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वारा जिला संयोजक प्रमोद कुमार ओझा के नेतृत्व में शिव हर्ष किसान पी.जी. कालेज के परिसर में 4 लोगो को बेटियों की शादी के लिये 55 हजार रूपये का चेक दिया गया। प्रमोद कुमार ओझा ने बताया कि यह राशि शिक्षकों द्वारा दिये गये प्रति कन्या एक रूपये की राशि पर 4 पात्रों में 55 हजार का चेक सौंपा गया। समूचे प्रदेश में 251 लोगों में यह राशि विवाह के लिये सहयोग के क्रम में दी गई है। टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला प्रवक्ता राजेश कुमार, मण्डल सह संयोजक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि केयर टीम द्वारा शिक्षकों से नाम मात्र की राशि लेकर उनके परिजनों के सुख और दुःख की स्थिति में सहायता दी जाती है। इसका पूरा श्रेय संस्थापक अध्यक्ष विवेकानन्द आर्य औरं सह-संस्थापक, सुधेश कुमार पाण्डेय, संजीव रजक का है जिनकी पहल पर अनेक ऐसे शिक्षक परिवारों को 55 लाख रूपये तक की राशि दिया जाता है जिनका किसी कारण से असमय निधन हो जाता है। अशोक कुमार यादव, पटेश्वरी प्रसाद सिंह, राजीव कुमार, मनोज कुमार उपाध्याय को जब बेटी के विवाह के लिये 55-55 हजार रूपयों का चेक सगुन के रूप में मिला तो उनके चेहरों पर मुस्कान थी। इस अवसर पर आई.टी.सेल प्रभारी रजनीश मिश्र, कन्यादान प्रभारी अवधेश कुमार, जिला सह संयोजक लक्ष्मन लाल, अमर चन्द वर्मा राहुल राव,मुरलीधर, शैलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डीजेसाउंड विवाद में मारपीट मेंएक युवक का सर फटा

**●पुलिस ने तीन के विरुद्ध किया मुकदमा दर्ज , जांच पड़ताल में जुटी परशुरामपुर पुलिसपीड़ित को मिल रहा जान से मारने की धमकी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के परशुरामपुरथाना क्षेत्र खमहरिया गांव में साउंड सिस्टम व पैसा लाने गए एक युवक को कुछ मनबढ़ो ने लाठी डंडा लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर



तीन आरोपी विरूद्ध मारपीट व गाली गलौज व जान-माल धमकी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले छानबीन कर रही है। परशुरामपुर थाना क्षेत्र खमहरिया गांव निवासी शिवकेसरी पुत्र रामनरेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनका लड़का अरून वर्मा साउंड सर्विस काम करता है। शनिवार को गांव बगल गंगाराम पुत्र घिराऊ, फूलचंद पुत्र गंगाराम, तथा इनके मौसी लड़के अर्जुन उनका साउंड सिस्टम ले गए थे। रविवार को दोपहर एक बजे उनका लड़का अरून वर्मा पैसा व सामान लाने गया तो विपक्षी गंगाराम, फूलचंद व अनुज ने गाली गलौज कर लाठी डंडा लेकर पूरी तरह से मारपीट दिया। जिससे उसका सिर फट गया। आरोपी ने जान से मारने धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी परिवार को फोन से बार बार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।दबंगों के धमकी से परिवार डरा हैं। वहीं घायल का अयोध्या दर्शन नगर अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला स्वच्छता समिति की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सबसे पहले स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचायलयों के निर्माण हेतु प्राप्त आवेदन के सापेक्ष सत्यापन की प्रगति तथा धनराशि हस्तांतरण की समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में नालों और नालियों के नियमित सफाई पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गंदगी और जल जमाव की समस्या लोगों के स्वास्थ्य पर




प्रतिकूल प्रभाव डालती है सभी ग्राम पंचायतों में समयबद्ध रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए। सामुदायिक शौचालय की स्थिति पर विशेष चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में सामुदायिक शौचालयों पर ताला ना हो। उन्होंने इन शौचालय के नियमित सफाई, रखरखाव और संचालन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई जिसमें बायोगैस प्लांट, एफएसटीपी प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा गोवर्धन योजना के तहत की जा रही गतिविधियों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने इन योजनाओं के संचालक को और अधिक प्रभावी और जनउपयोगी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, बीएसए संजय तिवारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंधविश्वास का खौफनाक खेलः तीन अज्ञात महिलाओं ने बुजुर्ग महिला को झांसे में लेकर उड़ाया मंगलसूत्र व कान की बाली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर –** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बांहपुर में अंधविश्वास और टोटके का सहारा लेकर ठगी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। तीन अज्ञात महिलाओं ने बुजुर्ग महिला को धार्मिक भय और झूठे आश्वासनों में उलझाकर उसका मंगलसूत्र और कान की बाली ठग ली। पीड़िता की बेटी ने थाने में तहरीर दे दी है, वहीं पुलिस ने संदिग्ध महिलाओं की तलाश तेज कर दी है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया जा सका था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बांहपुर निवासी बुजुर्ग महिला पूनम देवी के घर सोमवार सुबह लगभग 10 बजे तीन अज्ञात महिलाएं पहुंचीं। उस समय घर पर पूनम देवी ही मौजूद थीं। महिलाओं ने बातचीत के दौरान उन्हें विश्वास में लेते हुए परिवार पर किसी अनिष्ट साये और बीमारी का डर दिखाया। उन्होंने कहा कि विशेष टोटके से बेटे की तबीयत ठीक हो जाएगी और बेटियों को सरकारी नौकरी भी मिल सकती है।

अंधविश्वास में फंसी बुजुर्ग महिला से उन महिलाओं ने एक खाली लोटा मंगवाया। इसके बाद उन्होंने पूनम देवी का मंगलसूत्र और कान की बाली लोटे में डलवाकर उस पर कागज रख दिया और लाल धागे से कसकर बांध दिया। महिलाओं ने हिदायत दी कि इसे कोई न खोले, वरना टोटका निष्फल हो जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि अगले दिन वे स्वयं आकर लोटा खोलेंगी और आभूषण वापस निकाल देंगी। महिलाओं के जाने के कुछ देर बाद जब परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी हुई तो उन्हें संदेह हुआ। लोटा खोलने पर हकीकत सामने आई–उसमें केवल मिट्टी से ढका एक पीतल का नकली मंगलसूत्र मिला, जबकि असली मंगलसूत्र और कान की बाली गायब थीं। ठगी का एहसास होते ही परिजनों ने आसपास के गांवों में महिलाओं की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला।

पीड़िता की बेटी शालिनी दुबे उर्फ निक्की दुबे पुत्री संजय दुबे ने गोला थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में डेरा डालकर घूम रही तीन-चार संदिग्ध महिलाओं को पूछताछ के लिए उठाया है। ग्रामीणों में घटना को लेकर दहशत का माहौल है और लोग अंधविश्वास के नाम पर हो रही ठगी से सतर्क रहने की मांग कर रहे हैं। यह घटना एक बार फिर अंधविश्वास के नाम पर सक्रिय ठग गिरोहों की पोल खोलती है और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

### 17 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कोषागार कार्यालय में आयोजित होगा पेंशनर दिवस

**भदोही–** मुख्य कोषाधिकारी बृजेश सिंह ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि समस्त सम्मानित पेंशनरो को सूचित किया जाता है, शासनादेश दिनांक 26 नवम्बर 2025 के अनुपालन में जिलाधिकारी भदोही की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस का आयोजन 17.12.2025 को कलेक्ट्रेट कोषागार कार्यालय में मध्यान 12 बजे से सुनिश्चित किया गया है। जिसमें पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण / समाधान की कार्यवाही किया जाना है। उक्त बैठक में जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष स्वयं पेंशनरों के समस्याओं / समाधान हेतु उपस्थित रहेगें। जनपद के समस्त पेंशनर संगठनों से विनम्रतापूर्वक अपील की जाती है कि अधिकाधिक संख्या में त?द्दिनांक एवं समय पर कोषागार कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं सुझावों से अवगत करानें का कष्ट करें जिससे त्वरित निस्तारण एवं अमल की कार्यवाही किया जा सके।

# मतदाता सूची में गड़बड़ियों पर सपा जिलाध्यक्ष का सवाल, संशोधित सूची उपलब्ध कराने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं मृतक मतदाताओं की सूचियों में बड़ी कमियों की ओर ध्यान दिलाया है। उन्होंने मांग की है कि सूचियों में संबंधित मतदाताओं के पिता/पति का नाम और मकान नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज कराकर संशोधित सूची उपलब्ध कराई जाए। विधायक यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि बीएलओ द्वारा पार्टी के बीएलए को उपलब्ध कराई जा रही विशेष श्रेणी की मतदाता सूची में आवश्यक विवरण नहीं जोड़ा गया है। इससे इतने कम समय में स्थल सत्यापन और जांच कर पाना अत्यंत



कठिन हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति इसी प्रकार रही, तो ऐसे मतदाताओं के नाम 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में डिलीट रह जाएंगे। सपा जिलाध्यक्ष ने जिला निर्वाचन अधिकारी से तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी बूथों पर उपलब्ध सूचियों में आवश्यक विवरण जोड़कर संशोधित सूची उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी, सुचारु और समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सके।

# विकासखंड रामनगर के ग्राम पंचायत तुसायल में हो रहा भारी मनरेगा भ्रष्टाचार

**●ग्राम पंचायत तुसायल में फर्जी फोटो के सहारे से लग रही मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरीमनरेगा योजना की खुल्लम खुल्ला धज्जियां उड़ा रही महिला ग्राम प्रधान जुलेखा एवं प्रधान प्रतिनिधि तबारक खानरोजगार सेवक राजन सैनी एवं महिला मेट नसमा बेगम ही निकले ग्राम पंचायत तुसायल में भ्रष्टाचार के मास्टरमाइंड**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंकेंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा योजना को लेकर दिन प्रतिदिन नियम नियमावली में संशोधन कर सुचारू रूप से ग्राम पंचायतों में लागू कर रही है कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरों को गांव में ही घर बैठे रोजगार उपलब्ध हो सके ताकि बेरोजगार ग्रामीण रोजगार के लिए किसी देश व प्रदेश में पलायन न करें और ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यो को करके अपने परिवार का भरण पोषण करें लेकिन विकासखंड रामनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुसायल में महिला ग्राम प्रधान जुलेखा की मनमानी से मनरेगा योजना पूरी तरह फेल नजर आ रही है । रोजगार सेवक राजन सैनी एवं महिला मेट नसमा बेगम मनरेगा मजदूरों से बिना कार्य कराये चकबंध निर्माण कार्य के नाम पर 60 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी एवं फर्जी फोटो अपलोड कर लगा रहे है फर्जी हाजिरी जिसमें सचिव व तकनीकी सहायक की अहम भूमिका दिख रही हैं एवं खंड विकास अधिकारी रामनगर की भूमिका संदिग्ध लग रही है ।

रोजगार सेवक राजन सैनी व महिला ग्राम प्रधान जुलेखा की मिलीभगत से प्रतिदिन 15000 रुपये के सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है । मीडिया टीम के पड़ताल में चारों तरफ फसल बोई हुई दिखाई पड़ी चल रहे मास्टर रोड के स्थान पर घांस-फूस उगी हुई देखी गई । ग्राम पंचायत तुसायल में ना तो कोई मनरेगा कार्य चल रहा है और न ही कोई मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे हैं । ब्लाक अधिकारियों से दुरंभि संधि करके महिला ग्राम प्रधान जुलेखा सरकारी खजाने को लूटने में जुटी हुई है । पंचायत चुनाव की घोषणा होते ही महिला ग्राम प्रधान जुलेखा सरकारी धन को खाली करने में पूरी ताकत झोंक दी है जिसको लेकर जिले में तरह तरह की चर्चा चल रही है । रोजगार राजन सैनी एवं महिला मेट के द्वारा फर्जी फोटो से फोटो खींचकर मनरेगा ऑनलाइन साइड पर मनरेगा मजदूरों की फोटो अपलोड करना जांच का विषय बना हुआ है । अब देखना यह है कि खंड विकास अधिकारी रामनगर ग्राम पंचायत तुसायल में बड़े पैमाने पर चल रहे मनरेगा फर्जीवाड़ा को रोक पाते हैं या नहीं यह आने वाला वक्त और समय बताएगा फिलहाल ग्राम पंचायत तुसायल में फर्जी फोटो के सहारे भ्रष्टाचार सातवें आसमान पर है।

# पचपेड़वा में मानकहीन निर्माण का आरोप, ठेकेदार पर लूट का दावा-डीएम ने दिए जांच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** आदर्श नगर पंचायत पचपेड़वा के छोटी-बड़ी मस्जिद वार्ड में कराए जा रहे नाली निर्माण एवं इंटरलॉकिंग कार्य में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने ठेकेदार पर मानकहीन सामग्री के उपयोग और सरकारी धन की लूट का आरोप लगाया है। मामले को लेकर जिलाधिकारी बलरामपुर से शिकायत की गई है, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड में कराए गए नाली निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा मानक के विपरीत ईंटों का प्रयोग किया गया। कई स्थानों पर नई ईंटों के स्थान पर पुरानी और कमजोर ईंटें लगाए जाने का आरोप है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली निर्माण के बाद



अब इंटरलॉकिंग कार्य में भी भारी अनियमितता बरती जा रही है।

आरोप है कि जहां पुराने इंटरलॉकिंग को उखाड़कर नए सिरे से ब्रिक स्टोन तोड़कर बिछाया जाना था, वहां ठेकेदार द्वारा पुराने इंटरलॉकिंग के ऊपर ही नाममात्र ब्रिक स्टोन डालकर औपचारिकता पूरी की जा रही है। इससे न केवल कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका भी जताई जा रही है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन (भानू) के तहसील उपाध्यक्ष आलम खान ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को जिलाधिकारी बलरामपुर को फोन के माध्यम से पूरे मामले की शिकायत की है। आलम खान के अनुसार, जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी (ईओ) और जूनियर इंजीनियर (जेई) को मौके पर जाकर जांच करने के आदेश दिए हैं तथा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। आलम खान ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जिलाधिकारी के आदेश का संबंधित अधिकारी पालन करेंगे और मौके पर पहुंचकर हो रही कथित लूट व मानकहीन कार्य की निष्पक्ष जांच करेंगे। उन्होंने मांग की है कि दोषी ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए और कार्य को निर्धारित मानकों के अनुसार दोबारा कराया जाए, ताकि जनता को गुणवत्तापूर्ण सुविधा मिल सके। फिलहाल, जिलाधिकारी के निर्देश के बाद जांच को लेकर क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। अब सबकी निगाहें संबंधित अधिकारियों की रिपोर्ट और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# लूट की सूचना पुलिस जांच में पायी गयी झूठी

**●थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा फर्जी लूट की सूचना का खुलासा**

**झूठी सूचना देने वाले के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर की गयी विधिक कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** दिनांक 14.12.2025 को डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि अंकित सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम गणेशपुर थाना कोतवाली हैदरगढ़ जिला बाराबंकी का निवासी है जो पिकअप लोडर से किराना का सामान ले जा रहा था । थानाक्षेत्र शिवरतनगंज के कुसुंभी के पास तीन अज्ञात लोग बाइक से आए और मारपीट की तथा डेढ लाख रुपए छीन कर भाग गए ।

उक्त सूचना पर थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयाना करते हुए मौके पर मौजूद पिकअप लोडर ड्राइवर अंकित सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी गनेशपुर थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी व उसके साथी विनोद मिश्रा पुत्र कौशल किशोर मिश्रा निवासी राम्भी थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी से पूछताछ करते हुये विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किया गया । पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा उक्त सूचना का संज्ञान लेकर संबन्धित को आवश्यक कार्यवाही हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे।पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा उक्त घटना की गंभीरता से जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि अंकित कुमार गुप्ता पुत्र संतोष गुप्ता निवासी मो0 कुरैशी वार्ड नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी की हैदरगढ़ में किराना की दुकान है उसी दुकान का सामान पिकअप लोडर द्वारा ड्राइवर अंकित सिंह के साथ इन्हौना, शिवरतनगंज, सैमरौता आदि स्थानों पर किरानों की दुकान में सामान सप्लाई हेतु दिनांक 14.12.2025 को भेजा था । माल बिक्री का 80,150/-रुपये ड्राइवर अंकित सिंह लेकर आ रहा था । बेईमानी की नीयत से रुपये हड़पने के लिये वह अपने साथी विनोद मिश्रा के साथ योजना बनाकर गाड़ी का साइड शीशा तोड़कर छिनैती की सूचना दिया था । इस प्रकार घटना स्थल का निरीक्षण करने व दुकान मलिक एवं ड्राइवर से पूछताछ करने पर लूट की सूचना झूठी पायी गयी । तलाशी से अभियुक्त अंकित सिंह के कब्जे से 40150/-रुपये व उसके साथी विनोद मिश्रा के कब्जे से 40000/- रुपये बरामद हुआ । दुकान मलिक अंकित गुप्ता की तहरीर पर पिकअप लोडर ड्राइवर अंकित सिंह व उसके साथी विनोद मिश्रा के विरूद्ध थाना शिवरतनगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । बरामदगी के आधार पर दोनों अभियुक्तों को नियमानुसार हिरासत में लेकर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की बढोत्तरी की गयी । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गई।

# संक्षिप्त खबरें

## ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं चिकित्सा दिवस पर की बैठक



**मिश्रिख (सीतापुर)** ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं चिकित्सा दिवस पर खंड विकास अधिकारी मिश्रिख की अध्यक्षता में विकास खंड की स्वास्थ्य सखियों की मीटिंग करके उनको 70 प्लस के सभी बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनवाने वी.एच एस .एन.डी सत्र में उपस्थित रह कर टीकाकरण कराने, गर्भवती और धात्री महिलाओं एवं बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र की लाभ परक योजनाओं से आच्छादित करने से संबंधित विषयों पर समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। ज्ञातव्य है कि विकास खंड में 43 स्वास्थ्य सखियाँ है जिनका मुख्य काम स्वयं सहायता समूह को स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना है इसका मुख्य उद्देश्य है।

## बीबीएस ग्रुप ने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में आने के लिए किया आमंत्रित



**चित्रकूट:** धर्मनगरी के सीतापुर स्थित सेठ राधाकृष्णन पोद्दार इण्टर कॉलिज में सोमवार को गोष्ठी का आयोजन कर विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी गई। गोष्ठी में बीबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन प्रयागराज के काउंसलर एसपी पाल कथा संदीप सिंह ने विद्यार्थियों तकनीकी क्षेत्र में भविष्य बनाने तथा रोजगार परक शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उच्च शिक्षा में सरकार द्वारा दी जाने वाली शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को 12वीं के बाद रोजगार परख कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में प्रदान किए जाने वाले ग्रेजुएट कोर्स इंजीनियरिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट, लॉ, बीसीए, बीबीए, डी फार्मा, बी फार्मा आदि की जानकारी दी गई। साथ ही वर्ष 2002 में स्थापित संस्थान की अभी तक की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजीव पाठक सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।

## आठवें वेतन आयोग से वंचित किए जाने के विरोध में पेंशनर्स एसोसिएशन ने दिया धरना



**चित्रकूट:** आठवें वेतन आयोग से वंचित किए जाने के विरोध में पेंशनर्स एसोसिएशन ने सोमवार को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। धरने की अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग का लाभ न दिए जाने के विरोध में आज यह धरना दिया जा रहा है। सभी साथी एकजुट होकर इस लड़ाई को लड़ेंगे। सरकार द्वारा पेंशनर्स की उपेक्षा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजकरण सिंह ने कहा कि सरकार पेंशनर्स के साथ अन्याय कर रही है। जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। चैन प्रसाद ने कहा कि सरकार के इस निणर्य का विरोध करने के लिए सभी को एकजुट रहना होगा। छोटेलाल गुप्ता ने कहा कि एकता ही कर्मचारियों की शक्ति है। ऐसे में संगठन द्वारा बुलाए जाने पर सभी लोग कार्यक्रम में उपस्थित हो और संगठन को मजबूत करें। महामंत्री मोतीलाल सिंट पटेल ने कहा कि संगठन की सभी मांगे जायज है। कार्यवाहक अध्यक्ष जगबली सिंह ने कहा कि संगठन ने सरकार से तीन मांगे रखी हैं और यह सर्वथा उचित हैं। हनुमान प्रसाद शुक्ल व सूर्यकांत द्विवेदी ने कहा कि उन लोगों को उम्मीद है कि सरकार इन मांगों को पूरा करेगी। इस दौरान माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्रा, श्यामलाल, प्रताप नारायण श्रीवास्तव, राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ने भी विचार व्यक्त किए। धरने के बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। इस मौके पर प्रदुम्न सिंह, राजनेत, मुनेश प्रसाद, अश्वनी कुमार, श्रीकृष्ण पाण्डेय, रामआसरे श्रीवास्तव, बाबूलाल श्रीवास, मान सिंह, सभापति पाण्डेय, अरविन्द सिंह, अमर सिंह, अवधेश सिंह, कामता प्रसाद पाण्डेय, त्रियुगी नारायण, अखिलेश कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने सीएमओ कार्यालय का किया निरीक्षण रजिस्टर में कमी मिलने पर नाराज़गी जताई, दो पटल प्रभारियो का रोका वेतन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सोमवार को जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, खैराबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर अभिलेखों, उपस्थिति और कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया तथा लापरवाही पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने डाक डिस्पैच कक्ष, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कक्ष, नोडल अधिकारी कक्ष, जिला सर्विलांस कक्ष, लेखा अनुभाग, उप मुख्य चिकित्साधिकारी कक्ष, प्रशासनिक अधिकारी कक्ष और मेडिकल अनुभाग कक्ष का निरीक्षण किया डाक डिस्पैच कक्ष में पहुंचकर उन्होंने डिस्पैच रजिस्टर और डाक रजिस्टर का अवलोकन किया, जहां रजिस्टरों में कई त्रुटियां पाई गई इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए वहीं लिपिक कमल हसन के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने उसका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कक्ष के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी डॉ. विकास अनुपस्थित मिले इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने और स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित जे.ई. को निर्देशित किया कि वे सप्ताह में कम से कम एक दिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से बैठें मेडिकल अनुभाग कक्ष में रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो चिकित्सक मुख्यालय छोड़कर बाहर निवास कर रहे हैं उन्हें मुख्यालय पर ही निवास करने के लिए कार्यालय आदेश जारी किया जाए आदेश का पालन न करने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी जानकारी ली लेखा अनुभाग के निरीक्षण के दौरान भुगतान संबंधी रजिस्टर, अन्य अभिलेख और वर्तमान बजट की जानकारी ली गई कैशबुक रजिस्टर में त्रुटि पाए जाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्वयं रजिस्टरों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए साथ ही लेखाकार मनीष कुमार को चेतावनी पत्र जारी करने के आदेश दिए गए निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे!!

## मलिहाबाद में कांग्रेस के लिए दिन-रात जुटे परवेज़ रमज़ी ख़ान



**मलिहाबाद।** भक्तियान नगर के पूर्व प्रधान एवं पूर्व बीडीसी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पोते परवेज़ रमज़ी ख़ान इन दिनों कांग्रेस पार्टी के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सक्रिय हैं। क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से वे दिन-रात जनसंपर्क, बैठकों और कार्यक्रमों में जुटे हुए हैं। परवेज़ रमज़ी ख़ान का कहना है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार की विरासत उन्हें जनता की सेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देती है। इसी भावना के तहत वे कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। स्थानीय कार्यकर्ताओं के अनुसार, परवेज़ रमज़ी ख़ान की सक्रियता से पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिल रहा है और मलिहाबाद क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूती मिल रही है।

# उत्तर प्रदेश के आवाहन पर जिला मुख्यालय पर धरना



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में प्रदेश व्यापी संघर्ष के अंतर्गत सेवानिवृत्ति कर्मचारी एवं शिक्षक समन्वय समिति, उत्तर प्रदेश तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के आवाहन पर जिला मुख्यालयों पर धरना। आठवें वेतन आयोग में पेंशन पुनरीक्षण आदि मांगों को लेकर राजधानी लखनऊ में स्व. बी.एन. सिंह की प्रतिमा (निकट के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम मेट्रो स्टेशन) पर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमरनाथ यादव के नेतृत्व में धरना। धरना के समापन अवसर पर स्वयं 4:00 बजे एसीपी के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। डा. आर.पी. मिश्र-प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता एवं संरक्षक, लखनऊ, प्रदेशीय मंत्री, अनिल शर्मा-जिलाध्यक्ष, महेश चंद्र-जिलामंत्री, आर.पी. सिंह- कोषाध्यक्ष आलोक पाठक-आय-व्यय निरीक्षक, डा. मीता श्रीवास्तव-सदस्य राज्य कार्यकारिणी उपस्थित रहे।

# स्नैचिंग वारदात के 36 घंटे बाद भी पुलिस के खाली हाथ बदमाश का नहीं लगा सुराग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। सरेराह महिला के कुंडल नोचने की सनसनीखेज वारदात के 36 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस बदमाशों तक नहीं पहुंच सकी है और न ही अब तक उनका कोई सुराग लगा है घटना के बाद से पीड़ित परिवार में दहशत और लोगों में आक्रोश बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, लखीमपुर जनपद के मझिगवां गांव निवासी कौशल किशोर शनिवार की शाम अपनी पत्नी सुनीता देवी और बच्चों के साथ बाइक से घर जा रहे थे। जब वे महोली-बड़ागांव रोड पर बंजरिया भट्ठे के पास पहुंचे, तभी पीछे से एक बाइक पर सवार बदमाश ने चलती बाइक के पास आकर सुनीता देवी के कानों से कुंडल नोच लिए और फरार हो गया अचानक हुई इस घटना से बाइक असंतुलित हो गई जिससे परिवार के लोग बाल-बाल बच गए।

कुंडल नोचने के दौरान महिला का कान फट गया और वह दर्द से चीख पड़ी आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार महिला के कान में गंभीर चोट आई है हालांकि अब उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही इमलिया सुल्तानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ करने की बात कही थी बावजूद इसके, 36 घंटे बीत जाने के बाद भी बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महोली-बड़ागांव रोड पर इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं लेकिन पुलिस गश्त न होने के कारण बदमाशों के हौसले बुलंद हैं घटना के बाद से क्षेत्र की महिलाओं में भय का माहौल है। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है संभावित मार्गों पर चेकिंग बढ़ा दी गई है और जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा वहीं, पीड़ित परिवार ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है!!

# नाराज़ किशोरी घर से निकली सकुशल बरामद पुलिस ने परिजनों से मिलाया

● महिला स्कूटी को गस्त के दौरान मिली किशोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में उत्तर प्रदेश पुलिस का एक सराहनीय और संवेदनशील चेहरा उस समय सामने आया, जब गश्त और चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के बाहर एक लापता किशोरी को सकुशल बरामद कर उसे उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया महिला उपनिरीक्षक स्वाति चतुर्वेदी और टीम की तत्परता और मानवीय व्यवहार से एक परिवार को बड़ी राहत मिली। जानकारी के अनुसार, किशोरी तनु गोस्वामी पुत्री संजीव कुमार, निवासी अनूपशहर, जनपद बुलंदशहर (वर्तमान पता गली नंबर-1, सूर्य विहार पार्ट-3, फरीदाबाद, हरियाणा), उम्र लगभग 15 वर्ष, घर से नाराज़ होकर निकल आई थी किशोरी सोमवार रात करीब 12 बजे रेलवे जंक्शन सीतापुर के बाहर चेकिंग के दौरान उपनिरीक्षक स्वाती चतुर्वेदी अपने हमराह कांस्टेबल कुलदीप कुमार और कांस्टेबल ओम प्रकाश के साथ गश्त कर रही थीं।

इसी दौरान रेलवे स्टेशन के पास एक किशोरी अकेली और परेशान हालत में खड़ी दिखाई दी पुलिस टीम ने उससे बातचीत की, लेकिन शुरुआत में वह कुछ भी बताने से हिचक रही थी महिला उपनिरीक्षक ने धैर्य और स्नेहपूर्वक समझाया, जिसके बाद किशोरी ने बताया कि वह घर से नाराज़ होकर चली आई है। पूछताछ के दौरान उसने अपने बड़े मामा का नाम, पता और फोन नंबर उपलब्ध कराया पुलिस द्वारा तत्काल दूरभाष के माध्यम से मामा से संपर्क किया गया और फिर किशोरी के पिता संजीव कुमार से भी बातचीत की गई। इसके बाद सुरक्षा और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नाबालिग किशोरी को वन स्टॉप सेंटर में दाखिल कराया गया जहां उसकी देखरेख की गई सोमवार को किशोरी के पिता सीतापुर कोतवाली पहुंचे। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने किशोरी को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। इस पूरे प्रकरण में महिला उपनिरीक्षक स्वाती चतुर्वेदी और उनकी टीम की संवेदनशीलता, सतर्कता और मानवीय दृष्टिकोण की स्थानीय लोगों ने सराहना की है!!

# मोहनलालगंज ब्लाक में ग्राम पंचायत सचिवों का शांतिपूर्ण सत्याग्रह जारी, 28 डीएससी/डोंगल सामूहिक रूप से किए जमा

● ......ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली व अतिरिक्त विभागीय कार्यों के विरोध में सचिवों का आंदोलन तेज, मांगें पूरी न होने पर जताया रोष।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज/लखनऊ** राजधानी लखनऊ के विकासखण्ड मोहनलालगंज में प्रांतीय कार्यकारिणी के आवाहन पर ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने तथा मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्य कराए जाने के विरोध में सांकेतिक एवं शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन लगातार जारी है। इस संबंध में पूर्व में दिनांक 05 दिसंबर 2025 को ज्ञापन प्रेषित कर आंदोलन के बिंदु संख्या 01 से 05 तक के परिपालन की मांग की गई थी, लेकिन 15 दिसंबर 2025 तक किसी भी मांग पर शासन-प्रशासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे ग्राम पंचायत सचिवों में भारी असंतोष व्याप्त है। मांगें पूरी न होने से आक्रोशित सभी ग्राम पंचायत सचिवों ने आज सामूहिक रूप से अपना-अपना डीएससी/डोंगल संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करते हुए कुल 28 अदद डोंगल जमा कर दिए। सचिवों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह कदम पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से उठाया गया है और जब तक उनकी न्यायोचित मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। सचिवों ने संबंधित अधिकारी से विनम्र निवेदन किया कि पूर्व से सूचित इस शांतिपूर्ण आंदोलन के दृष्टिगत आंदोलन अवधि तक डोंगल अपने पास सुरक्षित रखते हुए संपूर्ण प्रकरण से उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर न्यायोचित कार्रवाई हेतु पत्र प्रेषित किया जाए, जिससे ग्राम पंचायत सचिवों की समस्याओं का शीघ्र समाधान निकल सके।

# मिशन शक्ति टीम की अगुवाई कर रहीं उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी का स्थानांतरण, क्षेत्र में बनी विशेष पहचान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर/महराजगंज** तराई थाना महाराजगंज तराई में मिशन शक्ति अभियान की सफलतापूर्वक अगुवाई कर रहीं उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी का स्थानांतरण कर दिया गया है। उनके स्थानांतरण को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा उन्हें थाना कोतवाली नगर अंतर्गत पीपल तिराहा पुलिस चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। 2023 बैच की उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी इससे पूर्व थाना हरैया तथा थाना महाराजगंज तराई में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं और हाल ही में उन्होंने नए दायित्व का कार्यभार ग्रहण किया है। थाना महाराजगंज तराई में तैनाती के दौरान उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी ने अपने सरल, सौम्य और अनुशासित व्यवहार से न केवल पुलिस विभाग बल्कि आम जनता के बीच भी एक अलग पहचान बनाई। कानून के प्रति सदैव सजग रहते हुए उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से किया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उन्होंने महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों को जागरूक और सशक्त बनाने के लिए व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए, जिससे क्षेत्र में महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर सकारात्मक माहौल बना।

उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी ने विद्यालयों, ग्राम सभाओं और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा से जुड़े कानूनों तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने सरकारी कार्यों और अभियानों को समयबद्ध रूप से पूरा कर प्रशासनिक दक्षता का भी परिचय दिया, जिससे विभाग की छवि सशक्त हुई और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूती मिली।

उनकी कार्यशैली और जनसरोकारों के कारण थाना महाराजगंज तराई क्षेत्र की महिलाओं, बच्चों और आम नागरिकों के बीच उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। मिशन शक्ति के माध्यम से उन्होंने महिला



सशक्तिकरण की जो मजबूत नींव रखी, उसने समाज में सकारात्मक बदलाव की मिसाल पेश की। ऐसे में उनके स्थानांतरण की खबर से क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों में मायूसी का माहौल देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी ने निडर, संवेदनशील और जिम्मेदार पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। अब उनके नए दायित्व स्थल पीपल तिराहा पुलिस चौकी पर भी उनसे इसी प्रकार प्रभावी और जनहितकारी कार्य की अपेक्षा की जा रही है।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने गोंडा सदर विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

● ग्रामीण अंचल के पत्रकार ही अखबारों के रीड,, प्रतीक भूषण सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा:** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधि कारिओ ने ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा है।यह ज्ञापन विधानसभा क्षेत्र

गोंडा सदर के विधायक प्रतीक भूषण सिंह ,के मा ध्यम से सौंपा गया हैं।प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देश और जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी के मार्गदर्शन में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश राज्य का सबसे बड़ा पत्रकार संगठन है।यह सं गठन प्रदेश के 18 मंडलों 75 जनपदों और 551 तहसीलों में सक्रिय है।इसके बावजूद, ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को आज भी सरकारी सुविधाओं और सुरक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है।एसोसिएशन ने मांग की है कि तह सील स्तर पर मान्यता प्रदान करने की स्पष्ट व्यवस्था की जाए और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी पुराने आदेशों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए,इसके साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा के लिए जिला व तहसील स्तर पर स्थायी समिति का गठन कर नियमित बैठकें कराई जाएं।ज्ञापन में ग्रामीण पत्रकारों को आ युष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा, उ त्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा और प्रदेश स्तरीय मान्यता एवं वि ज्ञापन मान्यता समितियों में संगठन के प्रतिनि धियों को सदस्य बनाए जाने की भी मांग की ग ई है।

इसके अतिरिक्त,राजधानी लखनऊ में ग्रा मीण पत्रकार एसोसिएशन के लिए कार्यालय हेतु निःशुल्क भवन उपलब्ध कराने,ग्रामीण पत्र कार आयोग के गठन तथा पत्रकारों से जुड़े मा मलों में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने से पहले स क्षम अधिकारी द्वारा जांच कराए जाने की भी प्रमुख मांगें रखी गई हैं।महामंत्री अशोक पाठक ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार सीमित संसाधनों में कार्य करते हुए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मज बूत कर रहे हैं।यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए,तो पत्रकारिता और अधि क सशक्त होगी।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने शासन से इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक वि चार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार दुबे, मंडल महामंत्री, कप्तान सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, महामंत्री अशोक पाठक, जिला उपाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सद स्य विपिन तिवारी, मण्डल संगठन मंत्री अर्जुन प्रसाद मिश्रा, दिलीप तिवारी, ओमकार पाण्डेय, सुनील कुमार शुक्ला, श्री प्रकाश शुक्ला, दीपक कौशल,एचपी श्रीवास्तव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# महिलाओं-बच्चों के पोषण सुधार को प्रोजेक्ट संवर्धन का शुभारंभ 17 दिसंबर से

**300 पंचायत भवनों में एक साथ होंगे VHSND सत्र, हर बच्चे तक पहुंचे इस बार अभियान**

**बलरामपुर।** जनपद में महिलाओं एवं बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने तथा कुपोषण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 'प्रोजेक्ट संवर्धन' विशेष अभियान का शुभारंभ 17 दिसंबर 2025 से किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जनपद के 300 पंचायत भवनों में एक साथ वीएचएसएनडी (Village Health, Sanitation and Nutrition Day) सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन ने बताया कि अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में गुणात्मक सुधार लाना है। VHSND सत्रों के दौरान सभी पात्र लाभार्थियों का नियमित एवं पूर्ण टीकाकरण, बच्चों का वजन-लंबाई मापन, पोषण स्तर का आकलन तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। डीएम ने बताया कि सत्रों में गंभीर कुपोषित (SAM) एवं मध्यम कुपोषित (MAM) बच्चों की पहचान कर उन्हें शासन की पोषण एवं उपचार योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। चिन्हित बच्चों को पोषण परामर्श, चिकित्सकीय देखरेख एवं आवश्यकतानुसार रेफरल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि कुपोषण से मुक्ति दिलाई जा सके। अभियान के प्रभावी संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस द्वारा आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सेंसिटाइजेशन किया जा चुका है। सभी सत्रों में वजन मशीन, इन्फेंटोमीटर सहित आवश्यक माप उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से सहयोग की अपील करते हुए पंचायतों में आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु पत्र प्रेषित किया है।

मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने बताया कि सभी 300 सत्रों की निगरानी 300 नामित अधिकारियों द्वारा की जाएगी, जो पर्यवेक्षण के साथ-साथ सेवाओं की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करेंगे। सत्र पंचायत भवनों पर आयोजित होंगे, जहां टीकाकरण, आवश्यक दवाएं, कोल्ड चेन एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। VHSND सत्रों में आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की गई है, जबकि ग्राम प्रधानों की सक्रिय सहभागिता से समुदाय की भागीदारी को मजबूत किया जाएगा। सत्रों में बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं किशोरियों की पहचान कर स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पोषण परामर्श,



SAM/MAM स्क्रीनिंग एवं आवश्यकतानुसार रेफरल किया जाएगा। साथ ही पोषण एवं स्वच्छता पर व्यवहार परिवर्तन हेतु व्यावहारिक प्रदर्शन, परिवार नियोजन परामर्श तथा गर्भवती महिलाओं के लिए गोपनीय एएनसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उच्च जोखिम वाले मामलों में 48 घंटे के भीतर फॉलो-अप सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने आमजन, विशेषकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी पंचायत भवन में आयोजित VHSND सत्रों में उपस्थित होकर इस अभियान का लाभ उठाएं और जनपद को कुपोषण मुक्त बनाने में सहयोग करें। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त सीडीपीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विश्व कप नहीं, राष्ट्र का उत्सव: भारतीय स्क्वैश का स्वर्णाभिषेक

**[ स्वर्ण के स्पर्श से ओलंपिक तक: भारत का स्क्वैश महायान ]**
**[ स्वप्न, साधना और स्वर्ण: भारतीय स्क्वैश का अमर अध्याय ]**



14 दिसंबर 2025 की उस उत्साह से भरी चेन्नई की जीवंत शाम, जब एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल का शीशे से घिरा स्क्वैश कोर्ट तिरंगे की गूंज से थर्रा उठा। भारत ने खेल इतिहास में एक ऐसा अध्याय रच दिया जो केवल रिकॉर्ड पुस्तकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पीढ़ियों की स्मृतियों में स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा। यह क्षण मात्र विश्व कप जीतने का नहीं, बल्कि उस सपने की पूर्णता था जिसे भारतीय स्क्वैश वर्षों से संजोए हुए था।

टॉप सीड हांगकांग चीन को फाइनल में एकतरफा 3-0 से परास्त कर भारत न सिर्फ विश्व चैंपियन बना, बल्कि इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर अधिकार जमाने वाला एशिया का पहला देश भी। यह जीत साहस, रणनीति, धैर्य और अदम्य इच्छाशक्ति की सामूहिक विजयगाथा थी। यह खिताब इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि भारत पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहा। ग्रुप स्टेज में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को 4-0 से रौंदना हो, क्वार्टर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से बाहर करना हो, सेमीफाइनल में दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन मिस्र को बिना एक भी मैच गंवाए हराना हो, या फाइनल में हांगकांग जैसी मजबूत टीम को पूरी तरह निष्प्रभावी करना—हर चरण में भारत ने अपनी सर्वोच्चता स्थापित की। एक भी टाई गंवाए बिना यह अभियान भारत को ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र के बाद विश्व कप जीतने वाला केवल चौथा देश बनाता है, और एशिया में उसे निर्विवाद अग्रदूत के रूप में स्थापित करता है। फाइनल की शुरुआत भारत की अनुभवी योद्धा, 39 वर्षीय जोशना चिनप्पा से हुई। विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर होने के बावजूद उन्होंने 37वीं रैंकिंग वाली का यी ली को 7-3, 2-7, 7-5, 7-1 से पराजित कर अनुभव की शक्ति का सशक्त प्रमाण दिया। तीसरे गेम में निर्णायक क्षणों में धैर्य और रणनीति से बाजी पलटना और चौथे गेम में प्रतिद्वंद्वी को महज एक अंक पर रोक देना—यह प्रदर्शन केवल तकनीकी श्रेष्ठता नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता की जीत था। चेन्नई की अपनी बेटी जोशना घरेलू दर्शकों के जोशीले समर्थन से प्रेरित दिखीं और उन्होंने इसे अपने करियर की शीर्ष पाँच प्रस्तुतियों में शामिल बताया। यह जीत उस खिलाड़ी की कथा थी जिसने उम्र को कभी अपनी सीमा नहीं बनने दिया। इसके बाद जब अभय सिंह कोर्ट पर उतरे, तो मुकाबले की गति ही बदल गई। युवा जोश और निर्भीक आक्रमण उनके हर शॉट में झलक रहा था। विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज अभय ने हांगकांग के एलेक्स लाउ को महज 19 मिनट में 7-1, 7-4, 7-4 से सीधे गेमों में परास्त कर भारत को 2-0 की अजेय बढ़त दिला दी। उनकी जबरदस्त फिटनेस, बिजली-सी फुर्ती और निशाने पर लगते शॉट्स ने प्रतिद्वंद्वी को पलटवार का अवसर तक नहीं दिया। चेन्नई के इस स्थानीय नायक ने जीत को 'अविश्वसनीय' बताते हुए कहा कि दर्शकों का अपार स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। निर्णायक मुकाबले में 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने उतरते ही यह जता दिया कि भारतीय स्क्वैश का भविष्य कितना उज्ज्वल है। विश्व रैंकिंग में 28वें स्थान पर काबिज इस युवा सनसनी ने एशियन चैंपियन टोमाटो हो (रैंक 31) को 7-2, 7-2, 7-5 से पराजित कर खिताब पर अंतिम मुहर लगा दी। पहले दो गेमों में उनका दबदबा और तीसरे गेम में दबाव के क्षणों में दिखाया गया संयम असाधारण था। महज 16 मिनट में दर्ज इस जीत ने स्पष्ट कर दिया कि वह केवल एक प्रतिभा नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की नेतृत्वकर्ता है। टीम के चौथे सदस्य वेलवन सेंथिलकुमार को कोर्ट पर उतरने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी—इतनी निर्णायक थी भारतीय टीम की बढ़त। यह विजय अनेक अर्थों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। वर्ष 2023 में इसी वेन्यू पर भारत ने जहां कांस्य पदक हासिल किया था, वहीं महज दो वर्षों के भीतर उसी मंच पर स्वर्ण तक पहुंचना भारतीय स्क्वैश के तेज़ और ठोस विकास का सशक्त प्रमाण है। कोच हरिंदर पाल संधु ने इसे 'उच्च दबाव में परफेक्ट प्रदर्शन' करार दिया—ऐसा प्रदर्शन जिसमें रणनीति की स्पष्टता, अनुशासन की गहराई और आत्मविश्वास की चमक एक साथ दिखाई दी। यह जीत भारतीय खेल तंत्र की उस परिपक्वता को रेखांकित करती है, जहां लक्ष्य अब केवल प्रतिस्पर्धा करना नहीं, बल्कि निरंतर वर्चस्व स्थापित करना बन चुका है। सबसे महत्वपूर्ण यह कि स्क्वैश 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदार्पण करने जा रहा है। विश्व चैंपियन के रूप में भारत अब केवल प्रतिभागी नहीं, बल्कि ओलंपिक पदक का प्रबल दावेदार होगा। यह ट्रॉफी खेल की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी, संसाधनों और फंडिंग के नए द्वार खोलेगी और देशभर से युवा प्रतिभाओं को आगे आने की प्रेरणा देगी। सौरव घोसल से जोशना चिनप्पा तक, और अब अनाहत सिंह व अभय सिंह की नई पीढ़ी तक—भारतीय स्क्वैश की यह यात्रा संघर्ष, निरंतरता और प्रेरणा की जीवंत मिसाल है। चेन्नई की उस शाम ने यह स्पष्ट कर दिया कि स्क्वैश, जिसे कभी सीमित दायरों का खेल माना जाता था, आज भारतीय खेल संस्कृति का सशक्त और अभिन्न अंग बन चुका है। अनुभव और युवा जोश का यह अद्भुत संगम अब केवल एशिया तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे विश्व को चुनौती देने की क्षमता रखता है। यह विश्व कप किसी अध्याय का अंत नहीं, बल्कि एक भव्य शुरुआत है—ओलंपिक की ओर बढ़ते भारत के कदम अब और तेज़, और कहीं अधिक दृढ़ हो चुके हैं। भारत का यह स्क्वैश क्राउन केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि उस स्वर्णिम युग की घोषणा है, जिसमें भारत स्क्वैश के नए सिकंदर के रूप में उभर कर सामने आया है।

**प्रो. आरके जैन**

# भारतीय विदेश नीति का एक दशक, राजनीतिक, सामरिक और वैचारिक परिपक्वता की मजबूत पृष्ठभूमि

पिछले एक दशक में भारतीय विदेश नीति ने जिस प्रकार वैश्विक संतुलन में अपनी सशक्त, सक्रिय और विश्वसनीय उपस्थिति दर्ज कराई है, वह वर्तमान वैश्विक उथल-पुथल, रूस यूक्रेन युद्ध, अमेरिका चीन रणनीतिक प्रतिस्पर्धा, पश्चिम एशिया में अस्थिरता तथा पाकिस्तान की आंतरिक-बाह्य राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है, क्योंकि इन सभी संदर्भों में भारत ने भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के बजाय विवेकपूर्ण, हित-आधारित और दीर्घकालिक दृष्टि से संचालित विदेश नीति का परिचय दिया है। अमेरिका के साथ भारत के संबंध बीते वर्षों में रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक विकसित हुए हैं, जहाँ रक्षा सहयोग, इंडो-पैसिफिक रणनीति, क्वाड मंच, सेमीकंडक्टर, उच्च प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और आपूर्ति शृंखला विविधीकरण जैसे क्षेत्रों में सहयोग ने दोनों देशों को निकट लाया है, किंतु इसके साथ ही भारत ने यह स्पष्ट रखा है कि वह किसी भी सैन्य गुट का औपचारिक हिस्सा बने बिना अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखेगा। रूस के साथ भारत के संबंध वर्तमान वैश्विक संदर्भ में भारतीय विदेश नीति की संतुलनकारी क्षमता का सबसे बड़ा उदाहरण हैं, क्योंकि यूक्रेन युद्ध के बाद जब पश्चिमी देशों ने रूस को अलग-थलग करने का प्रयास किया, तब भारत ने संवाद और व्यावहारिक सहयोग का मार्ग चुना, ऊर्जा सुरक्षा के लिए रियायती दरों पर तेल आयात, रक्षा आपूर्ति की निरंतरता और बहुपक्षीय मंचों पर संतुलित रुख अपनाकर भारत ने यह सिद्ध किया कि उसकी नीति किसी दबाव में नहीं बल्कि राष्ट्रीय हित और वैश्विक स्थिरता के विचार से संचालित होती है। अमेरिका और रूस के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद दोनों के साथ भारत के मजबूत संबंध यह दर्शाते हैं कि भारत अब केवल संतुलन साधने वाला नहीं बल्कि संतुलन बनाने वाला देश बन चुका है। चीन के संदर्भ में भारत की विदेश नीति और भी अधिक निर्णायक दिखाई देती है, क्योंकि सीमा विवाद, सैन्य गतिरोध और रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद भारत ने आर्थिक निर्भरता को नियंत्रित करने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और समान विचारधारा वाले देशों के साथ सहयोग बढ़ाने की नीति अपनाई है, जिससे चीन को यह स्पष्ट संदेश गया है कि भारत शक्ति संतुलन के किसी भी प्रयास में अपने हितों की अनदेखी नहीं करेगा। पाकिस्तान के साथ संबंधों में भारत ने बीते एक दशक में निर्णायक परिवर्तन किया है, जहाँ संवाद को आतंकवाद से जोड़ते हुए यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जब तक सीमा पार आतंकवाद जारी रहेगा तब तक सामान्य संबंध संभव नहीं हैं, वर्तमान समय में पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली, राजनीतिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर घटती विश्वसनीयता के बीच भारत ने न तो आक्रामक बयानबाजी की है और न ही अनावश्यक हस्तक्षेप, बल्कि क्षेत्रीय शांति और विकास के अपने दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी है, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भारत की परिपक्व छवि और सुदृढ़ हुई है। व्यापारिक और आर्थिक मोर्चे पर भारत ने अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ निवेश, तकनीक और बाजार तक पहुँच को बढ़ाया है, रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा सहयोग को बनाए रखा है और एशिया, अफ्रीका व लैटिन अमेरिका में विकास साझेदारी के माध्यम से अपनी आर्थिक कूटनीति का विस्तार किया है, जिससे भारत वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरा है। सांस्कृतिक और मानवीय स्तर पर योग, आयुर्वेद, भारतीय सिनेमा, शिक्षा और प्रवासी भारतीय समुदाय ने भारत की सॉफ्ट पावर को मजबूत किया है, वहीं संकट के समय मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों में भारत की सक्रियता ने उसे एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया है। बहुपक्षीय मंचों पर भारत ने रूस-पश्चिम तनाव, अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा और विकासशील देशों की चुनौतियों के बीच सेतु की भूमिका निभाने का प्रयास किया है, जी-20 की अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल साउथ की चिंताओं को वैश्विक एजेंडे में स्थान देकर भारत ने यह दिखाया कि उसकी विदेश नीति केवल राष्ट्रीय नहीं बल्कि वैश्विक नैतिक जिम्मेदारी का भी वहन करती है। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, निर्यात और समुद्री सुरक्षा में भारत की भूमिका ने उसे इंडो-पैसिफिक से हिंद महासागर क्षेत्र तक एक स्थिरता प्रदाता के रूप में प्रस्तुत किया है। इस प्रकार वर्तमान वैश्विक संदर्भ में रूस, अमेरिका, चीन और पाकिस्तान जैसे जटिल कारकों के बीच भारतीय विदेश नीति की आशातीत सफलता इस तथ्य में निहित है कि भारत ने न तो किसी का विरोध अपनी पहचान बनाया और न ही किसी का अंधानुकरण, बल्कि संतुलन, संवाद और दृढ़ता के साथ एक ऐसी स्वतंत्र राह चुनी है जो आने वाले समय में भारत को वैश्विक शक्ति संतुलन का अनिवार्य स्तंभ बनाने की क्षमता रखती है।

**संजीव ठाकुर**

# भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन देशों की यात्रा और भारत की कूटनीतिक दिशा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चार दिन की विदेश यात्रा भारत की बदलती वैश्विक भूमिका और बहुआयामी कूटनीति को रेखांकित करती है। इस यात्रा के दौरान वे जॉर्डन एथियोपिया और ओमान की यात्रा करेंगे। पश्चिम एशिया और अफ्रीका के इन देशों के साथ भारत के रिश्ते केवल औपचारिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं बल्कि व्यापार ऊर्जा रक्षा सांस्कृतिक सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे अहम आयामों से जुड़े हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब वैश्विक राजनीति अस्थिरता के दौर से गुजर रही है और भारत एक संतुलित तथा भरोसेमंद साझेदार के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय साझेदारी को नई दिशा देना है। जॉर्डन के साथ राजनीतिक संवाद को मजबूत करना एथियोपिया के साथ विकास और अफ्रीकी सहयोग को विस्तार देना और ओमान के साथ ऐतिहासिक तथा रणनीतिक रिश्तों को नई ऊंचाई पर ले जाना इस दौरे के प्रमुख लक्ष्य हैं। 17 18 को प्रधानमंत्री ओमान सल्तनत का रुख करेंगे जहां ऊर्जा व्यापार और समुद्री सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेष ध्यान रहेगा। जॉर्डन भारत के लिए पश्चिम एशिया में एक अहम और भरोसेमंद मित्र देश रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। भारत और जॉर्डन के रिश्ते आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित हैं। दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ एक जैसी सोच रखते हैं और क्षेत्रीय शांति के पक्षधर हैं। राजनीतिक स्तर पर नियमित संवाद ने इन संबंधों को स्थायित्व दिया है। व्यापार के क्षेत्र में जॉर्डन के साथ भारत का रिश्ता धीरे धीरे मजबूत हुआ है। भारत जॉर्डन से मुख्य रूप से फॉस्फेट और पोटाश जैसे खनिज आयात करता है जो भारतीय कृषि और उर्वरक उद्योग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा जॉर्डन से कुछ मात्रा में रसायन और खनिज आधारित उत्पाद भी भारत आते हैं। वहीं भारत जॉर्डन को दवाइयां कपड़ा इंजीनियरिंग सामान ऑटोमोबाइल पुर्जे और चावल जैसे कृषि उत्पाद निर्यात करता है। भारतीय दवा उद्योग की जॉर्डन में अच्छी पकड़ है और भारतीय कंपनियां वहां स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। रक्षा और सुरक्षा सहयोग के लिहाज से भी भारत और जॉर्डन के बीच विश्वास का वातावरण है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रशिक्षण और आतंकवाद विरोधी रणनीतियों पर संवाद होता रहा है। पश्चिम एशिया में स्थिरता के लिए जॉर्डन की भूमिका को भारत महत्वपूर्ण मानता है और फिलिस्तीन मुद्दे पर भी दोनों देशों के बीच संतुलित दृष्टिकोण देखने को मिलता है। एथियोपिया की यात्रा इस दौरे का एक विशेष पहलू है। प्रधानमंत्री मोदी एथियोपिया का दौरा करेंगे और यह उल्लेखनीय है कि वे इस देश की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। अफ्रीका के हॉर्न क्षेत्र में स्थित एथियोपिया एक तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है और अफ्रीकी संघ का मुख्यालय भी यहीं स्थित है। ऐसे में भारत के लिए एथियोपिया के साथ संबंध केवल द्विपक्षीय नहीं बल्कि पूरे अफ्रीका के संदर्भ में रणनीतिक महत्व रखते हैं। भारत और एथियोपिया के रिश्ते ऐतिहासिक रूप से मैत्रीपूर्ण रहे हैं। दोनों देशों के बीच उपनिवेशवाद विरोधी संघर्ष की साझा भावना रही है। व्यापारिक दृष्टि से भारत एथियोपिया से मुख्य रूप से दालें तिलहन और कुछ कृषि उत्पाद आयात करता है। इसके साथ ही चमड़ा और उससे जुड़े कच्चे माल का भी आयात होता है। एथियोपिया के कृषि संसाधन भारत की खाद्य सुरक्षा के लिए सहायक साबित होते हैं। भारत एथियोपिया को दवाइयां मशीनरी कपड़ा स्टील उत्पाद और परिवहन से जुड़े उपकरण निर्यात करता है। भारतीय कंपनियां एथियोपिया में दवा निर्माण कृषि प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास में निवेश कर रही हैं। शिक्षा और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में भी भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के तहत एथियोपिया के अनेक छात्र और अधिकारी भारत में प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं। रक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा के संदर्भ में एथियोपिया अफ्रीका में शांति अभियानों का एक प्रमुख स्तंभ है। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में एथियोपियाई सैनिकों की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। भारत इस अनुभव को साझा करने और अफ्रीका में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए एथियोपिया के साथ सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है। प्रधानमंत्री की यह यात्रा अफ्रीका के साथ भारत के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को और मजबूत करेगी। ओमान के साथ भारत के रिश्ते ऐतिहासिक और सभ्यतागत गहराई लिए हुए हैं। अरब सागर के रास्ते सदियों पुराने व्यापारिक संबंधों ने दोनों देशों को जोड़ा है। 17 18 को प्रधानमंत्री मोदी ओमान सल्तनत का रुख करेंगे जहां ऊर्जा व्यापार समुद्री सुरक्षा और निवेश जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। ओमान भारत के लिए खाड़ी क्षेत्र में एक अत्यंत महत्वपूर्ण साझेदार है। व्यापार के क्षेत्र में ओमान भारत को कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का प्रमुख आपूर्तिकर्ता रहा है। ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से ओमान की भूमिका भारत के लिए अहम है। इसके अलावा ओमान से कुछ मात्रा में पेट्रोकेमिकल उत्पाद भी भारत आयात करता है। वहीं भारत ओमान को चावल मसाले दवाइयां कपड़ा इंजीनियरिंग सामान और उपभोक्ता वस्तुएं निर्यात करता है। ओमान में भारतीय प्रवासी समुदाय भी बड़ी संख्या में मौजूद है जो दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु का काम करता है।] रक्षा सहयोग ओमान भारत संबंधों का एक मजबूत स्तंभ है। दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा और नौसैनिक सहयोग लंबे समय से चला आ रहा है। ओमान के बंदरगाहों का उपयोग भारतीय नौसेना के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षित समुद्री मार्ग सुनिश्चित करने के लिए भारत और ओमान का सहयोग बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रीय सुरक्षा के संदर्भ में ओमान एक संतुलित और मध्यस्थ भूमिका निभाने वाला देश रहा है। भारत इस संतुलन को महत्व देता है और खाड़ी क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए ओमान के साथ निरंतर संवाद में रहता है। निवेश के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच नए अवसर तलाशे जा रहे हैं खासकर ऊर्जा नवीकरणीय स्रोत और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा भारत की बहुपक्षीय और संतुलित विदेश नीति का प्रतिबिंब है। जॉर्डन के साथ पश्चिम एशिया में राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग एथियोपिया के साथ अफ्रीका में विकास और साझेदारी और ओमान के साथ खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा तथा समुद्री सुरक्षा भारत की प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं। इन तीनों देशों के साथ भारत का रिश्ता केवल व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि यह साझा मूल्यों और दीर्घकालिक रणनीतिक हितों पर आधारित है। इस दौरे से भारत की वैश्विक छवि एक ऐसे देश के रूप में और मजबूत होगी जो संवाद सहयोग और आपसी लाभ की नीति पर चलता है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में यह यात्रा भारत को पश्चिम एशिया और अफ्रीका में एक जिम्मेदार और प्रभावशाली साझेदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## एम्स का चमत्कार: सर्जरी से टाइप-2 डायबिटीज गायब




भारत आज जिस चुपचाप फैलती महामारी से जूझ रहा है, वह है मधुमेह। विशेषकर टाइप-दो मधुमेह, जो अब केवल जीवनशैली से जुड़ी बीमारी नहीं रह गई है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य ढांचे पर गहरा असर डालने वाली चुनौती बन चुकी है। करोड़ों लोग रोज़ दवाइयों के सहारे जीवन जी रहे हैं, फिर भी शुगर नियंत्रण से बाहर है, अंग क्षति बढ़ रही है और इलाज आजीवन बोझ बनता जा रहा है। ऐसे समय में यदि कोई चिकित्सा पद्धति यह दावा करे कि वर्षों से दवाइयों पर निर्भर मधुमेह रोगी सर्जरी के अगले ही दिन सामान्य शुगर स्तर पर आ सकते हैं, तो यह खबर मात्र चिकित्सा नहीं, बल्कि नीति, समाज और सोच के स्तर पर बहस की मांग करती है। एम्स नई दिल्ली के सर्जरी विभाग में अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. मंजूनाथ मरुति पोल द्वारा अनियंत्रित टाइप-दो मधुमेह के मरीजों पर की जा रही मेटाबॉलिक सर्जरी इसी बहस का केंद्र है। पिछले अठारह महीनों में तीस से अधिक ऐसे मरीज, जिनकी शुगर कई दवाओं और इंसुलिन के बावजूद नियंत्रित नहीं हो रही थी, इस सर्जरी के बाद दवाओं से पूरी तरह मुक्त हो चुके हैं। यह दावा किसी चमत्कार का नहीं, बल्कि उस विज्ञान का है जिसे अब दुनिया भर में गंभीरता से लिया जा रहा है—कि मधुमेह केवल शुगर की बीमारी नहीं, बल्कि आंतों और हार्मोन से जुड़ा मेटाबॉलिक विकार है। इस सर्जरी में पेट के आकार को छोटा कर भोजन के मार्ग को बदला जाता है, जिससे वह आंत के उस हिस्से तक जल्दी पहुंचता है जहां से ऐसे हार्मोन निकलते हैं जो इंसुलिन की क्रिया को प्रभावी बनाते हैं। परिणाम यह होता है कि शुगर का नियंत्रण वजन घटने से पहले ही शुरू हो जाता है। यह तथ्य अपने आप में वर्षों से चली आ रही उस धारणा को चुनौती देता है कि मधुमेह नियंत्रण का एकमात्र रास्ता वजन कम करना और दवाइयां लेना है। यहां शरीर की जैविक प्रक्रिया को दोबारा संतुलित किया जाता है, न कि केवल लक्षणों को दबाया जाता है। लेकिन किसी भी नई चिकित्सा संभावना की तरह यह सर्जरी भी अंधी उम्मीद नहीं, बल्कि सावधानी और विवेक की मांग करती है। यह सभी मधुमेह रोगियों के लिए नहीं है। टाइप-एक मधुमेह, जो एक ऑटोइम्यून रोग है, उसमें यह सर्जरी न केवल अनुपयोगी है, बल्कि खतरनाक भी हो सकती है। इसी तरह बहुत पुरानी मधुमेह, जहां अग्न्याशय की इंसुलिन बनाने की क्षमता लगभग समाप्त हो चुकी हो, वहां भी इसका लाभ सीमित है। इसका अर्थ यह है कि यह कोई जादुई समाधान नहीं, बल्कि सही समय पर सही मरीज के लिए एक वैज्ञानिक विकल्प है। इस सर्जरी की सबसे बड़ी सामाजिक चुनौती यह है कि भारत में सर्जरी को अब भी अंतिम और डरावने विकल्प के रूप में देखा जाता है। लोग वर्षों तक दवाइयां खाते रहते हैं, अंग क्षति सहते रहते हैं, लेकिन सर्जरी शब्द से ही घबरा जाते हैं। इसके पीछे जानकारी की कमी, आर्थिक भय और चिकित्सा व्यवस्था पर अविश्वास भी है। जबकि सच यह है कि लंबे समय तक चलने वाली मधुमेह की दवाइयां, बार-बार की जांच, अस्पताल में भर्ती और जटिलताओं का खर्च कहीं अधिक होता है। यदि सही चयन के साथ यह सर्जरी अंग क्षति को रोक सकती है और मरीज को दवाओं से मुक्त कर सकती है, तो इसे केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के नजरिए से भी देखना होगा। यहां नीति निर्माताओं की भूमिका अहम हो जाती है। क्या भारत की स्वास्थ्य नीति मेटाबॉलिक सर्जरी को केवल मोटापे की सर्जरी मानती रहेगी, या इसे मधुमेह उपचार के एक विकल्प के रूप में स्वीकार करेगी? क्या सरकारी अस्पतालों में इसकी पहुंच बढ़ाई जाएगी, या यह केवल गिने-चुने शहरी केंद्रों तक सीमित रहेगी? क्या बीमा योजनाएं इसे जीवनरक्षक उपचार मानेंगी, या इसे विलासिता की श्रेणी में डालती रहेंगी? ये प्रश्न इसलिए जरूरी हैं क्योंकि मधुमेह केवल व्यक्ति की नहीं, पूरे समाज की उत्पादकता और अर्थव्यवस्था की बीमारी है। इस सर्जरी से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण पक्ष है जिम्मेदारी। सर्जरी के बाद भी मरीज को जीवनशैली, पोषण और नियमित जांच के नियमों का पालन करना होता है। यह कोई ऐसा रास्ता नहीं जहां ऑपरेशन के बाद लापरवाही की छूट मिल जाए। अनुभवी चिकित्सक बार-बार यह स्पष्ट कर रहे हैं कि गलत चयन, अधूरी जानकारी और फॉलोअप की अनदेखी इस तकनीक को बदनाम कर सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि इसे प्रचार की नहीं, प्रमाण और प्रोटोकॉल की भाषा में आगे बढ़ाया जाए। भारत जैसे देश में, जहां मधुमेह अब ग्रामीण इलाकों तक फैल चुका है, वहां इस तरह की चिकित्सा प्रगति उम्मीद की किरण है, लेकिन साथ ही चेतावनी भी। उम्मीद इसलिए कि मधुमेह को स्थायी सजा मानने की सोच बदली जा सकती है। चेतावनी इसलिए कि हर नई तकनीक के साथ अतिउत्साह और व्यावसायीकरण का खतरा भी जुड़ा होता है। जरूरत संतुलन की है—न तो इसे चमत्कार घोषित करने की, न ही डर के कारण खारिज करने की। अंततः यह सवाल केवल सर्जरी का नहीं है, बल्कि हमारे स्वास्थ्य दृष्टिकोण का है। क्या हम बीमारी को केवल दवाओं से दबाने की संस्कृति में फंसे रहेंगे, या समय रहते जड़ पर प्रहार करने वाले विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार करेंगे? एम्स में हो रहा यह कार्य संकेत देता है कि भविष्य का मधुमेह उपचार केवल गोली या इंजेक्शन नहीं, बल्कि शरीर की पूरी मेटाबॉलिक समझ पर आधारित होगा। इस संकेत को समझना, परखना और जिम्मेदारी से अपनाना ही हमारे विवेक की कसौटी है।

**महेन्द्र तिवारी**

# सिडनी में आतंकी हमले में कहर उठी मानवता,आतंक के साये में सिडनी से पहलगाम तक एक ही पीड़ा



सिडनी में हुआ आतंकी हमला न केवल निंदनीय है, बल्कि यह उस वैश्विक सच्चाई की ओर भी इशारा करता है जिसमें आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। यह घटना किसी एक देश, धर्म या समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी जड़ें उस विकृत सोच में हैं जो निर्दोष लोगों के खून से अपनी पहचान बनाना चाहती है। पहलगाम में घूमने आए निहत्थे पर्यटकों पर हमला हो या फिर सिडनी में यहूदी समुदाय के पवित्र हुंनक्का त्योहार के दौरान सामूहिक गोलीबारी।दोनों घटनाएं बताती हैं कि आतंक का कोई चेहरा नहीं होता, उसका कोई मजहब नहीं होता और उसकी कोई सीमा नहीं होती।सिडनी की घटना ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया। त्योहार का माहौल, श्रद्धा और उल्लास से भरा जमावड़ा, सैकड़ों लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं दे रहे थे।और तभी गोलियों की तड़तड़ाहट ने खुशियों को मातम में बदल दिया। इस सामूहिक गोलीबारी में 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक और व्यक्ति ने बाद में दम तोड़ दिया। बारह निर्दोष जानें और बारह परिवारों की दुनिया उजड़ गई। यह आंकड़ा महज संख्या नहीं है, बल्कि उन सपनों, उम्मीदों और रिश्तों का अंत है जो अचानक छिन गए। गोलीबारी की सूचना मिलते ही ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की तेजी और पेशेवर रवैये ने यह सुनिश्चित किया कि स्थिति और अधिक भयावह न हो। इसी बीच एक आम नागरिक की असाधारण हिम्मत सामने आई, जिसने हमलावर से भिड़कर उसकी बंदूक छीन ली। यह साहसिक कदम बताता है कि आतंक के सामने भी इंसानी जज्बा हार नहीं मानता। उस नागरिक की हिम्मत की दाद देनी होगी, क्योंकि ऐसे क्षणों में एक व्यक्ति का साहस कई जिंदगियां बचा सकता है। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमले के पीछे के मकसद की जांच जारी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमला किस उद्देश्य से किया गया था, लेकिन जिस तरह यहूदी समुदाय को त्योहार के दौरान निशाना बनाया गया, उससे आशंका गहराती है कि यह नफरत से प्रेरित हिंसा हो सकती है। घटना के बाद पुलिस को बांडी क्षेत्र के कैंपलेप परेड में एक संदिग्ध गाड़ी मिली, जिसमें हथियार होने के साथ-साथ विस्फोटक होने की भी आशंका जताई जा रही है। यह तथ्य दर्शाता है कि हमले की साजिश कितनी व्यापक और खतरनाक हो सकती थी। इस पूरी घटना में एक और चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि गोलीबारी में बाप-बेटे की संलिप्तता सामने आई। एक ही परिवार के दो लोगों द्वारा इस तरह की हिंसा को अंजाम देना समाज के लिए गंभीर चेतावनी है। यह दिखाता है कि कट्टरता और नफरत की सोच किस तरह पीढ़ी दर पीढ़ी पनप सकती है, अगर समय रहते उसे रोका न जाए। पुलिस ने यहूदी समाज को निशाना बनाने वाले आरोपियों को दबोच लिया है, लेकिन सवाल यह है कि ऐसी सोच पनपती कहां से है और इसे खत्म कैसे किया जाए। आतंकवाद आज एक नासूर बन चुका है, जो लगातार मानवता के शरीर को खोखला कर रहा है।

यह केवल गोलियों और विस्फोटों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह डर, अविश्वास और नफरत का ऐसा माहौल बनाता है, जिसमें समाज की बुनियादें हिलने लगती हैं। पहलगाम की घटना में भी निहत्थे पर्यटकों को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वे आसान लक्ष्य थे। वहां भी मकसद डर फैलाना था, संदेश देना था कि कोई भी सुरक्षित नहीं है। सिडनी और पहलगाम—दोनों घटनाएं अलग-अलग महाद्वीपों पर हुई, लेकिन उनकी पीड़ा एक जैसी है। विश्व समुदाय के लिए यह स्पष्ट संकेत है कि आतंकवाद से निपटने के लिए आधे-अधूरे प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। यह समस्या किसी एक देश की नहीं है, इसलिए इसका समाधान भी सामूहिक होना चाहिए। खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान, सीमा पार सहयोग, कट्टरपंथी विचारधाराओं के खिलाफ साझा रणनीति और आतंक को वित्तीय सहायता देने वाले नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई,ये सभी कदम अनिवार्य हैं। साथ ही, समाज के स्तर पर भी संवाद, शिक्षा और आपसी समझ को बढ़ावा देना होगा, ताकि नफरत की जमीन ही खत्म हो जाए। यह भी जरूरी है कि हम आतंकवाद को किसी धर्म या समुदाय से जोड़कर न देखें। ऐसा करना आतंकियों के मंसूबों को ही बल देता है। सिडनी में यहूदी समाज को निशाना बनाया गया, तो कल किसी और समुदाय को बनाया जा सकता है। आतंकवाद का लक्ष्य इंसानियत है, और उसकी सबसे बड़ी ताकत हमारी आपसी दरारें हैं। जब हम एक-दूसरे के दुख को अपना दुख समझते हैं, तब आतंक कमजोर पड़ता है। इस दुखद और पीड़ादायक घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि सुरक्षा केवल हथियारों और कानून से नहीं आती, बल्कि सामाजिक एकजुटता से भी आती है। जिस नागरिक ने हमलावर से भिड़कर बंदूक छीनी, उसने यह साबित किया कि साहस और मानवता अभी जिंदा है। ऐसे उदाहरण हमें उम्मीद देते हैं कि अंधेरे के बीच भी रोशनी की किरण मौजूद है। हर हाल में आतंकवाद का मुकाबला करना होगा।यह कोई नारा नहीं, बल्कि समय की मांग है। इसके लिए सरकारों को कठोर निर्णय लेने होंगे, समाज को जागरूक होना होगा और मीडिया को जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। आतंक के हर कृत्य की निंदा के साथ-साथ हमें उन कारणों पर भी विचार करना होगा, जो युवाओं को इस रास्ते पर धकेलते हैं। बेरोजगारी, पहचान का संकट, झूठा प्रचार और कट्टर विचारधाराएं इन सबका इलाज जरूरी है। सिडनी की घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए यह संकल्प लेना होगा कि हम आतंक के सामने झुकेंगे नहीं। दुनिया ने बहुत खून देख लिया है, अब वक्त है कि इंसानियत को बचाने के लिए एकजुट होकर खड़ा हुआ जाए। आतंकवाद चाहे जहां भी सिर उठाए, उसका जवाब मजबूती, समझदारी और मानवीय मूल्यों से दिया जाए।यही इस त्रासदी से निकलने का एकमात्र रास्ता है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसानों का गीडा कार्यालय पर प्रदर्शन




सहजनवां तहसील क्षेत्र के रावतपार सरया के दर्जनों की संख्या में किसानों ने गीडा द्वारा किए जा भूमि अधिग्रहण के विरोध में किसान सुनील यादव के नेतृत्व में चार सूत्रीय मांगों को लेकर विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी गीडा को ज्ञापन सौंपा गया। किसानों ने आरोप लगाया है कि 117/330 कृषि/आवासीय भूखंड भूमि को अधिसूचना विकास के नाम पर किया गया है। जिसके संबंध में किसान व्यापारी शपथ देने से मना कर चुके है।गजट संबंधी सूचना मानने से किसान पहले ही मना कर चुके है।कार्य विक्रय पर प्रतिबंध लगाकर मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। जबकि सीएम ने कहा था कि बिना किसानों की सहमति से भूमि का अधिग्रहण न किया जाय। किसानों ने मांग किया है कि भूमि अर्जन में सभी नंबरों को शून्य किया गया है। जो गलत है। अधिसूचना को निरस्त किया जाय। क्रय विक्रय पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाय। आवासीय और कामर्शियल निर्माण के लिए नक्शा दिया जाय। इस दौरान रामनगीना साहनी, उमेश यादव, पंकज सिंह, रामनयन सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरिराम यादव, देवेंद्र गुप्ता, चंद्रभान सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

### पढ़ने गया छात्र लापता, तलाश में जुटी पुलिस



**स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज व अन्य जांच-पड़ताल करने में जुटी पुलिस**

**रतनपुर/महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्रांतर्गत भगवानपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनुमानगढ़िया टोला सोहनी निवासी करन यादव (15) नौवीं कक्षा का छात्र है। शनिवार की सुबह क्षेत्र के एक इंटर कालेज में पढ़ने गया लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा। परिजन आस-पास व रिस्तेदारी में पता किए लेकिन कहीं पता नहीं चला। लापता करन यादव की मां राधा पत्नी सदानंद यादव ने मुख्यमंत्री को एक शिकायती पत्र देकर जांच-पड़ताल करने की मांग की है। वहीं भगवानपुर चौकी पुलिस ने शिकायती पत्र पाकर खोजबीन में जुटी हुई है। स्थानीय पुलिस स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में खंगालने में जुटी हुई है। इस संबंध में भगवानपुर चौकी प्रभारी जटाशंकर सिंह ने बताया कि विद्यालय में जाकर आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया है लेकिन अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। गायब बच्चे का तलाश किया जा रहा है।

### बरियारपुर में पुलिस पर मारपीट का आरोप, वीडियो वायरल, सवालों के घेरे में वर्दी

**देवरिया।** जनपद के बरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरिया मीर में पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गांव के निवासी समीम पुत्र ताहिर के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पारिवारिक विवाद के मामले में पहुंचे दरोगा और सिपाही ने पहले अभद्र भाषा का प्रयोग किया, फिर थप्पड़ जड़ दिया। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। परिजनों का कहना है कि बरियारपुर थाने में तैनात दरोगा नेपाल सिंह और सिपाही अमर सिंह बिना उकसावे मौके पर पहुंचे, मां-बहन की गालियां दीं और समीम के साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि मामला धारा 125 से जुड़ा है, जो न्यायालय में विचाराधीन है और दोनों पक्षों के बीच सुलह प्रक्रिया चल रही है। अगली सुनवाई 20 जनवरी 2026 को निर्धारित है। उधर, थाना प्रभारी बरियारपुर ने आरोपों से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि पुलिस टीम केवल नोटिस देने गई थी; गाली-गलौज या थप्पड़ की जानकारी उन्हें नहीं है। लेकिन वायरल वीडियो ने कहानी को नया मोड़ दे दिया है। अब सवाल सीधा है क्या वायरल वीडियो पर होगी ठोस कार्रवाई, या फिर मामला ठंडे बस्ते में जाएगा? देवरिया के उच्च अधिकारियों की अगली चाल पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

## ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ ग्राम सचिवों का खुला मोर्चा, डोंगल जमा कर सौंपा ज्ञापन, कार्य बहिष्कार का ऐलान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सहजनवां ब्लाक में सोमवार को ग्राम सचिवों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के आह्वान पर ब्लाक के सभी ग्राम सचिवों ने ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था का कड़ा विरोध करते हुए अपने-अपने डोंगल सहायक खंड विकास अधिकारी सहजनवां को जमा कर दिए। इसके साथ ही ग्राम सचिवों ने कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लेकर प्रशासन को स्पष्ट संदेश दे दिया कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ग्राम सचिवों का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था जमीनी हकीकत से पूरी तरह अलग है। एक ग्राम सचिव को एक नहीं, बल्कि कई-कई ग्राम पंचायतों का प्रभार दिया जाता है। ऐसे में हर पंचायत में जाकर तय समय पर ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कर पाना व्यवहारिक रूप से असंभव है। नेटवर्क की समस्या, दूर-दराज के गांव, संसाधनों की कमी और अतिरिक्त कार्यभार के चलते ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था केवल दबाव बनाने का माध्यम बन गई है।

ग्राम सचिवों ने चेतावनी दी कि ऑनलाइन हाजिरी के नाम पर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। यदि किसी कारणवश हाजिरी दर्ज नहीं हो पाती है तो अनावश्यक स्पष्टीकरण और कार्रवाई की आशंका बनी रहती है। इससे न सिर्फ कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि कर्मचारियों का मनोबल भी गिर रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनील कुमार शुक्ल, अभय कुमार, हेमंत सिंह, गौरव कुमार द्विवेदी, रामेश्वर यादव, गौतम कुमार, सुषमा चौबे, शिल्पी यादव, प्रतिमा सिंह, लोकेश कुमार, विनय कुमार और मनेंद्र कुमार निषाद प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि ऑनलाइन हाजिरी की बाध्यता समाप्त कर व्यावहारिक और जमीनी परिस्थितियों के अनुरूप व्यवस्था लागू की जाए। ग्राम सचिवों के इस कदम से ब्लाक स्तर पर विकास कार्यों के प्रभावित होने की आशंका भी जताई जा रही है। अब नजरें प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस गंभीर मुद्दे पर क्या रुख अपनाता है–संवाद से समाधान या टकराव की राह।

## टीएससीटी टीम पहुंची मृतक शिक्षामित्र स्व.भगवत के घर, सहयोग का दिया भरोसा

**ललितपुर।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) की जिला टीम द्वारा 6 फरवरी को कुत्ते के काटने के बाद रेबीज से दिवंगत हुए कंपोजिट नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरौरा के शिक्षामित्र भगवत के चिरौला (सिलावन) ब्लॉक महरौनी स्थित आवास पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने स्व.भगवत के परिजनों से मुलाकात कर असमय आयी इस परिस्थिति पर संवेदना व्यक्त की एवं जरूरी कागजी औपचारिकताओं को पूरा किया। संस्थापक एवं अध्यक्ष टीएससीटी विवेकानंद, महामंत्री सुधेश पांडेय, कोषाध्यक्ष संजीव रजक एवं जिला संयोजक आदर्श रावत ने हर परिस्थिति में सहयोग के लिए परिवार को आश्वस्त किया। परिवार ने स्व.भगवत के कुछ यादगार पल साझा किये, फिर कुछ समय तक माहौल काफी भावुक और गमगीन रहा। इस दौरान जिला संयोजक आदर्श रावत, जिला आईटी सेल प्रभारी धीरज साहू, जिला सहसंयोजक तपेश चौरसिया, अभिषेक अग्रवाल, रामेंद्र यादव, ब्लॉक संरक्षक महरौनी मनीराम मौजूद रहे।

## लीगल एड क्लीनिक का उद्घाटन, विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तथा जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में न्याय चला निर्धन के द्वार अभियान के अंतर्गत तहसील रुद्रपुर के पांच ग्राम पंचायतों नकईल, एकौना, पचरूखा, सिलहटा एवं डाला में विधिक सहायता केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज तिवारी द्वारा किया गया। क्लीनिक के शुभारंभ के पश्चात आम जनमानस को न्याय तक सरल पहुँच दिलाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज तिवारी ने सरकारी योजनाओं एवं कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वृद्धजनों के अधिकार, महिलाओं, विधवाओं एवं बच्चों से




संबंधित कानूनों तथा उनके संरक्षण के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए शोषण के विरुद्ध जागरूक किया। जरूरतमंदों को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के माध्यम से सहायता लेने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर तहसीलदार रुद्रपुर, पंचायत सचिव, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और न्याय की पहुँच को घर-घर तक पहुँचाना रहा।

## नाबालिग ट्रैक्टर चालक बना काल, दो युवकों को रौंदा- एक की मौके पर मौत, दूसरे ने अस्पताल में तोड़ा दम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी।** गोरखपुर जनपद के दक्षिणांचल क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। खजनी-गोरखपुर मुख्य मार्ग पर खजनी थाना क्षेत्र के जैतपुर के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। हादसा इतना भयावह था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुदहट थाना क्षेत्र के पचौरी गांव निवासी रामपाल चौधरी और सुबोध बाइक से गोरखपुर जा रहे थे। इसी दौरान जैतपुर के पास एक नाबालिग ट्रैक्टर चालक ने अनियंत्रित गति से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। रामपाल चौधरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल सुबोध को तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर खून बिखरा देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलने के करीब आधे घंटे बाद खजनी और गीडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सड़क के बीच शव पड़े होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने यातायात बहाल कराया।

हादसे के बाद नाबालिग ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर बिना पंजीकरण का था। क्षेत्र में अवैध और बिना रजिस्ट्रेशन वाले ट्रैक्टरों की लगातार आवाजाही को लेकर स्थानीय लोगों में पहले से नाराजगी थी, जो इस हादसे के बाद आक्रोश में बदल गई। लोगों का आरोप है कि नाबालिगों को वाहन सौंपकर खुलेआम कानून से खिलवाड़ किया जा रहा है। खजनी थाना प्रभारी जयंत सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। इधर, जैसे ही मृतकों के परिजन घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे, माहौल गमगीन हो गया। परिजनों की चीख-पुकार से हर आंख नम हो गई। यह दर्दनाक हादसा न केवल दो परिवारों की खुशियां उजाड़ गया, बल्कि प्रशासन और परिवहन व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर गया है। सवाल यही है– कब तक नाबालिग चालक और बिना पंजीकरण वाले वाहन सड़कों पर मौत बनकर दौड़ते रहेंगे?

## प्रताप सभागार में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन, राष्ट्र-संस्कृति और समरसता का दिया गया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** तारामंडल स्थित प्रताप सभागार में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन अत्यंत भव्य और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तृतीय चरण के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। पूरा सभागार 'भारत माता की जय' और राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंज उठा। सम्मेलन की अध्यक्षता धनंजय सिंह ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में संघ के प्रान्त प्रचारक प्रमुख सुशील (गोरखपुर) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अर्जुनानंद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मातृशक्ति सुधा मोदी मौजूद रहीं। कार्यक्रम



का शुभारंभ महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण के साथ किया गया।

मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में महारानी चैनमा की 500वीं जयंती, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, वंदेमातरम् के 150 वर्ष तथा गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान वर्ष का उल्लेख करते हुए भारतीय इतिहास, शौर्य और बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत की शक्ति उसकी सांस्कृतिक एकता और हिंदू समरसता में निहित है। मातृशक्ति सुधा मोदी ने कहा कि जब नारी जागृत होती है, तो राष्ट्र सशक्त होता है। वहीं मुख्य अतिथि अर्जुनानंद ने संस्कारयुक्त पीढ़ी निर्माण को राष्ट्र उन्नति का आधार बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुश्री प्रिया शुक्ला ने भजन और देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। नगर कार्यवाह आशीष एवं सह नगर कार्यवाह मनीष बख्शी ने आभार व्यक्त किया, जबकि मंच संचालन सुरेंद्र नाथ ने किया। आयोजक समिति भरवलिया बस्ती व विष्णु बस्ती के तत्वावधान में सम्पन्न यह सम्मेलन हिंदू एकता और राष्ट्रभक्ति का सशक्त संदेश देकर संपन्न हुआ।

## रोड पर जलजमाव को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**●लगातार लंबे समय से जलजमाव से नाराज ग्रामीणों ने दिया धरना प्रदर्शन की चेतावनी**

**रोड पर जलजमाव से दो लोगों का टूटा हाथ, कई लोग हो चुके हैं बुरी तरह से घायल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहरगड्डी में नाली के पानी का समुचित निकासी नहीं होने के कारण सड़क पर जल जमाव हो गया है। जल जमाव को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर आपत्ति जताई है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में पानी के निकासी को लेकर करीब एक वर्ष पूर्व नाली का निर्माण करवाया गया। निर्माण के दौरान पानी के निकासी का दिशा बदल दिया गया। जिस तरफ पानी का निकासी था उधर काफी ऊंचा कर दिया गया। आज स्थिति यह है कि वर्षो से गांव के मुख्य रोड पर गन्दे पानी का जल जमाव है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण के दौरान इसका विरोध किया गया था लेकिन ग्राम प्रधान व ब्लाक के अधिकारियों द्वारा इसे सही करवाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद भी उक्त नाली को सही नहीं करवाया गया। उक्त जलजमाव से नाराज होकर ग्रामीणों ने आवाज उठानी शुरू कर दी है। वहीं मुख्य रोड पर जल जमाव होने के कारण अब तक एक मासूम बच्ची सहित दो लोग गिरकर बुरी तरह से जख्मी हो चुके हैं तथा कई अन्य को भी चोटें आई हैं। जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहरगड्डी में नाली के पानी का निकासी नहीं होने के कारण रोड पर गन्दे पानी का जल जमाव है। स्थिति यह है कि नाली निर्माण के बाद से ही पानी का निकासी नहीं होने के कारण आज तक लगातार रोड पर जल जमाव है जिससे रोड पूरी तरह से कीचड़ से सना हुआ है। वर्षो से रोड पर जलजमाव होने के कारण ग्रामीणों को संक्रामक बिमारियों का भय सताने लगा है। मुख्य सड़क पर जल जमाव व कीचड़ से एक सप्ताह पूर्व छह वर्षीय खुशबू वर्मा पुत्री बुद्धिराम कीचड़ में फिसलकर गिर गई जिससे उसका दोनों हाथ टूट गया। वहीं छह माह पूर्व जलजमाव व कीचड़ में गिरने से करीब साठ वर्षीय रूपावती पत्नी नरेश वर्मा का भी हाथ टूट गया था। इसके अलावा करीब आधा दर्जन लोग उक्त कीचड़ भरे जल जमाव में गिरने से बुरी तरह से घायल हो चुके हैं। ग्रामीण नरेश वर्मा, जोगी वर्मा, सुदामा राममिलन, बुद्धिराम, रूपावती, सुमन, सुमित्रा आदि ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण के दौरान गांव के जिम्मेदार द्वारा नाली के पानी का दिशा बदल दिया गया, ऐसे में जिस तरफ पानी का निकासी था उधर ऊंचा कर दिया गया। पानी की निकासी नहीं होने के कारण आज वर्षो से घर के सामने पानी का जल जमाव है। ग्रामीणों ने कहा कि लगातार लंबे समय से जलजमाव होने के कारण संक्रमण का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से इसकी जांच कर समस्या के समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर समयानुसार समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सभी ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस सम्बंध में एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद ने कहा कि इसकी जांचकर शीघ्र समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।

## क्रान्तिकारी पत्रकार परिषद गोरखपुर की मासिक बैठक सम्पन्न

**●पत्रकार हितों को लेकर लिया गया अहम निर्णय, संगठन को मजबूत करने पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर-** क्रान्तिकारी पत्रकार परिषद, जनपद गोरखपुर की मासिक बैठक रविवार को नगर पंचायत गोला बाजार के वार्ड नंबर दो स्थित बर्राह चौराहा पर पत्रकार आनंद कुमार मौर्य के संपर्क कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक केंद्रीय प्रमुख के निर्देश पर प्रदेश प्रभारी बृजनाथ तिवारी के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, विस्तार और पत्रकारों के अधिकारों व हितों को लेकर विस्तृत एवं गंभीर चर्चा की गई। वक्ताओं ने



एक स्वर में कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और स्वतंत्रता के लिए एक मजबूत व संगठित मंच का होना बेहद आवश्यक है। इसी क्रम में संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक की सबसे अहम उपलब्धि संगठन के सभी सदस्यों के लिए परिचय पत्र बनवाने का सर्वसम्मत निर्णय रहा। उपस्थित सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर पूर्ण सहमति जताई। वक्ताओं ने कहा कि परिचय पत्र से न केवल संगठन की पहचान मजबूत होगी, बल्कि फील्ड में कार्यरत पत्रकारों को प्रशासनिक व सामाजिक स्तर पर भी सुविधा मिलेगी। प्रदेश प्रभारी बृजनाथ तिवारी ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं और आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए संगठन की एकजुटता जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक संगठन मजबूत नहीं होगा, तब तक पत्रकार हितों की लड़ाई पूरी मजबूती से नहीं लड़ी जा सकती। जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने संगठन के विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्य को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि क्रान्तिकारी पत्रकार परिषद पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष पद्माकर मिश्र सहित आनंद मौर्या, नौशाद खान, राजेश दीक्षित, सत्य प्रकाश शुक्ल, आकाश सिंह, महताब खान, बाबूराम समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## इटियाथोक ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक सम्पन्न, विकास प्रस्तावों को मिली मंजूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**इटियाथोक, गोण्डा।** सोमवार को इटियाथोक विकासखंड सभागार में क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में खंड विकास अधिकारी विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत क्षेत्र पंचायत के लिए श्रम बजट मद में 2 करोड़ 31 लाख रुपये तथा सामग्री मद में 1 करोड़ 54 लाख रुपये के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र पंचायत निधि अंतर्गत राजवित्त से 1 लाख 85 हजार रुपये एवं केंद्र वित्त से 2 लाख 10 हजार रुपये के प्रस्तावों को भी अनुमोदन प्राप्त हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने कहा कि डबल इंजन



सरकार के पिछले 11 वर्षों के कार्यकाल में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर सुधार हुआ है, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र की जनता को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों को खुले में शौच से मुक्त करने के लिए घर-घर शौचालयों का निर्माण कराया गया है। वहीं जल जीवन मिशन के माध्यम से पंचायतों में ओवरहेड पानी टंकी का निर्माण कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

ब्लॉक प्रमुख पूनम द्विवेदी ने बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों से विकास कार्यों को लेकर सुझाव आमंत्रित किए और सभी से समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की।

बैठक के दौरान पशु चिकित्सक निशांत यादव ने पशुपालकों को पशुपालन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। वहीं डॉ. एस.के. प्रजापति ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। एडीओ कृषि मजहर हुसैन ने किसानों को सोलर पंप योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत किसानों को 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है।बैठक में एडीओ आईएसबी वीरेंद्र कुमार सिंह, लेखाकार पंच लाल, अभिषेक श्रीवास्तव, सत्यव्रत ओझा, अजय राठौर, शैलेंद्र मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र पांडेय उर्फ लल्लू, दीप नारायण तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## अपराध नियंत्रण व तस्करी के विरुद्ध देवरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कई अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध शराब तस्करी, गैंगस्टर एक्ट, हत्या के प्रयास तथा चोरी के मामलों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की है।

**खामपार थाना क्षेत्र में अवैध शराब बरामद**

अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमान श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में थाना खामपार पुलिस ने 14 दिसंबर की सायंकाल चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल से बिहार ले जाई जा रही 8 पेटी अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद की। इस संबंध में थाना खामपार पर मु0अ0सं0 249/2025 अंतर्गत बीएनएस की विभिन्न धाराओं व आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**25 हजार का इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार**

थाना बरियारपुर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त बलराम कुमार को पश्चिम बंगाल के लेक टाउन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड पर जनपद लाकर आगे की विधिक प्रक्रिया की जा रही है। अभियुक्त पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त हिरासत में**

थाना बरियारपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित अभियुक्त भोलू यादव को मुखबिर की सूचना पर महुआनी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। मामले में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**चोरी की जीप व नाजायज चाकू बरामद**

थाना खुखुन्दू पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी की महिन्द्रा जीप व एक नाजायज चाकू बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मामले में आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई है।

**यातायात पुलिस का सघन चेकिंग अभियान**

यातायात प्रभारी श्री गुलाब सिंह के नेतृत्व में शहर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नियमों का उल्लंघन करने पर कुल 156 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों को सीज किया गया। नो-पार्किंग व सड़क पर सवारी भरने वाले वाहनों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की गई।

## मार्ग का विधायक गौरा ने विधि विधान से किया शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा** - विधानसभा गौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बनरही के मजरा तेलीपुरवा-लालपुर मार्ग के शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विधि-विधान के साथ पूजा-पाठ कर मार्ग निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया।विधायक जी ने बताया कि यह मार्ग लगभग 1800 मीटर लंबा है, जिसकी कुल लागत लगभग 108



लाख है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया तथा कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार जनता की प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत है और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक करिया मौर्य, रक्षाराम वर्मा (प्रधान), जिला पंचायत सदस्य राजन पाण्डेय, प्रधान मनोज वर्मा, अवर अभियंता रंजीत प्रजापति, राजकरण वर्मा, राम कृपाल, रामू गुप्ता, दौलत राम गुप्ता, राधेश्याम भारती, सुरेश भारती, संजय उपाध्याय, महेश चंद्र उपाध्याय, ग्रीस नंदन, पारस नाथ गुप्ता, विजय उपाध्याय, सुभाष चंद्र उपाध्याय, राजबाबू गुप्त, फूलचंद्र गुप्ता अशोक कुमार उपाध्याय, दुर्गेश भारती, रामलौटन मौर्य, मोहित तिवारी सहित बड़ी संख्या में सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण प्रारंभ



**लखीमपुर-खीरी-** ग्राम विकास संस्थान भंसारिया लखीमपुर में नव-नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 15 दिसम्बर 2025 से 08 फरवरी 2026 तक किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कुल 08 सत्रों में प्रस्तावित है, जिसके अंतर्गत 400 नव-नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों (देविका परियोजना) को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक सत्र की अवधि 07 दिवस निर्धारित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम विकास संस्थान लखनऊ से नामित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को पोषण, स्वच्छता, स्तनपान, बाल विकास एवं अन्य संबंधित विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र का उद्घाटन डॉ0 मनीष चन्द्रा जिला प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा किया गया तत्पश्चात श्याम किशोर वरिष्ठ प्रशिक्षक द्वारा कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रमोद रस्तोगी जिला समन्वयक के सहयोग से किया जा रहा है, जनार्दन मिश्रा मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण कार्य में तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की क्षमता वृद्धि कर उन्हें मातृ एवं शिशु पोषण, स्वच्छता तथा बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में अधिक दक्ष बनाना है।

## लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन भाटिया मेमोरियल ट्रस्ट की याद में फ्री लगाया गया आई शिविर कैम्प



**तिकुनियां खीरी-** ग्राम पंचायत कड़िया में लगाया फ्री मोतिया बिंदु आई शिविर कैंप जिसमें क्षेत्र के गरीब मरीजों की आंखों की जांच की गई छोटे बड़े अक्षर पढ़ाए गए जिनका ऑपरेशन की स्थिति में आना था उनका ऑपरेशन के लिए भेजा गया मोहम्मदी हॉस्पिटल उज्जैन लोगों को चश्मे की जरूरत थी उन मरीजों को फ्री में चश्मा व ड्रॉप आदि देखकर वितरित किए गए इस कैंप के मुख्य संयोजक लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन भाटिया के भाई जो कि कनाडा से आए योगेश भाटिया एवं सहयोगी के रूप में उभरे पाल इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक रमनजीत सिंह जोहर एवं विकास शुक्ला थर्ड बटालियन सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी के समनवय डांगा चौकी के सहायक कमांडेंट चेतराम नेगी ।चैरिटी आई हॉस्पिटल मोहम्मदी के डा. श्राफ एवं समस्त स्टाफ द्वारा अहम भूमिका निभाई जिसमें आस पास के जितने भी लोग आए उन सभी लोगों की आंखों की जांच डाश प्रियदर्शनी के द्वारा की गई जिनको आपरेशन की जरूरत हुई उन सभी लोगों को आपरेशन के लिए मोहम्मदी हॉस्पिटल भेजा गया जिसमें लगभग 200 से 300 लोगों की जांच हुई जिनकी आपरेशन की जरूरत हुई उन मरीजों को फ्री में हास्पिटल ले जाया गया।

## सफाई कर्मचारियों का ब्लॉक अध्यक्ष बने कृष्ण कान्त गिरि

**हलिया, मीरजापुर ।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में रविवार को हुए ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव मे 48 मतों से कृष्ण कान्त गिरि विजयी हुए । ब्लॉक अध्यक्ष के चुनाव के लिये सफाई कर्मचारियों में ब्लॉक अध्यक्ष के लिये कृष्ण कान्त गिरि व राजेश कुमार पंज ने नामांकन किया देर शाम तक प्रचार प्रसार के बाद मतदान हुआ जिसमें 116 मत कृष्ण कान्त गिरि व राजेश कुमार पुंज को 68 मत प्राप्त हुआ जिसमें 48 मतों से कृष्ण कान्त का ब्लॉक अध्यक्ष पद पर विजयी होने पर एक दूसरे का मुह मीठा कराते हुए सफाई कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने कहा कि अध्यक्ष को सभी लोगों को साथ लेकर चलना होता है सभी के सुख दुःख में खड़े रहना चाहिए अपने उत्तर दाइत्व का निर्वहन करने का कार्य नये अध्यक्ष के साथ नयी उर्जा के साथ करने की सफाई कर्मचारियों से अपील की है। जयशंकर शर्मा, राम आसरे सहित सभी सफाई कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने का विरोध प्रदर्शन कर रहे सचिवों ने डोंगल ए डी ओ पंचायत को सौंपे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**






**बरेली-** ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारीओ द्वारा प्रशासन के द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने का विरोध करते हुए अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार ग्राम पंचायत में भुगतान के लिए बनाए गए डोंगल सभी सचिवों ने संयुक्त रूप से ज्ञापन देखकर सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविकांत यादव को सौंप दिए हैं। ज्ञात रहे शासन द्वारा इनके लिए निर्देशित किया गया सभी को अपनी उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करवानी होगी इसके विरोध में उतरे ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी सभी ने इसका पुरजोर विरोध शुरू किया और कहा यदि हमारी मांगों को शासन ने नहीं माना तो हम 15 दिसंबर से अपने गांव पंचायत के डोंगल सहायक विकास अधिकारी पंचायत को सौंप देंगे । परंतु उनके विरोध प्रदर्शन के बाद भी शासन ने इनका दबाव स्वीकार नहीं किया इसी क्रम में आज भदपुरा विकासखंड में कार्य रक्त ग्राम पंचायत सचिव ग्राम विकास अधिकारियों ने संयुक्त रूप से अपने-अपने डोंगल सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविकांत यादव को सौंप दिए हैं। इसमें सम्मिलित बृजेश यादव नरेश चंद्र सागर अमित कुमार सचिन गंगवार पुष्पेंद्र सिंह सुरेंद्र कुमार विशाल दिक्षित प्रेम प्रकाश समेत अनेकों सचिव गण उपस्थित थे देखना यह है सचिवों के द्वारा छेड़ी गई जंग में शासन अपना आदेश वापस लेता है या इन सभी ग्राम पंचायत से जुड़े सचिवों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करनी होगी। साथ ही यदि सचिवों द्वारा भुगतान पूर्ति आप बंद कर दिए गए तो ग्राम पंचायत का विकास कार्य पूर्णतया थम जाएगा परंतु अभी तक ना तो सचिवों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई है ना ही प्रशासन ने इनका प्रस्ताव स्वीकार किया है।

# अजमानी इंटरनेशनल स्कूल में सजी 'नायाब ए यूनीक जर्नी विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने रचा इतिहास

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** अजमानी इंटरनेशनल स्कूल लखीमपुर खीरी में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक समारोह नायाब ए यूनीक जर्नी ने शिक्षा, संवेदना, संस्कृति और आधुनिक सोच का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। 13 एवं 14 दिसंबर को आयोजित इस भव्य आयोजन में परविंदर सिंह (यू.पी.स्टेट माइनोरिटी कमीशन) एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री श्रीमती पूनम ढिल्लो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष पहचान दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सरदार जसमीत सिंह अजमानी, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती हरविंदर कौर, डायरेक्टर ब्रह्मजीत अजमानी, प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।13 दिसंबर को कक्षा 1 से 5 एवं अजमानी किडजी के नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी रंग-बिरंगी एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से समारोह की शानदार शुरुआत की। इस अवसर पर अजमानी किडजी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'मोबाइल वाला बंदर'कार्यक्रम ने मोबाइल की बढ़ती लत पर प्रभावशाली संदेश दिया। वही 'हौसलों की उड़ान' ने आत्मविश्वास और सपनों की उड़ान को दर्शाया। देशभक्ति से ओतप्रोत अवर प्राइड जवान और किसान' प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही आसरा तथा आकर्षक टॉलीवुड डांस ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।इसके पश्चात विद्यालय के डायरेक्टर श्री ब्रह्मदीप अजमानी द्वारा विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई,जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों सह शैक्षणिक गतिविधियों, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की विस्तृत जानकारी दी गई।14 दिसंबर को कक्षा 6 से 12 के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने सामाजिक सरोकारों और सशक्त विषयों को मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। फीड द नीड़ ने सेवा और मानवता का संदेश दिया,'आसरा-एक मुस्कान' ने करुणा और संवेदनशीलता को उजागर किया, जबकि 'नारी-एक रूप अनेक'ने नारी शक्ति के विविध स्वरूपों को सशक्त अभिव्यक्ति प्रदान की। इसके अतिरिक्त देश भक्ति एवं सांस्कृतिक नृत्य,जोशीला भांगड़ा, आधुनिक रोबोट डांस, पारंपरिक घूमर, भावनात्मक नाट्य प्रस्तुतियां एवं रंगीन बॉलीवुड नाइट समारोह के प्रमुख आकर्षण रहे। प्रत्येक प्रस्तुति में कार्यक्रम की थीम ए यूनीक जर्नी स्पष्ट रूप से झलकती रही।मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम ढिल्लों ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, मंच अनुशासन एवं प्रस्तुति कौशल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।विद्यालय के चेयरमैन सरदार जसमीत सिंह अजमानी ने विद्यालय की निरंतर प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। वही मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती हरविंदर कौर, डायरेक्टर ब्रह्मदीप अजमानी एवं प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।समारोह का समापन उत्साह, उल्लास और अविस्मरणीय पलों के साथ हुआ, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों के मन में एक नायाब और प्रेरणादायक यात्रा की अमिट स्मृति छोड़ दी।

# आधी अधूरी तैयारियों के बीच लगेगा कोटार नाथ पूसी तेरस का दो दिवसीय मेला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हलिया, मीरजापुर ।** क्षेत्र के अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित प्रसिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर पर पूसी तेरस पर लगने वाले दो दिवसीय मेला आधा अधूरा तैयारियों के बीच 17 दिसम्बर से शुरू होगा प्रशासन की तरफ से मेला को लेकर अभी तक कोई तैयारियां नहीं किया गया है। पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ़ोर्स की डियूटी लगाई गई है थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव द्वारा कोटार नाथ शिव मंदिर मेला स्थल का सोमवार को निरीक्षण कर डियूटी प्वाइंट को चिन्हित किया और फ़ोर्स कि तैनाती मंगलवार को शाम से किया जाने को कहा है। जिले के अन्य थानो की पुलिस भी सुरक्षा में तैनात रहेगी। एडीओ पंचायत द्वारा साफ सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई कर्मियों की तैनाती किया गया है वही मेला क्षेत्र में सामुदायिक शौचालय क्रियाशील नहीं है जिससे मेला क्षेत्र में आने वाले भक्तों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा मेला क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए आलाव की व्यवस्था नहीं किया गया है भक्तों को मेला क्षेत्र में रुकने के लिए रैन बसेरा की व्यवस्था नहीं किया गया है विद्युत व्यवस्था के लिए केबल नहीं बदले जाने से लो बोल्टेज कि समस्या मंदिर में बनी हुई है मेला में आने वाले वाहनों को रोकने के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर वाहन खडे होने से जाम की स्थिति बनने की संभावना है। इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया की कोटार नाथ शिव मंदिर में लगने वाले दो दिवसीय मेला के साफ सफाई के लिए पंद्रह पंद्रह सफाई कर्मियों की डियूटी दो शिफ्ट में लगाई गई है सामुदायिक शौचालय को क्रियाशील कराया जा रहा है पेयजल के लिए टैंकर व मोबाइल शौचालय की व्यवस्था किया गया है। मंदिर पुजारी जै राम गिरि व शिव राम गिरि ने बताया कि पूसी तेरस पर लाखों भक्तों के आने का अनुमान है स्वयं भू कि सच्चे मन से पूजा करने पर हर मनोकामनाएं पुर्ण होती है। जिसको लेकर दुकानदार अपना स्थान ले कर सजाने में जुट गए है। ग्राम प्रधान विनोद सिंह ने बताया कि भक्तों के सुविधा के लिये वालेंटियर्स के साथ हर सुविधा का ध्यान रखा जाएगा।

# विद्या फाउंडेशन माधोपुर वाराणसी के सौजन्य से अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवश मनाया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**सीखड़, मीरजापुर ।** रविवार चौदह दिसम्बर आज विद्या फाउंडेशन, माधोपुर, वाराणसी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन विकास खण्ड अन्तर्गत खैरा ग्राम पंचायत में किया गया जहाँ पर कुल 62 दिव्यांगजन और उनके अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी कर आयोजन को सफल बनाया तथा विद्या फाउंडेशन की ओर से सरकारी सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। दिव्यांगजनो की समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। संगठन ने प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराई और दिव्यांगजन के परिवारों ने अपने अनुभव साझा किए तथा सुझाव दिए। इस अवसर पर स्थानीय समुदाय का सहयोग सराहनीय रहा विद्या फाउंडेशन की सचिव श्रीमती स्वाति ने दिव्यांगजन संगठन की महत्व पर प्रकाश डाला जबकि श्री नितेश ने भी दिव्यांगजन संगठनों की भूमिका को विस्तार से समझाया और सुझाव दिया कि दिव्यंजन संगठन (ष्ठक्कह्य) का गठन किया जाना चाहिए ताकि अन्य दिव्यांगजन भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई प्रतिभागियों को पेंशन, छात्रवृत्ति तथा कौशल विकास योजनाओं के बारे में बताया गया जिस पर दिव्यांगजन परिवारों ने इन योजनाओं को अपनाने की इच्छा व्यक्त की। आयोजन में बच्चों के लिए विशेष गतिविधियाँ कराई । वहीं विद्या फाउंडेशन ने दिव्यांगजन के अधिकारों और जागरूकता बढ़ाने का संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना था उक्त अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने मिलकर दिव्यांगजन दिवस को सफल बनाया।

# लखीमपुर-खीरी जिले कि तिकुनिया में निरंकारी मिसन का विशाल सत्संग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**तिकुनियां खीरी-** संत निरंकारी मिशन का एक विशाल सत्संग कार्यक्रम शनिवार को नेपाल-भारत सीमा स्थित तिकुनिया बाजार में आयोजित किया गया । कार्यक्रम तिकुनिया ग्राम पंचायत कोलोहरी स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में हुआ । सत्संग कार्यक्रम की अध्यक्षता संत निरंकारी मंडल अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय, दिल्ली के केंद्रीय प्रचारक डॉ. बिनोद सिंह साहेब ने की ।संत निरंकारी मंडल के प्रचार दौरे के दौरान, निरंकारी मिशन के केंद्रीय प्रचारक डॉ. बिनोद सिंह साहेब, जो भारत के जम्मू और कश्मीर में स्थायी रूप से निवास करते हैं, वह निरंकारी मिसन कि प्रचार हेतु नेपाल-भारत सीमा स्थित तिकुनिया पहुंचे हैं, यह जानकारी निरंकारी सत्संगत भवन तिकुनिया के प्रबंधक नाथुलाल सक्सेना ने दी । सक्सेना के अनुसार, मंडल की प्रचार टीम एक विशाल सत्संगत भवन के निर्माण के लिए आवश्यक जांच करने के लिए तिकुनिया आई है । चूंकि तिकुनिया क्षेत्र पश्चिमी नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, इसलिए यह कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में नेपाल को भी ध्यान में रखते हुए एक विशाल सत्संगत भवन का निर्माण किया जा सकता है । तिकुनिया में स्थित इस भवन के लिए मिशन से जुडी हुई एक महिला अनुयायी ने भूमि दान की है और वह उसी स्थान पर स्वयं सेवा कर रही हैं । महिला का कहना है कि उन्होंने स्वेच्छा से भूमि दान की है । मिशन द्वारा अपनाई जा रही समानता और विश्व बंधुत्व की भावना से प्रेरित होकर उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र वाली भूमि मिशन को दान कर दी ताकि ईश से निरंकारी मिसन के अनुयायी और यहाँ के आसपास रहने वाले अन्य समाज के लोग मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यो से लाभान्वित हो सकें और सभी के बीच प्रेम और बंधुत्व बढ़े । भूमिदान करनेवाली महिला ने कहा कि जब तक उनके शरीर में सास रहेगा, वह मिशन में निस्वार्थ रुप से सेवा करती रहेगी उनकी वाते और सेवाभाव देखकर सत्संगत कार्यक्रम में जमीन दान करने वाली महिला की हर कोई प्रशंसा कर रहा है ।कार्यक्रम में, भारत के जम्मू और कश्मीर में स्थायी रूप से निवास करने वाले मिसन के प्रचारक माहात्मा डॉ. बिनोद सिंह साहेब ने अपने प्रवचन में कहा, 'सत्संग न बड़ी है, न छोटी होती है ! सत्संग केवल सत्संग होता है ! सत्संग समस्त तीर्थयात्राओं की महान तीर्थयात्रा होती है ।' उन्होंने कहा कि निराकार को पाना इतना आसान नहीं है ! इसके लिए गहन आध्यात्मिक साधना आवश्यक है । आध्यात्मिक साधना का अर्थ वन में साधु या संन्यासी बनकर साधना करना नहीं है, बल्कि घर में परिवार के साथ मे रहकर समाज की सेवा करना और गृहस्थ जीवन को सफल बनाना है । गृहस्थ जीवन मे रहकर सही ढंग से सेवा सुमिरन, सतसंगत करने की आध्यात्मिक साधना करने से निराकार का ज्ञान प्राप्त होता है । अपने प्रवचन में प्रचारक साहब जी ने कहा कि यह क्षेत्र नेपाल और भारत कि शिवार्ती क्षेत्र में स्थित हैं, इसलिए उन्होंने तर्क दिया कि यदि यहां एक सुव्यवस्थित सत्संगत भवन का निर्माण किया जा सके, तो नेपाल और भारत के निरंकारियों के लिए बहुत अच्छा कार्य होगा । इसी प्रकार, सत्संग कार्यक्रम में भाग लेने पहुचे संत निरंकारी मंडल नेपाल के प्रभारी नर बहादुर रावल ने कहा कि तिकुनिया स्थित निरंकारी भवन के प्रबंधन को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित करना आवश्यक है । उन्होंने कहा कि एक बहन जी ने निस्वार्थ भाव से दान मे दिया गया भुमी को आवश्यक कार्यो के लिए सक्रिय करना और क्षेत्र के प्रमुख की जिम्मेदारी किसी को सौंपकर मिशन के कार्यो को आगे बढ़ाना आवश्यक है। ।नैन सिंह वड के संचालन किया हुवा सत्संग कार्यक्रम में बनवारीलाल, रामायणलाल, राजन रेग्मी, चुन्नालाल, इंद्र सिंह, धनंजय, अर्जुन पांडे, श्रीराम काफले, तेज बहादुर बोहरा, नाथूलाल सक्सैना, मीरा, बबली, रामगोपाल, अग्रेज सिंह, भूपेश साहनी, विक्रम पाल, शतीस, रतनलाल, अमरपित सहित के कैयौं निरंकारी अनुयायियों ने भक्ति गीतों और धार्मिक प्रवचनों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये । कार्यक्रम में नेपाल के भजनी, टीकापुर तथा भारत के बेलराया, निघासन लखीमपुर, मथुरा, तिकुनिया, बिछिया, कौड़ियाला, सिगाही, पलिया आदि क्षेत्रों से निरंकारी अनुयायियों की उल्लेखनीय सहभागीता रही

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की एक बैठक सीतापुर में की गई आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की एक बैठक सीतापुर में आयोजित की गई जिसमें 1971 में पाकिस्तान से युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत एवं बांग्लादेश को आजाद कराने पर हर वर्ष विजय दिवस के रूप में मनाते हैं।16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में भी जिले के सभी पूर्व सैनिकों को परिचय कराया गया।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि में लेफ्टिनेंट कर्नल वीरेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष अवध प्रांत एवं जिला प्रचारक आकाश,प्रांत सचिव विनोद तिवारी, प्रांत सचिव राहुल सिंह ने भारत माता एवं सरस्वती जी तथा सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण पुष्प अर्पित किया।कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के गीत के साथ आगे बढ़ाया गया।विनोद तिवारी ने संगठन का परिचय कराया।संगठन किस प्रकार काम करता है इस पर राहुल सिंह ने प्रकाश डाला।जिला प्रचारक ने एवं विद्यालय के प्रबंधक ज्ञानेन्द्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये।प्रांत अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल वीरेंद्र सिंह तोमर ने सीतापुर जिले के जिला अध्यक्ष आलोक सिंह शेखावत समेत सभी को बधाई देते हुए विश्वास दिलाया कि संगठन सीतापुर के सभी पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार तथा शहीद परिवार के साथ सुख दुःख में सदैव उनके साथ रहेंगे एवं उनकी समस्याओं को दूर कराने की पूरी कोशिश करेंगे।धन्यवाद एवं राष्ट्रगान के बाद बैठक को संपन्न किया गया।इस मौके पर प्रांत अध्यक्ष अवध प्रांत लेफ्टिनेंट कर्नल वीरेंद्र सिंह तोमर,जिला प्रचारक आकाश, ज्ञानेन्द्र सिंह शेखावत,प्रांत सचिव विनोद तिवारी,प्रांत सचिव राहुल सिंह तोमर एवं सीतापुर कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन भारत माता की जयघोष के साथ संपन्न किया गया,उपरोक्त जानकारी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद सीतापुर के जिला अध्यक्ष द्वारा दी गई।

# गन्ना भुगतान को किसान दे रहे धरना आठवें दिन भी कोई सुनवाई नहीं गन्ना की जलाई होली विरोध प्रदर्शन

**●क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि प्रशासन की उदासीनता का है परिणाम अपने ही पैसे के लिए धरना पर बैठे हैं**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बरेली/नवाबगंज** के ओसवाल चीनी मिल को गन्ना देने के दो वर्ष बीत जाने के बाद भी किसानों को उनके गन्ने का भुगतान नहीं मिला कभी झूठा बादा किया गया एक महीने में भुगतान करवा दिया जाएगा तो कभी चीनी मिल नीलाम कर दिया जायेगा तब पैसा मिल जाए गा कभी कहा मिल बिक रही है। इस तरह किसानों को केवल किया गया गुमराह इस कड़ाके की सर्दी में भी अपने गन्ना भुगतान को लेकर तहसील कार्यालय पर अनिश्चितकालीन हड़ताल धरना पर बैठे हुए हैं इनकी सुनने के लिए स्थानीय प्रशासन एवं जन प्रतिनिधि नहीं आ रहे है सामाजिक संस्था पहनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार के नेतृत्व में गन्ना किसानों का भुगतान करवाने के लिए तहसील प्रांगण में 8 दिसंबर 2025 से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी है । उनके साथ किसान ओसवाल चीनी मिल को गन्ना देने के बाद अपना पैसा मांगने के लिए अव धरना देने को मजबूर है ज्ञात रहे ओसवाल चीनी मिल ने किसानों का गन्ना लेने के बाद 2 वर्ष बीत चुके हैं इस के बादभी भुगतान नहीं किया जब के किसानों का 70 करोड़ रूपया चीनी मिल पर बकाया है फिर भी किसानों के भुगतान करने के लिए कोई भी मैदान में नहीं उतरा। धरना का आज आठवें इस धरना में किसानों के साथ बैठी सुनीता गंगवार ने किसानों का साथ देने के लिए कंधा से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया यहीं पर किसानों ने तहसील प्रांगण में ही गन्ना की होली जला कर विरोध प्रकट किया गया धरनादे रहें किसानों की सुनने के लिए कोई भी नहीं है आ रहा है।एसडीएम नवाबगंज ने बताया ओसवाल चीनी मिल के विरुद्ध आरसी जारी है चीनी मिल के विरुद्ध कार्यवाही चल रही है हमारा प्रयास है किसानों को शीघ्र भुगतान मिले परंतु अपनी जेब से भुगतान नहीं किया जा सकता हम किसानों के साथ खड़े हैं उदित पवार एसडीम नवाबगंज तहसीलदार नवाबगंज ने बताया जिला अधिकारी को अवगत कराया गया है ओसवाल चीनी मिल के गोदाम में जो चीनी रखी है उसे नीलम करवरकर कुछ भुगतान किसानों को दिलाया जाएगा साथ ही अग्रिम कार्यवाही के लिए हम प्रयासरत है दुष्यंत प्रताप सिंह तहसीलदार नवाबगंज जिला गन्ना अधिकारी बरेली ने स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा चीनी मिल के विरुद्ध आरसी जारी हो चुकी है अब इसकी पूर्ण कार्यवाही करने का दायित्व तहसील प्रशासन का है यदि मिल मालिक भुगतान नहीं दे रहा है तो उसको नीलाम किया या उसके विरुद्ध अन्य कार्यवाही कर किसानों का भुगतान दिलाना उनकी जिम्मेदारी है

**सचिव गन्ना सहकारी समिति नवाबगंज-** सचिव मेधा जोशी ने बताया हमें जितना भी अधिकार था हमने पूरी कार्यवाही करके उच्च अधिकारियों को भेज दी है ऐसी स्थिति में अब हम कुछ भी करें तो क्या कर सकते हैं

**विधायक नवाबगंज-** विधायक डॉक्टर एमपी आर्य से हुई दूरभाष पर वार्ता के अनुसार उन्होंने बताया चीनी मिल बिक रही है दो-चार दिन के अंदर समस्या का निदान होने के आसार हैं किसानों का भुगतान मिल जाएगा आठ दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों के इस दर्द को किसी ने भी गंभीरता से नहीं लिया जिसके परिणाम स्वरूप आज उन्होंने गन्ने की होली जलाकर विरोध प्रगट किया क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान के साथ ही अर्जुन सिंह वाहिद अहमद अंसारी ब्रह्मानंद गंगवार राम रतन गंगवार बृजेश उम्र राय लाल फौजी सरदार सेवा सिंह आदि ने भी करने में पहुंचकर समर्थन किया इस धारणा को गति देने के लिए सपा ने भी धरना में पहुंचकर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार पूर्व ब्लाक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार शीतल नगर पंचायत अध्यक्ष कंबर एजाज सानू और बिलासपुर मुख्य नरोत्तम दास मुन्ना ओमेंद्र गंगवार जिला पंचायत सदस्य नेहा गंगवार छेड़ लाल दिवाकर ग्राम प्रधान प्रहलाद गंगवार नरेंद्र गंगवार बबलू गंगवार आदि धरना दे रहे किसानों का हौसला अफजाई करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया

## संक्षिप्त खबरें

### बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं में 9 ने छोड़ी परीक्षा

**कैमरों की निगरानी में हो रही परीक्षा**



**हमीरपुरः-** बुंदेलखंड विश्विद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में परीक्षार्थियों के परीक्षा छोड़ने का सिलसिला लगातार जारी है।ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हो रही सख्त परीक्षा से परीक्षार्थी छोड़ रहे परीक्षा कस्बा बिवांर के हीरानन्द पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ अभिनंदन सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह पाली में आयोजित हुई एमए प्रथम सेमेस्टर विषय गृहविज्ञान, इतिहास,शिक्षा शास्त्र की परीक्षा के लिए 36 छात्राएं पंजीकृत थी जिसमे 1 अनुपस्थिति रही।दोपहर पाली बीए तृतीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान विषय की 47 परीक्षार्थियों ने अपनी दी।शाम पाली में।बीए विषय अंग्रेजी व बीएससी विषय वनस्पति विज्ञान प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए कुल 37परीक्षार्थीयो को परीक्षा देनी थी जिसमे 1 गौरहजिर पाई गई।वही हरपाल सिंह कन्या मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र बहादुर ने बताया कि सोमवार की सुबह की पाली में आयोजित परीक्षा 29 को देनी जिसमे 1 ने छोड़ दी,दोपहर पाली में आयोजित हुई बीए तृतीय सेमेस्टर में 23 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 1गैरहाजिर रहा,शाम पाली में 26 छात्र /छात्राओ को शामिल होना था जिसमे 1 ने अपनी परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय लोदीपुर निवादा के केंद्राध्यक्ष डॉ शिवमंगल तिवारी ने बताया कि सुबह पाली में आयोजित हुई एमए प्रथम सेमेस्टर की 75 परीक्षाथियों ने दी। वही दोपहर पाली में बीए तृतीय सेमेस्टर विषय राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा 72 छात्रों को देनी थी जिसमे 1अनुपस्थिति रहा। शाम पाली में आयोजित हुई बीए बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में 57 के सापेक्ष 3 अनुपस्थिति रहे।

### इकरा पब्लिक स्कूल माधोसिंह में राइटिंग प्रतियोगिता के टॉपर्स हुए सम्मानित

**भदोही** जिले के औराई ब्लॉक अंतर्गत स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान इकरा पब्लिक स्कूल माधोसिंह में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवंबर माह में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी एवं अंग्रेजी राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों की सुंदर लेखन शैली, स्पष्टता एवं स्पीड मैनेजमेंट देखते ही बनती थी। विद्यार्थियों ने बेहद साफ-सुथरी और आकर्षक लिखावट में अपनी कॉपियां जमा कीं। इसके पश्चात सभी शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से मूल्यांकन कर प्रत्येक कक्षा से हिंदी एवं अंग्रेजी के अलग-अलग टॉपर्स का चयन किया गया। दिनांक 9 दिसंबर 2025 को विद्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में चयनित टॉपर्स को विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रबंधक एवं कक्षा अध्यापकों द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम लगभग एक घंटे तक चला। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक महोदय ने बच्चों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और सभी विजेता विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में लेखन कौशल को निखारना और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाना रहा, जिसमें विद्यालय पूरी तरह सफल रहा।

### पेंशनरों ने कलेक्ट्रेट पर दिया धरना, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**भदोही।** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के बैनर तले सोमवार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों व पेंशनरों ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया और प्रधानमंत्री व भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पेंशनरों ने वित्त विधेयक 2025 में तिथि के आधार पर पेंशनरों के बीच किए गए भेदभाव को समाप्त करने, केंद्रीय आठवें वेतन आयोग में पेंशनर पुनरीक्षण व अन्य लाभों को शामिल करने तथा पेंशन को लेकर आपत्तिजनक प्रावधानों को हटाने की मांग की। संगठन ने बताया कि इससे पहले 29 नवंबर 2025 को भी प्रदेशभर में कैंडल मार्च निकालकर ज्ञापन दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी और पेंशनर हमेशा से एक ही व्यवस्था का हिस्सा रहे हैं, इसलिए किसी प्रकार का वर्ग विभाजन उचित नहीं है।धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पेंशनर और सेवानिवृत्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा पीड़ित के खाते में 20000/- रु0 धनराशि को कराया गया वापस ।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपदीय पुलिस के साइबर टीम/साइबर थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । दिनांक 08.11.2025 को आवेदक द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत किया गया कि आवेदक के खाते से कुल 141384/- रुपये फ्राड कर लिया गया । साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र तथा NCRP पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित की कुल 20000/- रुपये की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया । पीड़ित द्वारा फ्रॉड धनराशि वापस पाकर श्रीमान पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावाँ जनपद भदोही के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी ।

**साइबर फ्राड़ के बचने के लिए सावधानिया-**

1.साइबर फ्राड होते ही तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें ।

2.किसी अन्जान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड न करें ।

3.वर्क फ्राम होम, शेयर ट्रेडिंग करने से पहले सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर ही उपयोग करें ।

4.कृपया किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा पैसो की मांग किये जाने पर अच्छे से जाँच ले एवं अपने खाते का बैलेंस चेक कर ले, किसी के बहकावे में न आये एवं किसी अन्जान व्यक्ति द्वारा गलती से ट्रान्जैक्शन हो जाने पर उसका पैसा बैंक के माध्यम से वापस करें स्वयं से न करें ।

5.अज्ञात व्यक्ति/अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें ।

**साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही**

1.उ0नि0 चन्द्रजीत यादव

2.क0आ0 मनीष कुमार रजक

3.म0का0 गरिमा यादव

## ट्रैक्टर ट्राली चोरी का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के क्रम में थाना सुरियावां पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ट्रैक्टर की ट्राली चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार करते हुए चोरी की गई ट्राली और घटना में प्रयुक्त मैसी फारगुसन ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। मामले की शुरुआत तब हुई जब ग्राम महुआपुर चौथार निवासी प्रमोद कुमार उपाध्याय ने थाना सुरियावां में तहरीर देकर बताया कि 11 दिसंबर की रात उनके वर्कशॉप से अज्ञात चोर द्वारा ट्रैक्टर की ट्राली चोरी कर ली गई। सूचना पर पुलिस ने तत्काल अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के निर्देश पर चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी भदोही अशोक कुमार मिश्र के नेतृत्व में सुरियावां पुलिस टीम सक्रिय हुई। इसी क्रम में 15 दिसंबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर कसियापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास से एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सत्यम पाण्डेय पुत्र स्व. दिनेश कुमार पाण्डेय निवासी लोकमनपुर, थाना सुरियावां, उम्र लगभग 23 वर्ष के रूप में हुई है। उसके कब्जे से चोरी की गई ट्रैक्टर की ट्राली तथा चोरी में प्रयुक्त मैसी फारगुसन ट्रैक्टर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्रवाई आगे बढ़ा दी है। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में पुलिस की तत्परता की सराहना की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा और चोरी जैसी घटनाओं में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ी आस्था, सांस्कृतिक एकता का लिया गया संकल्प

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**भदोही।** शहर के रामलीला मैदान मर्यादपट्टी में सोमवार को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में आस्था, एकता और संस्कृति का भव्य संगम देखने को मिला। सैकड़ों की संख्या में जुटे श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिंदू धर्म, संस्कृति और सामाजिक मूल्यों की मजबूती के लिए एकजुट होकर संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय प्रचारक (पूर्वी उत्तर प्रदेश) अनिल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हिंदू समाज की शक्ति उसकी एकता, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना में निहित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्य अतिथि दंडी स्वामी प्रकृष्ठानंद सरस्वती जी महाराज, शक्तिपीठाधीश्वर भानपुर ने कहा कि सनातन संस्कृति विश्व को शांति, सहिष्णुता और सद्भाव का संदेश देती है। आज आवश्यकता है कि हम अपने आचरण से इन मूल्यों को जीवन में उतारें। विशिष्ट अतिथि विजय नाथ सरोज और डॉ. सूचि तिवारी, प्रधानाचार्य ज्ञान देवी बालिका इंटर कॉलेज भदोही ने कहा कि शिक्षा और संस्कार के माध्यम से ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक चेतना को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख कालीन व्यवसायी प्रदीप बरनवाल ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि समाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत है और विराट हिंदू सम्मेलन जैसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का संचालन तरुण शुक्ला ने प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर विधायक दीनानाथ भास्कर ने कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़कर ही समाज आगे बढ़ सकता है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समय की आवश्यकता बताया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक और बौद्धिक वर्ग के लोग उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व चेयरमैन अशोक जायसवाल, विनीत बरनवाल, सभासद गिरधारी जायसवाल, अजय दुबे, संगीता खन्ना, प्रिंस गुप्ता, दीपू विश्वकर्मा, रीना बरनवाल, रंजना बरनवाल, मुस्कान सोनी, एडवोकेट पूनम गुप्ता, प्रीति श्रीवास्तव, आशा जायसवाल, द्रौपदी बरनवाल सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। सम्मेलन के अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को काल्पनिक कहने वाला राहुल सत्य का पारखी कतई नहीं हो सकता - हिन्दू विचार मंच पाकुड़िया इकाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को काल्पनिक बताते हुए न्यायालय में शपथ पत्र देने वाला कांग्रेसी सांसद व लोकसभा में विपक्ष का नेता राहुल गांधी का सत्य का पक्षधर होने का दावा करना भारतवर्ष की जनता एवं मतदाताओं को भ्रमित करना है। हिन्दू विचार मंच ने राहुल के उस कथन पर अपनी तीव्र प्रतिक्रिया में पूरे दावों के साथ कहा है कि राहुल ऐसे भारतीय संस्कृति विरोधी कांग्रेसी नेता हैं जो कभी भी सत्य के पीछे खड़े नहीं रह सकते। जो व्यक्ति भारत को एक राष्ट्र नहीं मानते हुए यह कहता रहा कि भारत राज्यों का संघ है, एक सवाल के जवाब में मंच ने पूरे दावों व आत्मविश्वास भरे शब्दों में कहा है कि भारतवर्ष सहित विश्व में किसी भी काल में न श्रीराम जैसे मर्यादा, सत्यनिष्ठ, प्रजापालक चक्रवर्ती सम्राट हुए हैं और न ही कभी होंगे। मंच ने कहा है कि भारतवर्ष प्रजातांत्रिक राष्ट्र है और संवैधानिक परंपराओं के आलोक में प्रत्येक पाँच वर्षों में चुनाव आयोग की देखरेख में 1952 से चुनाव होते रहे हैं और लगभग 60 वर्षों तक केंद्र व प्रदेशों में कांग्रेस की सरकारें रहीं हैं, परंतु किसी विपक्षी पार्टी के नेताओं ने लोकसभा में ऐसे अमर्यादित वोट चोरी का आरोप नहीं लगाया। वहीं दूसरी ओर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वोट चोरी के पुख्ता प्रमाण मिलने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी को सजा सुनाई। क्या भारत के लोग इसे भूल पाएंगे भारत के संविधान को हाथ में लेकर राहुल कहते रहे हैं कि हम संविधान की रक्षा करेंगे जबकि संवैधानिक मूल्यों के आधार पर चुनाव आयोग का गठन किया गया है और देश में अधिकांश समय तक कांग्रेस का ही शासन रहा है। पर सत्ता से बाहर होने तथा देश की जनता विशेषकर मतदाताओं द्वारा नकार दिए जाने पर राहुल गांधी संविधान के अनुरूप देश की लोकसभा व विधानसभा का चुनाव चुनाव आयोग द्वारा कराए जाने से आयोग पर बिना प्रमाण दिए वोट चोरी का अमर्यादित आरोप लगाना क्या संविधान की रक्षा करना है या भारतीय संवैधानिक मूल्यों व भारतीय राष्ट्र को विश्व स्तर पर नीचा दिखाकर विकसित धारा को अवरुद्ध करना है दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट चोर गद्दी छोड़' जैसे अनर्गल कुप्रचार करना भारतवर्ष एवं भारत के मतदाताओं का घोर अपमान है। सभा मंच से राहुल गांधी ने आरएसएस तथा सरसंघचालक मोहन भागवत के विषय में कहा कि वे कहते हैं विश्व सत्य को नहीं शक्ति को मानता है, यही आरएसएस की विचारधारा है और मैं सत्य के पीछे खड़ा रहकर सत्ता से भाजपा व अमित शाह को हटा देंगे। मंच ने आगे कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में सत्ता का दुरुपयोग करते हुए राहुल ने भारत की विकास गति को अवरुद्ध करने वाली कांग्रेस पार्टी व इसके नेता राहुल राष्ट्र विरोधी तत्वों व मुस्लिम आक्रांताओं का पक्ष लेने वाले ठीक वैसे ही हैं जैसे परीक्षा में फेल होने वाला विद्यार्थी अभिभावक से कहता है कि मास्टर ने हमें फेल कर दिया, हम तो परीक्षा में अच्छे नंबर लाए हैं।

# शीतलहर से बचाव के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा जारी कि गई एडवाइजरी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेंद्र मौर्य के पर्यवेक्षण में जिला प्रशासन ने शीतलहर/ठंड से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई है, जिन्हे अपनाने से जनपद वासियों को शीतलहर/ठंड से बचाव हेतु सुविधा होगी।

**जारी की गई एडवाइजरी के अंतर्गत-** स्थानीय रेडियो, दैनिक समाचार पत्र, टी0वी0 एवं मोबाइल फोन के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें। कोयले की अंगीठी/मिट्टी तेल का चूल्हा/हीटर/ब्लोवर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरते तथा कमरे में हवा का आवागमन/वेंटिलेशन/वायु संचार बनाये रखे ताकि कमरे में विषाक्त/जहरीली धुआँ इकठा न हों। शरीर को सुखा रखें, गीले कपडे तुरन्त बदल लें, ये आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकते है। घर में अलाव का सामान न हो तो अत्याधिक ठंड के दिनों में सामुदायिक केन्द्रों,आश्रय स्थलों, प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर जाये, जहाँ प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबंध किया गया हो। ऊनी कपडे, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीत लहर/ठंड के प्रभाव से बचा सकते है। ऊनी कपड़ों के कमी की दशा में दो तीन कपड़े एक के ऊपर एक पहनकर शीत लहरठंड के प्रभाव को कम किया जा सकता है। अत्याधिक ठंड/कोहरा पड़ने पर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को जितना हो सके उतना घर के अन्दर रखें। शरीर में ऊष्मा के प्रभाव को बनाये रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। धूप निकलने की दशा में इसका सेवन ठंड/शीत लहर से बचाव करेगा। हाइपोथर्मिया के लक्षणों जैसे शरीर का आसामान्य तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, -अत्याधिक ठिठुरन, सुस्ती, थकान, तुतलाहट इत्यादि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपनी नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें। शीतदंश के लक्षणों जैसे शरीर के अंगो का सुन्न पड़ना, हाथों-पैरों की ऊंगलियों, कान, नाक आदि सफेद या पीले रंग के दाग उभर आने पर अपने नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें। अपने आस-पास के अकेले रहने वाले किसी भी पड़ोसियों की जानकारी रखे, खासकर बुजुर्गों की एवं किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन से सम्पर्क करें। ठंड/शीत लहर की दशा में पालतु पशुओं/पक्षियों के बाड़े को ऊष्मा रोधी बनाने हेतु खिड़की दरवाजो को ढककर रखें परन्तु वेंटिलेशन हेतु पर्याप्त खुला स्थान भी छोड़े। सिगडी/अलाव/अंगीठी सोते समय बुझाकर सोये इससे आग जनी से बचा जा सकता है। सिगड़ी/अलाव/अंगीठी बन्द स्थानों पर जलाने से बचें।

## महजूदा के ग्राम चौपाल में नोडल अधिकारी प्रकाश बिंदु ने सुनी समस्याएं

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**भदोही।** सुरियावां विकास खण्ड के ग्राम सभा महजूदा में लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश के सचिव प्रकाश बिंदु (आईएएस) की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का सफल एवं प्रभावी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने पुष्पगुच्छ व मोमेंटो भेंट कर उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया। ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता, मनरेगा, आवास सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों में मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के सचिव प्रकाश बिंदु ने कहा कि ग्राम चौपाल सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। शासन की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। गांवों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ कर ही समग्र विकास संभव है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। गांव स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रमों से वास्तविक समस्याओं की पहचान होती है और उनका समाधान तेजी से किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और योजनाओं को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। ग्राम चौपाल में एडिशनल एसपी शुभम अग्रवाल सीडीओ बाल गोविंद शुक्ला ,सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक , बीएसए विशाल पांडेय , एसडीएम अरुण गिरी डीपीआरओ संजय मिश्रा, राजाराम डीसी मनरेगा, ज्ञानप्रकाश डीडीओ सहित विकास खण्ड सुरियावां के समस्त विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ओटीएस की प्रगति धीमी, अधिशासी अभियंता ने जताई नाराजगी

### ●उपखण्ड अधिकारियों को अभियान तेज करने के निर्देशक्र

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** शहर के सिविल लाइन स्थित विद्युत वितरण खण्ड भदोही कार्यालय में एकमुश्त समाधान योजना की प्रगति को लेकर अधिशासी अभियंता आर. के. गौतम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी उपखण्ड अधिकारियों के साथ अब तक की ओटीएस प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई, जिसमें अपेक्षित परिणाम न मिलने पर अधिशासी अभियंता ने नाराजगी जताई। अधिशासी अभियंता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ओटीएस शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य बकाया विद्युत बिलों का समाधान कर उपभोक्ताओं को राहत देना है। इसके बावजूद योजना का लाभ अपेक्षाकृत कम उपभोक्ताओं तक पहुंचना चिंता का विषय है। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधिक ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान को तेज करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लगाए गए ओटीएस कैंपों के साथ-साथ उपखण्ड स्तर पर भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। अवर अभियंताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश देते हुए कहा गया कि वे घर-घर संपर्क, कैंपों के माध्यम से उपभोक्ताओं को ओटीएस की शर्तों, छूट और लाभों की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें। अधिशासी अभियंता ने यह भी कहा कि ओटीएस के तहत उपभोक्ताओं को बकाया बिलों में राहत देने का यह सुनहरा अवसर है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक उपखण्ड अधिकारी को लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने और नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में उपखण्ड अधिकारी भदोही एस.पी. पटेल, उपखण्ड अधिकारी कार्पेट सिटी ए.के. पाल, उपखण्ड अधिकारी सुरियावां प्रताप भार्गव, उपखण्ड अधिकारी मिसराइनपुर राजेश जायसवाल, अमित श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अधिशासी अभियंता ने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में ओटीएस की प्रगति में तेजी आएगी और अधिकाधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिल सकेगा।

## भाजपा ने विपक्ष के दावों को बताया भ्रामक, संगठन की मजबूती का किया दावा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चंदवा, हजारीबाग, झारखंडः-** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के झामुमो में शामिल होने को लेकर प्रकाशित खबरों को भाजपा नेताओं ने पूरी तरह भ्रामक करार दिया है। सोमवार को चंदवा में आयोजित प्रेस वार्ता में लातेहार विधायक प्रकाश राम, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता एवं राजू उरांव ने संयुक्त रूप से कहा कि विपक्ष जानबूझकर गलत सूचनाएं फैलाकर भाजपा की संगठनात्मक मजबूती को कमजोर दिखाने का प्रयास कर रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर ऐसी कोई स्थिति नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधायक प्रकाश राम ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित, अनुशासित और सशक्त संगठन है, जहां कार्यकर्ता किसी पद, लाभ या लालच के लिए नहीं बल्कि सिद्धांतों के आधार पर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग निजी स्वार्थ, ठेकेदारी या जमीन से जुड़े अवैध धंधों में संलिप्त रहना चाहते हैं, वे भाजपा की नीति और अनुशासन में फिट नहीं बैठते और ऐसे लोग अन्य दलों का रुख कर रहे हैं। इसके बावजूद विपक्ष ऐसे अवसरवादी तत्वों के दल-बदल को भाजपा से जोड़कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। विधायक ने आरोप लगाया कि झामुमो अपने ही गठबंधन सहयोगियों को पार्टी में शामिल कर भाजपा से जोड़कर प्रचारित कर रही है, जबकि झामुमो के भीतर गुटबाजी चरम पर है और आंतरिक असंतोष को छिपाने के लिए भाजपा को बदनाम किया जा रहा है। इस दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं मंडल कार्यसमिति की सूची सार्वजनिक करते हुए कहा कि भाजपा से केवल एक व्यक्ति मनीष गुप्ता के पार्टी छोड़ने की पुष्टि हुई है, इसके अलावा कोई भी सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी से नहीं गया है। उन्होंने दावा किया कि इसके विपरीत बड़ी संख्या में लोग भाजपा की नीतियों और जनहितकारी कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ने के लिए संपर्क में हैं और आने वाले समय में संगठन और अधिक मजबूत होगा। प्रेस वार्ता में मौजूद राजू उरांव ने कहा कि भ्रामक खबरों के शोर के बीच असली मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने विशेष रूप से आदिवासियों की जमीन की लूट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जल-जंगल-जमीन की बात करने वाली झामुमो सरकार के कार्यकाल में ही चंदवा हल्का तीन के ग्राम बोरसीदाग सहित कई इलाकों में सादे पट्टे, फर्जी दस्तावेजों और जमीन दलालों के माध्यम से आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब आदिवासी परिवारों को बहला-फुसलाकर या दबाव में लेकर जमीन का अवैध हस्तांतरण कराया जा रहा है और इस पूरे खेल में जमीन दलालों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। साथ ही उन्होंने मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं और योजनाओं में भारी अनियमितताएं हो रही हैं। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा संगठनात्मक चंदवा पूर्वी मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह को विधायक प्रकाश राम, अमित गुप्ता एवं राजू उरांव ने बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूत बनाने की शुभकामनाएं दीं। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सुरेश यादव, शिवशंकर साहू, कुलमान साहू, पंचायत समिति सदस्य बुधन गंझु, दुर्गा सिंह, शुशीला टोपनो, निलमनी कुमारी, रिंकी उरांव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, क्षतिग्रस्त ,सभी बाल बाल बचे



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के एरीवा कंपनी के समीप रविवार रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दौरान कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना नैनी पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचे कस्बा नैनी चौकी इंचार्ज बलिराम अपने हमराहियों के साथ कार में रहे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजवा दिए। हालांकि घटना मे कोई हताहत नहीं हुआ है। एरीवा कंपनी के पास डिवाइडर से टकराने के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।आनन फानन में मौके पर पहुंचे राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुँची पुलिस राहत कार्य में जुट गई। राहगीरों की मदद से कार को सड़क से किनारे लाया गया। कार में रहे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। चौकी प्रभारी बलिराम के मुताबिक कोई गंभीर घायल नहीं है।कोहरे के कारण टकराई कार रात के समय कोहरा अधिक था। नैनी के एरीवा कंपनी के पास लाइट की स्थिति भी ठीक नहीं है। कोहरे के कारण कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराते हुए क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस कार को थाने ले आई।

### स्वर्ण पदक चैंपियन खुशब निषाद का शाल एवं बुके से सम्मानित किया गया



**नैनी प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश व्यापारी एकता समिति प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में एशिया चैंपियन स्वर्ण पदक विजेता खुशबू निषाद के निवास स्थान करेला बाग मे व्यापारियों ने शाल एवं बुके सम्मान पत्र देखकर किया अभिनंदन स्वागत।विजय गुप्ता ने कहा की प्रयागराज की बेटी खुशबू निषाद नन्दा ने लेबनान की धरती पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मिक्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त करके देश को गौरवान्वित किया है।महामंत्री प्रमिल केसरवानी ने कहा की हम सभी व्यापारी इस बेटी के साहस पर उसे शुभकामनाएं देते हुए इसके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास करते हैं कि यह बेटी सदैव प्रगति पर बढ़ती रहे। इस अवसर पर बृजेश निषाद, मनीष गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, जीतू सोनकर, अभिलाष केसरवानी, दीपक जायसवाल, राहुल अग्रवाल, इमरान अली, आदि लोग रहे।

### जीजा साली को लेकर हुआ चंपत, पिता ने दामाद के खिलाफ दर्ज कराईएफआईआर




**कौशांबी।** जिले में रिश्तो को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है।जहां एक जीजा अपनी ही साली को बहला-फुसलाकर फरार हो गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर सैनी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी करीब 2 साल पहले सैनी कोतवाली क्षेत्र के सौरई खुर्द गांव निवासी एक युवक से कोर्ट मैरिज के जरिए कराई थी।शादी के बाद से दामाद उनके घर आता जाता रहा। आरोप है कि जब पीड़िता के पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे,इसी दौरान दामाद ने उनकी छोटी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।घर लौटने पर छोटी बेटी को गायब पाया। परिजनों ने काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई सुराग न लगने पर पुलिस से शिकायत की। थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है कि उसका दामाद उसकी छोटी बेटी को लेकर फरार हो गया है।तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल कराई जा रही है। फिलहाल, पुलिस जीजा और साली की तलाश में जुटी हुई है।पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## माघ मेले को लेकर जिला अपराध निरोधक समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी प्रयागराज।** रविवार रात शिवकुमार सिंह सहायक वार्ड अधिकारी नैनी के आवास पर विश्व प्रसिद्ध माघ मेला 2026 को संगम तट पर सकुशल एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला अपराध निरोधक समिति की एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक का आयोजन प्रदेश चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव एवं प्रदेशीय सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया।बैठक की अध्यक्षता वार्ड अधिकारी नैनी रामबाबू सिंह ने की। बैठक में माघ मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडे द्वारा प्राप्त आदेश के क्रम में पर्व के एक दिन पूर्व एवं एक दिन पश्चात स्वयंसेवकों की भूमिका, दायित्व एवं सहयोग के विषय में विस्तृत एवं विधिवत चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए सहायक वार्ड अधिकारी शिवकुमार सिंह ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों से अपील की कि पुलिस प्रशासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुरूप पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी माघ मेला पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।* *इसी क्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी शासन प्रशासन एवं यातायात व्यवस्था में सभी का सहयोग अपेक्षित है जो सदस्यों के दस्तावेज अभी नहीं जमा हुए है वो हर हाल में दस्तावेज एक दो दिन में जमा करें। इसी क्रम में सहायक वार्ड अधिकारी सुधीर कुमार प्रजापति ने वार्ड अधिकारी रामबाबू सिंह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य में सम्मिलित होने पर माल्यार्पण कर स्वागत एवं बधाई देते हुए आये हुए सदस्य एवं पदाधिकारी का भी आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से श्री अनुराग सिंह जनसंपर्क अधिकारी नैनी, अमरजीत बिंद थाना कमेटी प्रभारी औ0क्षेत्र, विक्रम पासवान, संगम प्रजापति सहायक थाना कमेटी प्रभारी नैनी,क्षेत्रीय कमेटी प्रभारी- कमलेश मौर्य, सुनील कुमार प्रजापति,नवीन कुमार विश्वकर्मा, राजन विश्वकर्मा, प्रवीन मिश्रा,प्रांजल श्रीवास्तव,कृष्णकांत यादव, शिव शरन लाल, राम सुख वैध, बसंत तिवारी, हरी कृष्णा,राकेश कुमार,आदि सदस्य गण मौजूद रहे।और माघ मेला पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रामजी द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन वार्ड अधिकारी नैनी रामबाबू सिंह ने प्रस्तुत किया।बैठक के अंत में उपस्थित सदस्य एवं पदाधिकारियों ने प्रदेशीय सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव व केंद्रीय कमेटी एवं वार्ड अधिकारी रामबाबू सिंह को बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाएं दिये।

## भारतरत्न 'लौहपुरुष' सरदार पटेल ने दूरदर्शिता राष्ट्रीय एकता का अमर संदेश दिया



**नैनी-प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर शिवनगर मे छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको विनम्र श्रद्धांजलि दी।लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल दूरदर्शी नेतृत्व, दृढ़ इच्छाशक्ति और जन स्वीकार्यता को समग्रता से व्याख्यायित करने वाले भारतरत्न 'लौहपुरुष' सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता राष्ट्रीय एकता का अमर संदेश है। राष्ट्र आपके युगप्रवर्तक निर्णयादेश का कृतज्ञ रहेगा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह,वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व जिला मंत्री सुशील शुक्ला, डा बी एन पांडे, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव, सौरभ यादव, सानू शुक्ला, शंकर भारतीय,भंडारी कनौजिया, दिनेश सिंह,हरमनजी सिंह, दलजीत कौर सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

## टोंस नदी में अवैध बालू खनन पर भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज यमुनापार।** सहायक पुलिस आयुक्त, कौंधियारा, कार्यालय के सामने भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) द्वारा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया गया है।यह आंदोलन खीरी क्षेत्र में स्थित टोंस नदी में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध बालू खनन के विरोध में है। ग्रामीण और किसान संगठनों में इस अवैध खनन को लेकर भारी आक्रोश है, जिससे सरकारी राजस्व, पर्यावरण और स्थानीय किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट मंडरा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार कई गांव के पास नदी के घाटों को अवैध रूप से काटा जा रहा है। इस कारण नदी की प्राकृतिक संरचना को नुकसान पहुंचा है, और जलस्तर भी असंतुलित हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में नदी में पानी बढ़ने पर कटे हुए घाटों के कारण पानी गांव और खेतों तक पहुंच जाता है। इससे हर साल बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होती रहती है।जिससे किसानों की हजारों बीघे फसल प्रतिवर्ष नष्ट हो जाती है।इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों और किसान संगठनों ने पूर्व में भी प्रशासन को कई बार अवगत कराया है। 12 नवंबर 2025 को जिलाधिकारी, प्रयागराज को संबोधित एक ज्ञापन के माध्यम से अपर जिलाधिकारी सत्यम मिश्रा और खनन अधिकारी को अवैध बालू खनन की जानकारी दी गई थी।इसके बाद भी 19 नवंबर 2025 को उपजिलाधिकारी मेजा को भी ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई थी। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद अब तक खनन माफियाओं के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। भारतीय किसान यूनियन( अराजनैतिक )के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को चेतावनी दी है, कि यदि आंदोलन के दौरान किसी भी कार्यकर्ता को कोई क्षति पहुंचती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है,और स्थानीय लोग प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं।

## सेंट जोसेफ स्कूल के वार्षिकउत्सव में बच्चों ने दिखाइ अपनी प्रतिभा

● देश भक्ति और धार्मिक गानों से गूंजा विद्यालय परिसर।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शंकरगढ़ प्रयागराज।** क्षेत्र में स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में सोमवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुति दी, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बिशप डॉ. लुईस मास्करेनहास ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद बारा एसडीएम प्रेरणा गौतम ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेना आवश्यक है, जिससे छात्रों का सर्वांगीन विकास हो सके।वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

रेव. फर. रेजिनाल्ड डी'सूजा और रेव. फर. मेल्विन विल्सन डी'सूजा ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।संचालन ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया, जिससे कार्यक्रम का आनंद और भी बढ़ गया। इस मौके पर मौजूद रहे अतिथियों ने छात्र-छात्राओं की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने सभी को एकता और देशभक्ति की भावना से भर दिया। बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर के पूरे घटनाक्रम को मंच पर दिखाकर आए हुए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रानी पद्मावती और महाभारत जैसे सीरियल का समाज में होने वाले परिवर्तन और सीख को लेने के लिए प्रेरित किया साथ ही भुखमरी से और शादी विवाह के आयोजनों में खानों की बर्बादी ना हो इस पर भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि स्ट. जोसेफ स्कूल हमेशा से ही शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान देता है, जिससे छात्रों का सर्वांगिण विकास हो सके।

## मकूंस के डायरेक्टर नवनीत अग्रहरी को गाजियाबाद में किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज।** देश के अग्रणी और प्रतिष्ठित प्ले स्कूल ब्रांड मकूंस द्वारा रविवार को गाजियाबाद में एक भव्य वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मकूंस से जुड़े देशभर के सभी बिजनेस पार्टनर्स को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए उदय एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मशहूर फिल्म अभिनेता शरमन जोशी रहे, जिन्हें फिल्म थ्री इडियट्स में उनके यादगार अभिनय के लिए देशभर में विशेष पहचान मिली है।

शरमन जोशी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। उन्होंने मंच से अपने संबोधन में कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव होती है और इस दिशा में मकूंस जैसे संस्थान सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में अभिनेता शरमन जोशी ने प्रयागराज के नैनी स्थित चाका मकूंस प्ले स्कूल के डायरेक्टर नवनीत अग्रहरी को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए अवार्ड प्रदान किया। यह सम्मान पाकर नवनीत अग्रहरी ने इसे अपनी पूरी टीम और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम बताया। कार्यक्रम में मकूंस प्रबंधन की ओर से बताया गया कि यह अवार्ड उन बिजनेस पार्टनर्स को दिया जाता है जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य किया है। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रेरणादायक वक्तव्य और नेटवर्किंग सत्र भी आयोजित किए गए। अंत में मकूंस प्रबंधन ने सभी अतिथियों, बिजनेस पार्टनर्स और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का संकल्प दोहराया।

## मां गंगा पर बिछेंगे नौ रास्ते, माघ मेले में जाम नहीं, सिर्फ श्रद्धा बहेगी

● फाफामऊ से संगम तक, 15 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए बदली प्रयागराज की तस्वीर।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** एक बार फिर माघ मेले की आहट के साथ प्रयागराज की फिजाओं में आस्था, साधना और सेवा का संगम आकार लेने लगा है। ठंड की हल्की चुभन के बीच मां गंगा के तट पर साधु-संतों के डेरे सजने लगे हैं और देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की तैयारी शुरू हो चुकी है। इसी आस्था के महासागर को सुगम दिशा देने के लिए इस बार प्रशासन ने गंगा पर रास्तों की संख्या बढ़ा दी है। माघ मेले को देखते हुए अब गंगा पर कुल नौ पांटून पुल बनाए जाएंगे। पहले जहां सात पुलों की योजना थी, वहीं श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और यातायात दबाव को देखते हुए फाफामऊ की ओर दो नए पांटून पुल बनाने का फैसला लिया गया है। यह निर्णय केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि आस्था की राह को आसान करने की बड़ी पहल माना जा रहा है।

फिलहाल फाफामऊ को शहर से जोड़ने के लिए चंद्रशेखर आजाद सेतु ही एकमात्र सहारा है, जबकि सिक्स लेन पुल का निर्माण अभी अधूरा है। ऐसे में हर साल माघ मेले के दौरान यहां भारी जाम की स्थिति बन जाती है। इस बार प्रशासन ने समय रहते समस्या की जड़ को पकड़ा और समाधान भी उसी दिशा से निकाला। इन सभी पांटून पुलों का निर्माण 15 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। खास बात यह है कि 31 दिसंबर से फाफामऊ की ओर बने पीपा पुलों पर आवागमन शुरू हो जाएगा। इससे लखनऊ की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को शहर के भीतर प्रवेश किए बिना ही संगम क्षेत्र तक पहुंचने का रास्ता मिल जाएगा। माघ मेले में इस बार करीब 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

लखनऊ,रायबरेली,अयोध्या, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ जैसे जिलों से आने वाली भीड़ सीधे फाफामऊ की ओर से संगम पहुंचेगी। इससे न केवल शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा, बल्कि सेतु पर लगने वाले लंबे जाम से भी राहत मिलेगी। मां गंगा के शांत प्रवाह पर जब ये पांटून पुल आकार लेंगे, तो वे सिर्फ लोहे और लकड़ी के ढांचे नहीं होंगे, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के सेतु बनेंगे। माघ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि व्यवस्था, विश्वास और समर्पण की परीक्षा भी होता है। इस बार प्रयागराज ने पहले ही कदम पर यह संदेश दे दिया है कि आस्था की राह में अव्यवस्था की कोई जगह नहीं होगी। मां गंगा की गोद में बसता माघ मेला अब और सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित होने जा रहा है–जहां श्रद्धालु न जाम में उलझेंगे, न रास्ता भटकेंगे, बस संगम की ओर बढ़ते जाएंगे।

## माघ मेले की आहट से: सिविल लाइंस से विद्या वाहिनी तक खिसका रोडवेज

● बस अड्डा बदला, रास्ते बदले: माघ मेले में परिवहन की नई व्यवस्था। झूंसी-नैनी भी होंगे बदलाव।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** माघ मेले की उलटी गिनती शुरू होते ही प्रयागराज की सड़कों पर तैयारियों की हलचल तेज हो गई है। संगम की ओर उमड़ने वाले लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत में शहर अपनी व्यवस्था को नए सिरे से गढ़ रहा है। इसी क्रम में सिविल लाइन स्थित रोडवेज बस अड्डे ने भी अस्थाई रूप से अपना ठिकाना बदल लिया है। अब यह बस अड्डा सीएमपी डिग्री कॉलेज के सामने विद्या वाहिनी में शिफ्ट कर दिया गया है। परिवहन निगम का कहना है कि यह फैसला बस अड्डे के पुनर्निर्माण कार्य और माघ मेले के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए लिया गया है। विद्या वाहिनी से मेला क्षेत्र तक पहुंचना श्रद्धालुओं के लिए अपेक्षाकृत आसान रहेगा। यहां से लगभग एक किलोमीटर की दूरी तय कर यात्री माघ मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे, जबकि संगम नोज तक पहुंचने के लिए करीब पांच किलोमीटर पैदल चलना होगा।अस्थाई बस अड्डे पर सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है।

रात में पर्याप्त रोशनी,अस्थाई शौचालय और एक कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। फिलहाल यहां से कानपुर, लखनऊ और अयोध्या रूट की बसों का संचालन शुरू हो चुका है। हालांकि, जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कहती है। रोडवेज के ड्राइवरों और कंडक्टरों का कहना है कि अस्थाई बस अड्डे पर यात्रियों की संख्या अभी कम है। उनका आरोप है कि कई लंबी दूरी की बसें सिविल लाइन रोडवेज के बाहर से ही यात्रियों को बैठाकर रवाना हो रही हैं, जिससे विद्या वाहिनी में खड़ी बसें यात्रियों के इंतजार में खाली खड़ी रह जाती हैं। इधर, परिवहन निगम माघ मेले की भीड़ को संभालने के लिए सिर्फ विद्या वाहिनी तक सीमित नहीं है। झूंसी और नैनी में भी अस्थाई बस अड्डे तैयार किए जा रहे हैं। झूंसी से जौनपुर, आजमगढ़, गोरखपुर और वाराणसी की बसें चलेंगी, जबकि नैनी के लेप्रोसी चौराहे के पास बनने वाले अस्थाई बस अड्डे से मिर्जापुर, चित्रकूट और मध्य प्रदेश के रीवा तक यात्रियों को सुविधा मिलेगी। कुल मिलाकर, माघ मेले से पहले प्रयागराज की परिवहन व्यवस्था एक नई शक्ल ले रही है–जहां रास्ते बदले हैं, ठिकाने बदले हैं, लेकिन लक्ष्य एक ही है: श्रद्धालुओं को संगम तक सुरक्षित और सुगम पहुंच।

## सकल हिन्दू समाज के सम्मेलन में हिंदू समाज की समस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** यमुनापार तहसील व थाना बारा ग्राम सभा नीबी लोहगरा में हिंदू समाज के बंधुत्व, परस्पर प्रेम, सहयोग और स्वाभिमान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सकल हिंदू समाज की ओर से यह आयोजन श्री रणजीत पंडित इंटर कॉलेज लोहगरा बाजार में संपन्न हुआ।सम्मेलन के मुख्य वक्ता अनिल जी क्षेत्र प्रचारक पूर्वी उत्तर प्रदेश, मुख्य अतिथि 1008 महंत रतन दास पीठाधीश्वर फलाहारी आश्रम नैनी रहे। विशिष्ट अतिथियों में महंत ज्ञानेंद्र गोस्वामी महाराज और महंत सुजावन देव धाम उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता विमलेश महाराज मुख्य पुजारी हनुमत निकेतन मंदिर, हनुमान नगर रहे।इस आयोजन में सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता,पारंपरिक मूल्यों की रक्षा और हिंदू समाज की एकजुटता जैसे विषयों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।आयोजको ने बताया, कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज के सभी पंथों और उपपंथों तथा वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी सौहार्द को मजबूत करना है।इसके माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों पर मंथन करते हुए सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। सम्मेलन में संत महात्माओं के प्रवचन के साथ-साथ सामाजिक एकरूपता के भी संदेश दिए गए।

सकल हिंदू समाज खंड,शंकरगढ़, लोहगरा की ओर से समस्त हिंदू समाज से अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में जुटे ग्रामीण सम्मेलन में बताई गई बातो को आत्मसात् करें।आयोजक मंडल ने विश्वास जताया है, कि यह सम्मेलन समाज को एक नई दिशा देने के साथ-साथ आपसी एकता और सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करेगा।

क्षेत्र प्रचारक अनिल कुमार ने कहा कि विश्व कल्याण भारतीय संस्कृति से ही संभव है,और कोई भी संस्कृति विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त नहीं कर सकती। उन्होंने सियाराममय भाव को भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता बताया। हिंदू समाज में किसी भी प्रकार के भेद की कोई जगह नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय व संचालन अखिलेश दुबे उर्फ चेतन ने किया। इस मौके पर जिला विभाग प्रचारक सुगंधा जी, जिला प्रचारक सतीश कुमार, जिला मंत्री रवि कुमार, जिला उपाध्यक्ष शिवदत्त मिश्र, जिला सहमंत्री मनोज सिंह, जिला संयोजक शुभम पांडे, आदर्श दुबे, शिवांशु शुक्ला, बालेंद्र द्विवेदी, मोनू चौबे व बहुत से कार्यकर्ता मौके पर और हजारों की संख्या में हिंदू समाज उपस्थित रहा।

## मुसहर बस्ती आज भी आवास, सड़क, पानी, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** यमुनापार तहसील बारा अंतर्गत स्थित मुसहर बस्ती आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रही है। विकास के दावों और सरकारी योजनाओं की लंबी स्थिति के बावजूद इस बस्ती के लोग आज भी मूलभूत जरूरत से महरूम है। यहां मुसहर समुदाय के लोगों का कहना है कि वर्षो से वह प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार है,लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है।पीड़ित तेजबहादुर वनवासी ने बताया कि मुसहर बस्ती में रहने वाले परिवारों को सरकार की तरफ से मिलने वाली आवास, सड़क, पेयजल, बिजली और शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं आज तक नहीं मिली।

उन्होंने बताया कि बस्ती तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं है।बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं,जबकि जलभराव के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है।बीमार,बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाना बहुत मुश्किल होता है। तेज बहादुर ने बताया कि रहने के लिए पक्का आवास न होने के कारण अधिकांश परिवार झोपड़ियों में ही जीवन बिताने को मजबूर हैं। तेज धूप ठंड और बारिश में इन झोपड़ियों में रहना खतरे से खाली नहीं है।कई बार तेज हवा या बारिश में झोपड़ियां गिर जाती है, जिससे परिवार बेघर हो जाते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं की जानकारी होने के बावजूद अब तक किसी को इसका लाभ नहीं मिल सका है।

यहां पर जल की समस्या भी गंभीर है। बस्ती में न तो हैंडपंप और न ही नल से जल की व्यवस्था है। ग्रामीणों को पीने का पानी लगभग 1 किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है। महिलाएं और बच्चे सिर पर पानी ढोने को मजबूर हैं।गर्मी के दिनों में पानी की समस्या और विकराल हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई,लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट चले लाठी डंडे व ईट- पत्थर

**पुलिस ने दोनों पक्षों के नौ लोगों को भेजा जेल**

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के चकदोंदी मोहल्ले में रविवार को एक भूखंड में निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट लाठी डंडा व ईट- पत्थर चला। मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को नौ लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को चकदोंदी मोहल्ले में एक भूखंड पर निर्माण कार्य को लेकर एक पक्ष एहसान कुरैशी और दूसरे पक्ष के समीम बानो पत्नी स्व. हनीफ का विवाद हो गया था। विवाद अधिक बढ़ने पर दोनों पास के लोग आमने-सामने आ गए।

देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट लाठी डंडा व ईट- पत्थर चलने लगा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को अपने साथ थाने ले गई। तो यहां पर दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे से विवाद करते रहे। मामले में एहसान कुरैशी की तहरीर पर पुलिस ने मतीन अहमद, मो. आशिक, शहजाद उर्फ सकीक, नफीस व दूसरे पक्ष के शमीम बानो पत्नी स्व. हनीफ की तहरीर पर अबरार, एहसान, कल्लू उर्फ इमरान, कमरू उर्फ असफाक अहमद, अरमान निवासी गण चकदोंदी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से की मुलाकात, दी बधाई

**पटना स्थित पार्टी कार्यालय में हुई शिष्टाचार मुलाकात, संगठन को और मजबूत करने पर हुई चर्चा**



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** भारतीय जनता पार्टी से झारखंड के बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने पटना स्थित भाजपा के पार्टी कार्यालय में नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर विधायक मनोज यादव ने कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान विधायक मनोज यादव ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा एक साधारण कार्यकर्ता को इतनी बड़ी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना यह दर्शाता है कि भाजपा में संगठन और कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन के लंबे संगठनात्मक अनुभव और जनसेवा की भावना से पार्टी को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी। विधायक मनोज यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन के नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक रूप से और सशक्त होगा तथा आगामी दिनों में पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में नई ऊर्जा के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड समेत पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ता नई जिम्मेदारी से प्रेरित होकर संगठन हित में समर्पित भाव से काम करेंगे। इस अवसर पर पार्टी संगठन, आगामी राजनीतिक रणनीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा हुई।

### बलिया में युवक के सीने में गोली मारकर हत्या, चार नामजद, तलाश में पुलिस



**बलिया-** उभांव थाना क्षेत्र के वंशी पैलेस मोहल्ला में शनिवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक सवार बदमाशों ने घर के बाहर खड़े युवक को निशाना बनाया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए पहले मऊ और फिर वाराणसी ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान राहुल यादव (25) के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतक के पिता बच्चा यादव की तहरीर पर पुलिस ने रोबिन सिंह, पवन कुमार, रोहित कुमार और राज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।रसड़ा क्षेत्राधिकारी आलोक गुप्ता ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि राहुल यादव शाम के समय अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान बाइक से पहुंचे तीन युवकों से बातचीत के दौरान कहासुनी हो गई, जिसके बाद आरोपियों ने सीने में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक के खिलाफ पूर्व में मारपीट और विवाद से जुड़े कई मामले दर्ज थे। पुलिस को आशंका है कि यह हमला किसी पुराने विवाद या आपसी रंजिश के चलते किया गया। बताया जा रहा है कि राहुल यादव का नाम गैंग संख्या 221715 से भी जुड़ा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही उभांव थाना प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ला मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### 16दिसंबर को 4बजे मंडलायुक्त की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट भदोही में आयोजित एसआईआर बैठक में समस्त अध्यक्ष/मंत्री,मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दल करें प्रतिभाग

**भदोही-** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि समस्त अध्यक्ष / मंत्री, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय / राज्यीय राजनैतिक दलों को सूचित किया जाता है कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण एसआईआर 2026 के संबंध में आयुक्त,विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर की अध्यक्षता में दिनांक 16 दिसंबर 2025 को अपरान्ह 04 बजे कलेक्ट्रेट सभागार भदोही में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी है। अतः आपसे अनुरोध है कि दिनांक 16.12.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक में आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें

# राजद की बैठक में जनसमस्याओं पर मंथन, मंत्री के आगमन की तैयारी पर चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़ के लड्डू बाबू आम बागान में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष महावीर मरैया की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिले की विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी जनवरी माह से पूर्व झारखंड सरकार में राजद के श्रम, नियोजन, उद्योग एवं कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव के संभावित पाकुड़ आगमन को लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार करना रहा। जिला अध्यक्ष महावीर मरैया ने कहा कि जिले में व्याप्त जनसमस्याओं को सीधे मंत्री तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में हाल ही में कल्याण विभाग में सामने आए लगभग 12 करोड़ रुपये के कथित घोटाले को लेकर गहरी नाराजगी जताई गई। इस मामले में दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए पाकुड़ उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों के तहत जनवरी माह में पाकुड़ सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित करने तथा गरीब व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं, विशेषकर आबुआ आवास एवं अन्य आवास योजनाओं में लाभुकों को समय पर और उचित दर पर बालू उपलब्ध नहीं होने की समस्या पर चिंता व्यक्त की गई। इस मुद्दे को लेकर उपायुक्त से मिलकर बालू की सुचारु व्यवस्था कराने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान विभिन्न दलों के कई युवाओं ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। इनमें सुनील बास्की, झारखंड बचाओ मोर्चा के आमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष आनंद लोहार, भूतपूर्व सैनिक रेमंड हांसदा, पाकुड़ कोर्ट के अधिवक्ता (हक साहब), अली-उल-शेख एवं जमाल शेख शामिल रहे। इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इकरामुल, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष ज्योति कुमारी दुबे, जिला सचिव रणजीत सिंह, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष अमन सिंह, आदिवासी प्रकोष्ठ के सचिव करनेलियस मुर्मू, आमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष विनोद ठाकुर, पाकुड़िया प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मनोज मढैया, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष सदानंद यादव तथा पाकुड़ सदर प्रखंड अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हजारीबाग के स्वास्थ्य जगत को अपूरणीय क्षति, डॉ. मेजर पी. के. सिन्हा का हुआ निधन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग के लिए रविवार की शाम केदार बाबा के आकस्मिक निधन से उपजी पीड़ा अभी थमी भी नहीं थी कि सोमवार की सुबह एक और अत्यंत दुःखद समाचार ने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया। हजारीबाग ने अपने एक अनमोल रत्न, ख्यातिप्राप्त जनरल फिजिशियन डॉ. मेजर प्रदीप कुमार सिन्हा उर्फ़ मेजर पी. के. सिन्हा को खो दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाज के दौरान बैंगलोर में उनका निधन हो गया और उनका पार्थिव शरीर हजारीबाग आज लाया जा रहा है। डॉ. मेजर पी. के. सिन्हा का जाना न केवल उनके परिवार, मित्रों और चाहने वालों के लिए एक व्यक्तिगत क्षति है, बल्कि यह हजारीबाग के चिकित्सा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लगभग 70 वर्ष की आयु में उनका आकस्मिक निधन शहर की सेवा में समर्पित एक युग के अवसान जैसा है।

**डॉ.मेजर पी. के.सिन्हा एक समर्पित चिकित्सक के साथ ही सच्चे इंसान भी थे**

मूलतः बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत रफीगंज के निवासी, स्व. नवल किशोर नारायण के पुत्र डॉ. सिन्हा ने हजारीबाग के लोहसिंघना रोड को अपना स्थायी ठिकाना बनाया और यहीं के होकर रह गए। उनकी दो पुत्रियाँ और एस पुत्र मेडिकल हैं। उनके पुत्र भी मेडिकल कर रहें है।डॉ. सिन्हा केवल एक कुशल चिकित्सक होने के साथ ही एक महान इंसान भी थे। सदर अस्पताल, हजारीबाग में सेवाकाल के दौरान भले ही मेरा उनसे परिचय एक जरूरतमंद मरीज के हितार्थ विवाद से हुआ, लेकिन उस घटना के बाद जो दिल का रिश्ता जुड़ा वह अंत तक एक अभिभावक के उचित मार्गदर्शन और सानिध्य के रूप में कायम रहा। उन्होंने अपने सरकारी सेवाकाल में हर पुकार पर शिद्दत से अपनी ड्यूटी निभाई। ड्यूटी के दौरान समय के पाबंद रहे। उनके निजी क्लिनिक में भी जब कभी कोई जरूरतमंद मरीज भेजा गया तो उन्होंने कभी फीस नहीं ली, जो उनकी सेवाभाव की पराकाष्ठा को दर्शाता है।

**कोविड-काल में अपनी उत्कृष्ट सेवा से सच्चे कोरोना योद्धा बनकर उभरे**

डॉ. मेजर पी. के. सिन्हा ने कोरोना काल में अपनी लगन और ईमानदारी से लोगों को सेवा दी। इस भयावह समय में उन्होंने हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर स्थित जिला जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में कोरोना सैंपल कलेक्शन का कुशल प्रबंधन किया।अपनी इमरजेंसी और पोस्टमार्टम ड्यूटी के अलावा, उन्होंने दूरभाष के माध्यम से हजारों लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया। कोविड की आपातकालीन स्थिति में, उन्होंने सरकारी ड्यूटी के अतिरिक्त अपने निवास पर स्थित क्लिनिक में भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मरीजों की सेवा की। उन्हें 'कोरोना वॉरियर्स' आलेख के तहत किए गए साक्षात्कार में उन्होंने पूरी तत्परता और निस्वार्थता के साथ अपनी सेवाएं देने की बात कही थी। चिकित्सा जगत के हित को समर्पित रहा जीवन, कई दायित्व पर भी रहें डॉ. मेजर पी.के. सिन्हा ने चिकित्सा समुदाय के हित में भी मुखर होकर काम किया। वह इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), हजारीबाग के सात वर्षों तक सचिव रहे और झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विस एसोसिएशन (झासा), हजारीबाग के अध्यक्ष और सचिव के पद पर भी कार्यरत रहे। एक अभिभावक के रूप में वे हमेशा अपने जूनियर डॉक्टरों का हौसला बढ़ाते थे और उन्हें समाज एवं मरीजों के हित में बेहतर कार्य करते रहने की प्रेरणा देते थे। साथ ही उन्हें यह नसीहत भी देते थे कि ड्यूटी के दौरान किसी भी नाजायज बाहरी हस्तक्षेप का विरोध अवश्य करें। सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद भी डॉ. मेजर पी. के. सिन्हा ने अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक हजारीबाग वासियों की सेवा में खुद को समर्पित रखा। शहर के मालवीय मार्ग पर एक मेडिकल स्टोर के साथ-साथ अपने आवासीय परिसर में भी वह जरूरतमंद मरीजों को अपनी सेवा प्रदान करते रहे। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और ईश्वर से उनकी पुनीत आत्मा की शांति तथा उनके शोकाकुल परिवारजनों को इस विकट परिस्थिति में संबल प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने कहा कि डॉ. मेजर पी. के. सिन्हा का व्यक्तित्व और कृतित्व हजारीबाग के चिकित्सा और सामाजिक इतिहास में हमेशा स्मरणीय बना रहेगा। उनकी निःस्वार्थ सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय मूल्यों को सदैव याद किया जाएगा।

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू से प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा की शिष्टाचार भेंट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी श्री के. राजू से झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें संगठनात्मक विषयों और राज्य में कांग्रेस पार्टी की वर्तमान गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। भेंट के दौरान प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने झारखंड में कांग्रेस संगठन की जमीनी स्थिति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा से प्रभारी के. राजू को अवगत कराया। वहीं प्रभारी के. राजू ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने पर जोर दिया। के. राजू ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक भूमिका रही है और संगठन की एकजुटता से ही पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व और कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने प्रभारी को आश्वस्त किया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी उनके मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत करने और जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करती रहेगी।

## मैमूना प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल भागलपुर से नॅचुरोपैथी में प्रशिक्षित चिकित्सक बने हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के चौपारण प्रखंड अध्यक्ष डॉ. मो. नासिरुल हक़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हज़ारीबाग, झारखंडः-** हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के चौपारण प्रखंड अध्यक्ष डॉ. मो. नासिरुल हक़ को मैमूना प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, भागलपुर से नॅचुरोपैथी प्राकृतिक चिकित्सा में विधिवत प्रशिक्षण एवं डिग्री प्राप्त कर चिकित्सक के रूप में मान्यता मिलने पर क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। डॉ. मो. नासिरुल हक़ लंबे समय से सामाजिक सेवा, नशा मुक्ति अभियान तथा जनस्वास्थ्य जागरूकता से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। अब वे प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से चौपारण प्रखंड के ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों को सुरक्षित, किफायती एवं जीवनशैली आधारित उपचार उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण रूप से संकल्पित हैं। इस उपलब्धि पर हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में वैकल्पिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा को नया आयाम मिलेगा और आम जनता को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा,डॉ. मो. नासिरुल हक़ ने इस अवसर पर कहा कि उनका उद्देश्य स्वस्थ, नशा-मुक्त एवं जागरूक समाज का निर्माण करना है।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय परिसर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का हरित संकल्प, 115 पौधों का वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को आईसेक्ट विश्वविद्यालय परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक की ओर से 115 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और सामाजिक दायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख (धनबाद) विवेक कुमार पाण्डेय, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति अरविंद चतुर्वेदी, कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला, उप कुलसचिव विजय कुमार, उप कुलसचिव ललित मालवीय, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, एएफओ सौरभ सरकार, सहायक कुलसचिव अमित कुमार, पीआरओ मो शमीम अहमद, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ प्रबंधक पंकज मेहता, प्रबंधक संजय कुमार, सहायक प्रबंधक निशि प्रिया, हजारीबाग शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक रीतेश कुमार, बरही शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक राणु कुमार, झुमरी तिलैया शाखा के शाखा प्रबंधक विवेक कुमार सहित बैंक एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी व विद्यार्थियों की मौजूदगी रही। इस मौके पर प्रति कुलाधिपति अरविंद चतुर्वेदी ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की इस पहल की सराहना की और कहा कि जब शैक्षणिक और बैंकिंग संस्थान मिलकर कार्य करते हैं, तो उसका सकारात्मक प्रभाव समाज तक व्यापक रूप से पहुंचता है। क्षेत्रीय प्रमुख विवेक कुमार पाण्डेय ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपने स्थापना दिवस को समाजोपयोगी कार्यों के साथ मनाने में विश्वास रखता है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस तरह के कार्यक्रम सतत विकास की दिशा में प्रभावी कदम हैं। कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती के इस दौर में वृक्षारोपण सबसे आवश्यक और प्रभावी उपाय है। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि वृक्ष केवल छाया या सौंदर्य के लिए नहीं होते, बल्कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर जीवन की आधारशिला हैं। वहीं समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने इस कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के हरित अभियान का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देने का आह्वान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# धान अधिप्राप्ति केंद्र धनवार का हुआ शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर किया उद्घाटन, केंद्र पर शुरू हुई किसानों से धान की खरीद

**● पैक्स खुलने के बाद अब किसानों को मिलेगा सीधा लाभ : किशुन यादव पारदर्शी तरीके से होगी धान की खरीद : मुखिया राजेन्द्र प्रसाद**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-**धनवार प्रखंड में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, बीसीओ संजय यादव, स्थानीय मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन के पश्चात धान अधिप्राप्ति केंद्र में किसानों से धान की खरीद प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने की, जबकि संचालन नन्दलाल प्रसाद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी उपस्थित अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। पुजारी डोमन पाण्डेय ने विधिवत रूप से पैक्स कार्यालय का पूजा अर्चना कराया। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र के शुभारंभ से क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। किसानों को अब अपना धान बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में केंद्र पर धान लाने की अपील की। स्थानीय मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र पर किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। धान की खरीद पूरी तरह पारदर्शी तरीके से की जाएगी, ताकि किसी भी किसान को परेशानी न हो। उन्होंने आश्वासन दिया कि समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। कहा कि 2450 रुपये प्रति क्विंटल सरकारी दर से धान खरीद की जाएगी। धान अधिप्राप्ति केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल देखा गया और सभी ने इसे किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मौके पर उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, तिलक यादव, विकास यादव, बंटी कुमार, नन्दलाल प्रसाद, नरेश प्रसाद, रामजी प्रसाद, अजीत प्रसाद, उपेन्द्र प्रसाद, मोहन प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, बसंत प्रसाद, रामदेव सिंह, बाबूलाल सिंह, प्रकाश प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, विशेश्वर महतो, उमेश प्रसाद, निरंजन प्रसाद, भवानी प्रसाद, चंदन प्रसाद, उमेश यादव, बैजनाथ यादव, केशो यादव, दिलीप केशरी, हसमत अंसारी, जागेश्वर साव, कृष्णा केशरी, सुनील केशरी, राजदेव यादव, अशोक यादव, विजय साव, प्रदीप प्रसाद, राजू प्रसाद, बासुदेव प्रसाद, सीताराम रविदास, मुकेश रविदास, अभिषेक कुमार, लालधारी महतो सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल, बलिया का संगठन विस्तार, व्यापारियों की एकजुटता पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलिया।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल की बलिया इकाई द्वारा रविवार, 14 दिसंबर 2025 को जिला कार्यालय पर संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई और उन्हें विधिवत नियुक्ति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन महामंत्री जितेंद्र चतुर्वेदी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने की। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष मुख्य आकाश पटेल, अशोक गुप्ता राहुल, संयुक्त मंत्री, जिला उपाध्यक्ष मुख्य विकास पांडे लाल सहित अन्य पदाधिकारी भी मंच पर उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए संगठन की नीतियों, उद्देश्यों और व्यापारियों के प्रति दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी। प्रदेश संगठन महामंत्री जितेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि फेडरेशन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों के हितों की रक्षा करना, संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना और व्यापारियों के बीच आपसी एकता को बनाए रखना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक गुप्ता राहुल, आकाश पटेल और विकास पांडे लाल ने भी व्यापारियों से एकजुट होकर संगठन को मजबूती प्रदान करने और व्यापारिक समस्याओं को संगठित रूप से उठाने का आह्वान किया। संगठन विस्तार के क्रम में मनोज कुमार गुप्ता, कन्हैया लाल वर्मा, सनी कुमार, सोनू शर्मा, अनिल कुमार मिश्रा, अनिल गुप्ता, राजन पटवा, शुभम कश्यप, सोनू पटेल, राजेश पटेल, मोहन जी, रोनियर, अजय पटेल, रवि शंकर गुप्ता, कन्हैया वर्मा, अमर पटेल, राजेश गुप्ता, संजीव कुमार पटेल सहित कई व्यापारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# स्व. सतीश कुमार यादव को दी गई दूसरी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** पंचमाधव स्थित आवास पर दिवंगत पारा शिक्षक स्व. सतीश कुमार यादव को दूसरी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उल्लेखनीय है कि 12 दिसंबर 2023 को बीमारी के कारण उनका निधन हो गया था। उनके निधन से शिक्षा जगत सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। श्रद्धांजलि सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने स्व. सतीश कुमार यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने उनके सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और शिक्षा के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, विकास यादव, पारा शिक्षक दामोदर साव सहित शोकाकुल परिवार के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सर्व समाज के लोगों को सदगुरु कबीर साहेब के बताए मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित

**ललितपुर।** गोविन्द साध के पूज्य पिताजी शोक कुमार साध बानपुर वालों की आत्म मुक्ति हेतु हंस चलावा चौका आरती का आयोजन स्थान वंशीपुरा ललितपुर में श्री श्री 108महंत श्री रघुवीरानंद साहेब जी, श्री सदगुरु कबीर मठ (कबीर चौरा) , पिसनारी बाग ललितपुर के कर कमलों द्वारा सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभश्री महंत जी की चरण पूजा, के उपरान्त नारियल भेंट, चौका आरती सात्त्विक यज्ञ विधान, सदगुरु कबीर साहेब जी की आरती, पान परवाना, तत्पश्चात भोजन प्रसाद वितरण किया गया। सात्त्विक यज्ञ विधान के दौरानश्री महंत साहेब जी द्वारा अपने उद्बोधन में सर्व समाज के लोगों को सदगुरु कबीर साहेब के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया व समाज को संदेश दिया कि हमें अपनी आगामी पीढ़ी को सुशिक्षित एवं संस्कार वान बनाना है। कबीरा मन निर्मल भया, जैसे गंगा नीर। पा छे पाछे हरि फिरे, कहत कबीर कबीर।। अर्थात हमें अपने मन को गंगा जल की तरह साफ रखना है, राग द्वेष, ईर्ष्या, क्रोध, लोभ, मोह, घृणा जैसे दुर्गुणों को दूर करके प्राणी मात्र के प्रति प्रेम व सद्भाव रखना है। कार्यक्रम में स्थानीय समाज बंधुओं के अलावा इंदौर, उज्जैन, चंदेरी व दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कबीर सैनिक सेवार्थी समिति, ललितपुर के पदाधिकारियों , अध्यक्ष मनीष साध, महामंत्री महेंद्र साध, कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, मंत्री मुकेश साध का विशेष सहयोग रहा ।

### एडीओ पंचायत जखौरा को सौंपा ज्ञापन



**ललितपुर।** विकासखंड जखौरा में ग्राम पंचायत अधिकारियों ने प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर पूर्व प्रेषित ज्ञापन 1 दिसम्बर 2025 के क्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों की ऑनलाइन उपस्थित प्रणाली एवं विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभाग के कार्यों के विरोध में चल रहे सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन के बिंदु संख्या 01 से 05 तक के परिपालन में 15 दिसंबर 2025 तक सभी ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों की कोई भी मांग अभी तक पूर्ण न होने के कारण विकासखंड जखौरा के सचिवों ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) विकासखंड जखौरा को अपने-अपने डोंगल जमा कर ज्ञापन दिया। इस मौके पर अजय प्रताप सिंह, वीरेन्द्र बरौदिया, प्रकाश वर्मा, कुसुम उपाध्याय, अवधेश प्रताप सिंह, धरमदास सुमन, पूजा यादव, स्वाती सिंह, नेहा शर्मा, हिमांशु कुशवाहा, प्रदीप पंथ, दीपक विश्वकर्मा, अमित कुमार जैन, ब्रह्मकुमार रिछारिया आदि उपस्थित रहे।

### जखौरा पुलिस ने लौटाए खोए हुये फोन्स




**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जखौरा पर जनसुनवाई, पोर्टल पर गिरे/ खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना जखौरा पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्षलेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 03 अदद गिरे हुए/खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक व थाना जखौरा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। फोन्स बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैस, उ.नि.विवेक धामा, हे.का.प्रेमबाबू, का.मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

# गौवंशों के रखरखाव व प्रबंधन में न हो कोई लापरवाही, रेण्डम आधार पर निरीक्षण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें अधिकारीः डीएम

**●गौशालाओं में भोजन, पानी, ठंड से बचाव सहित बीमार पशुओं को अलग शेड में रखने के दिये निर्देश**

**हरा चारा बोआई के लिए गौशालाओं के आसपास चारागाह की भूमि तलाशे बीडीओ**

**जनपद में क्रय केन्द्रों की कार्यप्रणाली, उठान व भुगतान सहित उर्वरकों की उपलब्धता पर प्रतिदिन रिपोर्ट करने हेतु डीडी एजी को दिये निर्देश**

**जनपद की अपेक्षित बस्तियों व मजरों को चिन्हित कर 1 जनवरी तक विकास कार्यों के प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु खण्ड विकास अधिकारियों को दिये निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को जनपद की गौशालाओं के संचालन, गौवंशों के प्रबंधन, ठंड से बचाव सहित भोजन पानी की उपलब्धता सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए नोडल अधिकाधिकारियों व सभी लाइन विभागों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही अपेक्षित बस्तियों व मजरों में विकास कार्यों व सरकारी योजनाओं के अच्छादन हेतु 01 जनवरी तक प्रस्ताव भी मांगे। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों सहित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि रैण्डम आधार पर गौशालाओं का निरीक्षण कर गौशालाओं में भूसा, हरा चारा, चोकर, चूनी, साईजेल, पानी आदि की उपलब्धता, बीमार पशुओं के लिए अलग शेड सहित सभी व्यवस्थाओं की स्थलीय सत्यापन करें, स्टॉक रजिस्टर मेन्टेन करायें, साथ ही बीमार पशुओं को अलग शेड में रखकर उपचार की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि जहां अलग शेड उपलब्ध नहीं है, वहां अस्थायी शेड की व्यवस्था करायी जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि कार्यदायी विभागों के जूनियर इंजीनियरों से गौशालों का सर्वे कराकर ढलान की स्थिति के अनुसार तालाबों का निर्माण करायें, जिससे गर्मी के मौसम में भी पर्याप्त पानी की उपलब्धता रहे। साथ ही तालाबों के किनारे सघन वृक्षारोपण भी करायें और प्रत्येक पौधे के लिए शासनादेश के अनुसार अनुरक्षण श्रमिक भी रखे जायें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि जिन गौशालाओं में भूमि के अभाव में हरे चारे की बुआई नहीं की जा रही है, वहां आसपास चारागाह की भूमि को अगली बैठक से पहले चिन्हित करें, ताकि वहां हरे चारे की बुआई सुनिश्चित करायी जा सके।

बैठक में जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी नोडल अधिकारियों से गौशालाओं में उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की, जिसमें नोडल अधिकारियों द्वारा किये गए निरीक्षणों की रिपोर्ट के आधार पर जानकारी दी गई।

उपरोक्त के अलावा जिलाधिकारी ने जनपद के क्रय केन्द्रों पर मूंगफली उठान, भुगतान व दुकानों पर उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए उप निदेशक कृषि को निर्देश दिये कि प्रतिदिन मूंगफली उठान, भुगतान व उर्वरक की उपलब्धता की निगरानी करें और शाम को रिपोर्ट उपलब्ध करायें। किसी भी दशा में पेन्डेंसी नहीं रहनी चाहिए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जनपद के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के आच्छादन की समीक्षा की, उन्होंने दौरान उप निदेशक कृषि को फार्मर रजिस्ट्री की ग्राम पंचायतवार सूची, आयुष्मान योजना के ऐसे लाभार्थी जिनका कार्ड नहीं बना है, उनकी सूची जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, साथ ही डीपीआरओ को अपने माध्यम से इन सूचियों को ग्राम प्रधानों को उपलब्ध कराते हुए ऐसे छूटे हुए परिवारों की मैपिंग कराने के निर्देश दिये, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि 01 जनवरी तक सम्पर्क मार्ग या चक रोड से वंचित सभी मजरों और उपेक्षित बस्तियों को चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध करायें ताकि वित्तीय वर्ष समाप्त होते होते विकास कार्य कराए जा सकें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, सीवीओ डॉ भगवान सिंह, डीपीआरओ कुॅवर सिंह यादव, उप निदेशक कृषि, एआर कोपरेटिव, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सक व अन्य लाइन विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में देखे गये मरीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इस क्रम में प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी जन जागरूकता बढ़ाने के लिये मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श, और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। मेले में नागरिकों को अनेक प्रकार की सेवाएं निशुल्क उपलब्ध करायी जा रही हैं, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण और स्वास्थ्य परामर्श, टीकाकरण संबंधी जानकारी एवं सुविधा आयुष्मान भारत योजना और अन्य सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। डीएम सत्य प्रकाश ने नागरिकों से अपील की कि वह रविवार को अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला जिले में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और रोगों की प्रारंभिक पहचान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा है। इस पहल के माध्यम से स्वस्थ समाज और रोगमुक्त जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जिले में आयोजित किये गये मेले में मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इन मेले के माध्यम से जनपदवासियों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। मेलों में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिये परामर्श भी दिया जा रहा है। आयोजित किये गये मेले में सर्वाधिक मरीज पी.एच.सी. गदयाना में देखे गये।

### गालियां देकर मारपीट करने का आरोप

**बचाव करने आयी बहन के हाथ में काटा**

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम दावनी में रहने वाले राकेश कुशवाहा पुत्र हरप्रसाद ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शनिवार को शाम करीब 6 बजे वह अपने घर के दरबाजे पर बैठा था, तभी गांव के श्रीराम उर्फ टन्नु पुत्र प्रभु कुशवाहा आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर श्रीराम ने उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर बचाव करने आये उसके पिता हरप्रसाद, बहन कमलेश के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। यह भी आरोप है कि श्रीराम ने उसकी बहन के हाथ में काट लिया, जिससे उसे घाव हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर श्रीराम के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 118 (1), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## तालबेहट पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भैंस चोरी गैंग का भंडाफोड़

**●पिकअप समेत 6 शातिर गिरफ्तार, 5 भैंस बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**तालबेहट ।** कोतवाली पुलिस ने भैंस चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय पशु चोर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की पांच भैंसें, एक पिकअप वाहन और नकदी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले से भैंस चोरी कर उन्हें उत्तर प्रदेश में खपाने की फिराक में थे।

पुलिस अधीक्षक मु0मुश्ताक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी रक्षपाल सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। कोतवाली पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान माताटीला रोड हाईवे अंडरपास के नीचे, ग्राम खांदी मजरा पौरिया क्षेत्र से पिकअप संख्या यूपी 93 ई टी 0306 को रोका गया। तलाशी में वाहन में लदी पांच भैंसें बरामद हुई, जिनमें एक पड़िया मृत अवस्था में मिली, जबकि एक पड़िया का बच्चा भी मौजूद था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रताप कुमार उर्फ पिंटू, अब्बास कुरैशी, शोएब कुरैशी, मुकुल बाल्मीकि, जाहिद कुरैशी और इरफान कुरैशी के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने भैंसों को शिवपुरी (मध्यप्रदेश) से चोरी करना स्वीकार किया है। इस संबंध में शिवपुरी पुलिस से संपर्क किया जा रहा है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ थाना तालबेहट में मुकदमा संख्या 526/2025 धारा 317(2), 317(4), 325 बीएनएस एवं 11(1)(डी) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मृत पड़िया के पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्साधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है। वहीं, गिरफ्तार अभियुक्त अब्बास कुरैशी पहले से ही कई आपराधिक मामलों में वांछित व नामजद बताया गया है।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा सहित उपनिरीक्षक व कांस्टेबलों की टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई। पुलिस का कहना है कि पशु तस्करी व चोरी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## पावागिरि में पंचकल्याणक महामहोत्सव के लिए महापात्रों का चयन

**●चंद्रप्रभा जयकुमार जैन बने माता-पिता, शशि उत्तमचंद्र जैन बने सौधर्म इंद्र**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट ।** प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में सोमवार को आचार्य प्रवर विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य बुंदेली संत, वात्सल्य मूर्ति मुनि सुव्रत सागर महाराज के मंगलमय सानिध्य में मूलनायक भगवान पारसनाथ स्वामी एवं चौबीसी के मूलनायक भगवान चंद्रप्रभ स्वामी का जन्म-तप कल्याणक श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन-विधान की धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुई। 12 से 17 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले श्री मज्जिनेन्द्र जिनबिंब प्रतिष्ठा एवं पंचकल्याणक महामहोत्सव के लिए प्रतिष्ठाचार्य बा. ब्र. संजय भैया (मुरैना) के निर्देशन में पात्र चयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलाचरण नीतू जैन (बबीना) द्वारा किया गया। चयन में चंद्रप्रभा जयकुमार जैन (बबीना) को माता-पिता एवं शशि उत्तमचंद्र जैन (बबीना) को सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि सुव्रत सागर महाराज ने कहा कि पंचकल्याणक पाषाण को भगवान बनाने की आध्यात्मिक प्रक्रिया है। इस महान धार्मिक अनुष्ठान में पात्र बनने वालों को असीम पुण्य का संचय होता है। कार्यक्रम में पं. महेंद्र कुमार जैन (विदिशा), पं. प्रदीप जैन शास्त्री (मडावरा), पं. विनोद जैन शास्त्री, ओमप्रकाश एड., शिखरचंद्र, राजकुमार जैन, अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, मंत्री जयकुमार जैन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद जैन, उपाध्यक्ष विशाल जैन (पवा), संयुक्त मंत्री विकास भंडारी, उपमंत्री आकाश चौधरी, ऑडिटर पंकज भंडारी एवं अजय जैन, अरविंद जैन, गौरव विरधा, अमित कुमार, अक्षत जैन सहित क्षेत्र प्रबंध कार्यकारिणी समिति व निकटवर्ती दिगंबर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन (बबीना) ने किया तथा आभार मंत्री जयकुमार कंधारी एवं उपाध्यक्ष विशाल जैन (पवा) ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया।

## तालबेहट के युवा प्रथम बिलगैयां बने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिले के शहर तालबेहट के लिए शनिवार का दिन गौरवांवित करने वाला रहा, जिसमें शहर तालबेहट के बेटे ने फ्लाईग ऑफिसर बन कर शहर का नाम रोशन किया है। वायु सेना अकादमी हैदराबाद में पासिंग आउट में प्रथम बिलगैयां ने फ्लाईग ऑफिसर बन कर सफलता अर्जित की और भारतीय वायु सेना में कमीशन प्राप्त किया है। अब यह युवा देश की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाएगा। एक साल तक हैदराबाद में कठिन परिश्रम के बाद इस युवा ने यह मुकाम पाया है और राष्ट्रीय स्तर पर जिला ललितपुर उ.प्र. के तालबेहट की पहचान दिलाई है। तालबेहट में पढ़े लिखे स्व.पुरुषोत्तम नारायण बिलगैयां रिटायर्ड प्रधानाचार्य के पौत्र तथा अर्चना दीपक बिलगैयां के पुत्र हैं। उन्होंने बताया है कि बेटे में शुरू से ही सेना खास तौर से वायु सेना के प्रति आकर्षण था। उनके दादाजी स्व.पुरुषोत्तम नारायण बिलगैयां को पहले से ही पूरी उम्मीद थी, कि हमारा पौत्र भारत माता की सेवा में सदव तत्पर रहना चाहता है। उन्होंने बताया कि आज उनके लिए सबसे बड़ा दिन है, उनका सपना साकार हुआ है। इसके लिए उन्होंने बहुत मेहनत की थी। प्रथम के माता पिता बेटे के फ्लाईग ऑफिसर बनने पर खुद को बहुत गौरवांवित महसूस कर रहे है। उन्होंने बताया कि पुत्र ने कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से यह सफलता अर्जित की है।

### घरेलू विवाद में पत्नी ने किया विषाक्त का सेवन

**पीआरवी लेकर पहुंची अस्पताल, झांसी रेफर**

**ललितपुर।** सदर कोतवाली के ग्राम रोंडा में पति-पत्नी के विवाद में पत्नी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत नाजुक हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पीआरवी 2618 आहत महिला को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां से महिला को झांसी रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पति पत्नी में कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। मामला थाने भी पहुंचा था, जहां आपसी समझौता करा दिया गया था। इसके बाद सोमवार की सुबह फिर से पति पत्नी में विवाद हो गया, जिसके बाद पत्नी ने रोते हुए 112 को लगाया और फिर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। फोन आते ही 2618 पीआरवी लुकेशन पर पहुंची, जहां महिला घर में अकेली थी, घर के बाकी सभी लोग खेत पर गए हुये थे। पीरवी 2618 ने बिना देर किये मानवता दिखाई और महिला को पड़ेसियों की मदद से उसी पीआरवी गाड़ी संख्या 2618 से ललितपुर मेडीकल कालेज लेकर पहुंचे, जहां महिला के परिजन भी पहुंचे। वहीं मेडीकल कालेज में मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत नाजुक देखते हुए उसे झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है।

## सर्दी का सितम, सरकारी इंतजाम नदारद ठिठुरते राहगीर

**●मूक पशुओं को भी नहीं मिल रहा सहारा**

**निराश्रितों को कंबल और अलाव की दरकार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** लगातार बढ़ती सर्दी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है, लेकिन अब तक ठंड से राहत के लिए कोई ठोस सरकारी इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं। देर से आई सर्दी ने बीते तीन दिनों में अपना तीखा असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह से दोपहर तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो रहे हैं और सर्द हवाएं पूरे वेग से चल रही हैं, जिससे लोगों को जबरदस्त ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

कोहरे की दस्तक से जहां आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है, वहीं शाम ढलते ही राहगीर और मूक पशु सर्दी से बचाव के लिए अलाव की तलाश में भटकते नजर आते हैं। हैरानी की बात यह है कि नगर में अब तक किसी भी स्थान पर सरकारी स्तर पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे राहगीरों को कड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात्रि के समय आवागमन के साधन सीमित होने के कारण यात्रियों के लिए रैन बसेरे की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। सर्दी से बचाव के लिए सामाजिक संस्थाओं और प्रशासनिक स्तर पर किए जाने वाले इंतजाम अब तक शुरू नहीं हो सके हैं। नगर में अलाव जलाने, जरूरतमंदों को कंबलों का वितरण कराने और रैन बसेरों में ठहरने की समुचित व्यवस्था कराने की लोगों ने मांग की है। बढ़ती ठंड के बीच जल्द इंतजाम न होने पर जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

### जीआरपी पुलिस ने सर्कुलेटिंग एरिया से पकड़ी शराब

**ललितपुर।** जीआरपी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान माल गोदाम के पास से महिला को हिरासत में लिया है। पुलिस ने महिला के पास से पीला डिब्बा में रखी शराब बरामद की है। जीआरपी में तैनात उप निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि वह हमराह कां.पंकज कुमार व कां. पूजा दिवाकर के साथ गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान वह रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में पहुंचे, जहां माल गोदाम के पास बने ओवर ब्रिज के नीचे दबिश देकर ग्राम मऊ मैनवारा निवासी प्रियंका पत्नी प्रदीप कबूतरा को हिरासत में लिया है। जीआरपी पुलिस ने उसके पास से 10 लीटर अवैध शराब बरामद की है। जीआरपी पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत मामला दर्ज किया है।

## सहकारी समिति में आयोजित हुई ग्राम स्तरीय किसान पाठशाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** कृषि विभाग के तत्वावधान में ललितपुर सहकारी समिति परिसर में ग्राम स्तरीय किसान पाठशाला का सफल आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से अवगत कराकर रबी फसलों की उत्पादन क्षमता में बृद्धि करना रहा। किसान पाठशाला में कृषि विभाग से अंकिता नायक ने किसानों को रबी फसलों के फसलवार प्रबंधन, संतुलित पोषण प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा उन्नत कृषि संसाधनों के समुचित उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। वहीं फसल बीमा योजना के संबंध में विवेक मिश्रा द्वारा किसानों को आवश्यक जानकारी दी गई। इसमें आरबीआई, नाबार्ड, पीएनबी व आरोह फाउंडेशन से एफ.सी. सोहिब खान द्वारा किसानों को विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं एवं योजनाओं से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त पीएनबी आरसेटी से रूपेंद्र श्रीवास्तव द्वारा किसानों को स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। आयोजन में सहकारी समिति सचिव संदीप चौहान एवं रवि नामदेव की सक्रिय भूमिका रही। इस दौरान किसानों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके प्रश्नों का समाधान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को उपयोगी एवं लाभकारी बताया।

## गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मंडल के बूथों पर जाकर किया संपर्क

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**जाखलौन।** गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने मंडल के बूथों पर जाकर संपर्क किया और अभियान में लगे बीएलओ को संगठन के माध्यम से सहयोग का आश्वासन दिया। आज मंडल की टीम ने आदिवासी बाहुल्य सहरिया बस्तियों में संपर्क कर उन्हें जागरूक किया।

भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर मंडल टीम ने आज सहरिया बस्तियों में गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। जो मतदाता बाहर मजदूरी या अन्य कार्य से बाहर हैं उनसे संपर्क करने के लिए परिजनों को प्रेरित किया। अधिकांश सहरिया मजदूर जो मजदूरी के लिए बाहर गए हैं उनके लिए परिजनों से निर्धारित दस्तावेज उपलब्ध करवाने के लिए आधार कार्ड अथवा परिवार के मुखिया का आधार कार्ड के साथ एसआईआर फॉर्म पूर्ण करवाने के लिए अवगत कराया।आज बूथ क्रमांक 525 बंदरगुड़ा,बूथ क्रमांक 526 देवगढ़,बूथ क्रमांक 527 कुचदों,बूथ क्रमांक 528 गडोली,बूथ क्रमांक 529 रामपुरा,बूथ क्रमांक 530 सैपुरा में ग्रामीण मतदाताओं और बीएलओ,बीएलए2 से संपर्क कर अभियान को सफल बनाने की अपील की।आज के अभियान में जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास,पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेश प्रकाश कौंते,मंडल प्रभारी रविंद्र पाठक, भाजपा वरिष्ठ नेता कुं0 महेंद्र प्रताप सिंह पप्पू राजा,रूपेश श्रीवास, कैलाश नारायण नांगल और सभी बूथों के बीएलए 2 शामिल रहे।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत, एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सतगता में रहने वाले रामस्वरूप पुत्र सुल्तान सिंह ने पुलिस को अवगत कराया है कि बीती 12 दिसम्बर को शाम करीब 6.30 बजे उसका भाई 72 वर्षीय रघुवीर सिंह खेत से पैदल आ रहे थे। जैसे ही वह मोहल्ला 9 नम्बर सतगता में पहुंचे कि ट्रान्सफार्मर के पीछे से तेज गति व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये आ रहे सीरोंनखुर्द निवासी गनेश पुत्र गनपत लोधी ने अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.एच. 2875 से उसके भाई रघुवीर को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में रघुवीर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। झांसी मेडीकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में उनके भाई की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने रामस्वरूप की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## बटवारे को लेकर एक राय होकर मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम बिगारी में रहने वाले करनसिंह पुत्र स्व. बागराज सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि रविवार को सुबह उसकी पत्नी राजकुमारी घर में झाड़ू लगा रही थी। तभी उसके बड़े भाई चन्दन की पत्नी अवधरानी व भतीजे की लड़की प्रिंसी व दिव्यांशी, शेयजल पुत्री देवेन्द्र लोधी आये और उसकी पत्नी को बटवारे को लेकर गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरू गोविंद सिंह जयंती पर 27 दिसम्बर को अवकाश घोषित

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वर्ष-2025 हेतु घोषित अवकाशों की सूची के प्रस्तर-2 के बिंदु (द्व1) कार्यकारी आदेश के अंतर्गत घोषित अवकाशों की सूची में क्रमांक-3 पर गुरू गोविंद सिंह जयंती सम्मिलित है। शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरांत गुरू गोविंद सिंह जयंती के अवसर पर दिनांक 27 दिसम्बर, 2025 को कार्यकारी आदेश के अंतर्गत अवकाश घोषित किया गया है।

### सचिवों ने एडीओ पंचायत को डोंगल सौंपे



### ऑनलाइन हाजिरी गैर विभागीय कार्यो के विरोध में सत्याग्रह आंदोलन

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ और ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को बर्डपुर ब्लाक के ग्राम सचिवों ने ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में अपना - अपना डोंगल महेश्वर पाण्डेय प्रभारी सहायक विकास अधिकारी( पंचायत) बर्डपुर को सौंप कर सत्याग्रह आंदोलन तेज कर दिया है। ग्राम सचिवों ने आरोप लगाया कि ग्राम सचिवों का कई ग्राम पंचायत में तैनाती होती है। जिससे ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करना संभव नहीं है। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन के जिलाध्यक्ष आशुतोष यादव, ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, मनोहर लाल बरनवाल, अंकित कुमार शुक्ला, अजहरुद्दीन, राजदीप मिश्रा, अमन सोनी, विशाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### बर्डपुर में ब्लॉक स्तरीय रबी गोष्ठीः किसानों को आधुनिक खेती अपनाने का आह्वान



**सिद्धार्थनगर।** जिले के बर्डपुर ब्लाक के प्रांगण में सोमवार को ब्लाक स्तरीय रबी गोष्ठी का आयोजन किया गया। रबी गोष्ठी की अध्यक्षता प्रमुख प्रतिनिधि चंद्र मोहन चौधरी ने किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग एवं कृषि से संबद्ध विभागों के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी किसानों को दी गयी। साथ ही रबी फसलों की उन्नत खेती, बीज चयन, उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था, कीट एवं रोग नियंत्रण सहित वर्तमान समसामयिक तकनीकी जानकारियां दी गई । खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश सिंह यादव ने किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने तथा नई तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने की सलाह दी।गोष्ठी में किसानों की समस्याओं को भी सुना गया और उनके समाधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया. इसके अलावा सहायक विकास अधिकारी (कृषि) मनीष त्रिपाठी ने किसानों से फसल अवशेष प्रबंधन करने और विभाग द्वारा संचालित योजना के तहत आवेदन करने को लेकर अपील की। इस दौरान भाजपा नेता नीतेश पाण्डेय, इंचार्ज विनोद कुमार पटेल, राकेश चंद्रा,दुर्गेश कुमार चौधरी, समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू कालाकांकर में किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन 17 दिसम्बर को

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू कालाकांकर के सभागकार कक्ष में दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान किसानों की कृषि से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने जनपद के अधिक से अधिक किसानों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करने एवं इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है।

# ठंड के बढ़ते असर को देखते हुए प्रशासन अलर्ट

**●आपदा प्रहरी ऐप से की जा रही है सतत निगरानी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** लगातार बढ़ रही ठंड के मद्देनज़र जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर जनपद का प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। ठंड से बचाव के लिए सभी तहसीलों में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं और प्रमुख बाजारों, चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि कोई भी जरूरतमंद ठंड से प्रभावित न रहे और सभी व्यवस्थाएं निरंतर निगरानी के साथ संचालित की जाएं। घाटमपुर तहसील में कंबल वितरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। उपजिलाधिकारी अबिचल प्रताप सिंह ने बताया कि अज्योरी, सजेती और कुष्मांडा माता मंदिर परिसर में विधवा, निराश्रित, बुजुर्ग तथा यति-संन्यासी सहित लगभग 80 जरूरतमंद और पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। सीएचसी घाटमपुर, मां कुष्मांडा मंदिर परिसर सहित प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। तहसील क्षेत्र में कुल 20 अलाव स्थल सक्रिय हैं, जिनमें 7 नगर पालिका क्षेत्र और 13 ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार व चौराहों पर स्थापित हैं। उन्होंने बताया कि कुष्मांडा माता मंदिर परिसर और तहसील परिसर में स्थापित दोनों स्थायी रैन बसेरे पूरी तरह क्रियाशील हैं।

बिल्हौर तहसील में उपजिलाधिकारी संजीव दीक्षित ने बताया कि घुमंतु समुदाय से जुड़े ऐसे परिवार जो बिना स्थायी आवास के जीवनयापन कर रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरित किए गए हैं। ककवन टेंपो स्टैंड, चौबेपुर सहित विभिन्न बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि बिल्हौर और शिवराजपुर में स्थापित दोनों स्थायी रैन बसेरों में ठंड से बचाव की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। नरवल तहसील में उपजिलाधिकारी विवेक मिश्रा ने क्षेत्र भ्रमण कर अलाव स्थलों का निरीक्षण किया और बाजारों में आने वाले खरीदारों, कामगारों व श्रमिकों की सुविधा के अनुसार सुबह और शाम नियमित रूप से अलाव जलवाने के निर्देश दिए। नर्वल, हाथीपुर और रूमा क्षेत्रों में कंबल वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। तहसील कार्यालय परिसर में आयोजित वितरण कार्यक्रम में लगभग 95 जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए गए।

सदर तहसील में तहसीलदार विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि तहसील क्षेत्र के 22 स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं। सभी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आपदा विशेषज्ञ जुगबीर सिंह ने बताया कि जनपद में सदर तहसील में 22, बिल्हौर और घाटमपुर में 20-20 तथा नरवल तहसील में 10 अलाव स्थल सक्रिय हैं। सभी अलाव स्थलों एवं रैन बसेरों की फोटो नियमित रूप से आपदा प्रहरी ऐप पर अपलोड की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि चारों तहसीलों में कंबल वितरण के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। सदर तहसील में 1,182 कंबल उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि घाटमपुर, नरवल और बिल्हौर में प्रत्येक तहसील को 700-700 कंबल उपलब्ध कराए जा चुके हैं, जिनका वितरण निरंतर किया जा रहा है।

### सीडीटीपी योजना के तहत ग्रामीणांचल प्रशिक्षार्थियों को किया जा रहा है प्रशिक्षित

**प्रतापगढ़।** राजकीय पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य ने बताया है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग डिप्लोमा सेक्टर के अन्तगर्त जनपद प्रतापगढ़ में दो पालीटेक्निक संस्थाओं में छात्र छात्राएं अध्ययनरत है। जनपद प्रातपगढ़ में दो पालीटेक्निक निर्माणाधीन है। निकट भविष्य में शिक्षण प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। केन्द्र सरकार के सहयोग से कम्यूनिटी डेवलपमेन्ट थ्रू पालीटेक्निक (सीडीटीपी) योजना के अन्तर्गत ग्रामीणांचल के प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण देकर उन्हे स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। संस्था में वर्ष 2024-25 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का कैम्पस साक्षात्कार के माध्यम से 100 प्रतिशत सेवायोजन हुआ है। भू-गर्भ जल विभाग के सहयोग से संस्था में बरसात के पानी के प्रबन्धन हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराया जा रहा है।

## कानपुर प्रेस क्लब में हुई श्रद्धांजलि सभा, पत्रकारों ने मनीष निगम को जुझारू पत्रकार बताया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर** – वरिष्ठ पत्रकार मनीष निगम को श्रद्धांजलि अर्पित करने को कानपुर प्रेस क्लब में हुई सभा में उन्हें जिज्ञासु और कर्मठ पत्रकार बताया गया अमर उजाला के स्थानीय संपादक नीरज तिवारी ने कहा कि मनीष जुझारू, जिज्ञासु और बेहद विनम्र पत्रकार थे उनके रहते लगता था कि मनीष हैं तो कोई खबर नामुमकिन नहीं है नेटवर्क गज़ब का था और देर रात तक ख़बरों के अपडेट को जूझते रहते थे प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस वाजपेई ने कहा कि मनीष ख़ामोशी से काम करने वाले कर्मठ, ईमानदार और शानदार पत्रकार थे वरिष्ठ पत्रकार पंकज प्रसून ने कहा कि वह बिस्तर पर पड़े गंभीर बीमार रहते हुए भी ख़बरें अपडेट करते रहते थे मनोज चौरसिया ने कहा कि उनसे बहुत सीखा, उनकी कमी खलेगी आदर्श ने कहा कि मनीष के शब्दकोष में न शब्द नहीं था निन्नी पांडे ने मनीष को समर्पित पत्रकार बताया द्य प्रेस क्लब के महामंत्री शैलेश अवस्थी ने कहा कि मनीष ने पत्रकारिता को जिया और ज़ब भी अपराध पत्रकारिता की कहानी लिखी, पढ़ी और सुनी जाएगी, मनीष का जिक्र ज़रूर आएगा द्य इसके पहले मनीष निगम के चित्र पर पत्रकारों ने श्रद्धां सुमन अर्पित किए मनीष के परिजनों ने भी पुष्प अर्पित किए दो मिनट का मौन रख मनीष की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई इस मौके पर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष गौरव सारस्वत, मंत्री मोहित दुबे, शिवराज साहू, मयंक मिश्रा, रोहित निगम, गगन पाठक, अमन चतुर्वेदी, दीपक सिंह, रवि शर्मा, अमित चौहान, अभिषेक शर्मा, रामजी पांडे, वरिष्ठ पत्रकार संजय लोचन पांडे, धीरेन्द्र जायसवाल, शैली भल्ला, पुनीत द्विवेदी, गौरव, अजय त्रिपाठी आदि ने श्रद्धांजलि दी।

## मामूली विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़े, मौका पाकर चोर स्कूटी ले गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर नगर।** शहर के रावतपुर थाना क्षेत्र में स्कूटी टकराने के मामले के मामूली विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए, दोनों के बीच में विवाद शुरू हो गया, और नौबत मारपीट तक पहुंच गई, दोनों पक्ष से कई लौग भी पहुंच गए । आसपास के लोगों ने मामला बढ़ते देख बीच बचाव कराया ,और मामला शांत होने के बाद स्कूटी मालिक जब लौटा , तो उसकी स्कूटी मौके से गायब हो गई , काफ़ी देर तक आस पास खोज बीन करने के बाद उसे चोरी का एहसास हुआ, जिसके बाद पीड़ित ने रावतपुर थाने जाकर तहरीर दी,और मुकदमा दर्ज कराया, पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही, मसवानपुर के




पुरानी मस्जिद निवासी निजामुद्दीन ने बताया कि बीतीं रात को नमक फैक्ट्री चौराहे से नौ नंबर क्रासिंग रावतपुर की ओर स्कूटी से जा रहा था, चौराहे से बाई ओर मुड़ने के दौरान आगे चल रहा ई रिक्शा की आपस में टक्कर हो गई , जिसके कारण दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, लेकिन लोगों ने मामला शांत हो गया गया , जब निजामुद्दीन स्कूटी लेने आगे बढ़े तो,ई रिक्शा चालक ने फोन कर अपने परिचितों को मौके पर बुला लिया , नौबत मारपीट तक आ गई, लोगों के बीच बचाव करानें के बाद निजामुद्दीन स्कूटी के पास पहुंचे तो उनकी स्कूटी वहां से गायब थी,स्कूटी की डिग्गी में 50 हजार रुपए नकद , जरूरी दस्तावेज और हेलमेट रखा था, आसपास ढूंढा लेकिन स्कूटी नहीं मिली,जिसकी सूचना पुलिस को दी , पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है, मामले की जांच शुरू कर दी है, रावतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखें जा रहें हैं जिससे स्कूटी ले जाने वाले का पता लगाया जा सके, जल्द ही आरोपी को हिरासत में लिया जाएगा।

### मोहल्ले में नहीं सड़क, बिजली व पानी

**मोहल्लेवासियों ने एसडीएम को भेजा ज्ञापन**

**ललितपुर।** बीते सात-आठ वर्षों से वार्ड में विकास कार्यों के न होने से परेशान मोहल्लेवासियों ने सोमवार को लामबंद होकर एसडीएम सदर को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि मोहल्लेवासियों ने रामनगर निवासी व्यक्ति से जमीन खरीदी थी, उसके द्वारा जमीन पर आबादी होने के बाद सड़क, बिजली व पानी दिये जाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन विक्रेता द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इस सम्बन्ध में कई बार मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका और विक्रेता से विकास कार्यों को कराने की गुहार लगायी, लेकिन आज तक न तो यहां सड़क डाली गयी और न ही पेयजल की व्यवस्था। मोहल्लेवासियों ने उप जिलाधिकारी सदर से मामले में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय प्रेमबाई, नरेन्द्र कुमार, अलताफ, ममता, सोनम, गोविन्द, रश्मि, काशीराम, सपना, रामनरेश, कैलाश करौसिया, भोला, जावेद, विकास, शबाना, हिना बानो, आनन्द, हीरालाल, रमेश, रूबी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## महाराज पुर थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में महिला स्टाफ से अभद्रता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर क्षेत्र अंतर्गत एक निजी नर्सिंग होम महिला स्टाफ से अभद्रता का मामला सामने आया है, नर्सिंग होम संचालक की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। आपको बताते चलें कि यह घटना महाराज पुर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में हुई है, सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची,और आरोपी युवक को पकड़ कर महाराज पुर थाने ले आई, पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है, महाराज पुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर युवक को हिरासत में लिया गया है, और उससे पूछताछ की जां रहीं हैं, नर्सिंग होम संचालक ने पुलिस को बताया कि उनके अस्पताल में एक होमगार्ड का बेटा नशे की हालत में अस्पताल आया और गाली गलौज करनें लगा ,उसने वहां मौजूद



महिला स्टाफ के साथ अभद्रता की, जिसके बाद उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी, वहीं आरोपी युवक का कहना है कि उसके पिता का इलाज अस्पताल में चल रहा था,और अस्पताल प्रशासन इलाज में लापरवाही बरत रहा था,इसी बात को लेकर उसकी अस्पताल स्टाफ से कहा सुनी हो गई थी युवक ने महिला स्टाफ से किसी भी तरह की अभद्रता करने से इंकार किया है, अस्पताल संचालक की ओर से अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, धरने पर बैठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर रामादेवी स्थिति मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरि दत्त नेमी के कार्यालय में सोमवार को सैकड़ों आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गई, कार्यालय में मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरि दत्त नेमी ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों का ज्ञापन शासन में भेजा जा रहा है, इसके बाद भी आशा कार्यकर्ताएं शांत नहीं हुई,और उनका धरना लगातार जारी है। आशा कार्यकर्ताओं ने सीएमओ से कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी, धरना प्रदर्शन



जारी रहेगा, कानपुर में अपनी मांगों को लेकर सैकड़ों आशा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सड़क पर उतर आई,अपनी मांगों को लेकर पैदल मार्च निकालते हुए सीएमओ कार्यालय कैंप्स कांशीराम अस्पताल में एकजुट होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया,आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनकी प्रमुख मांगे आशा कार्यकर्ताओं को 45/46 वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों के अनुरूप राज्य स्वास्थ्य कर्मी का दर्जा देकर न्यूनतम वेतन, मातृत्व अवकाश,ईएसआई, भविष्य निधि, ग्रेच्युटी,,और पेंशन,10 लाख का स्वास्थ्य बीमा,50 लाख का जीवन बीमा गारंटी,आशा कर्मियों के काम के घंटे तय करें,2017 से अब तक लंबित भुगतानों को पूर्ण करने समेत अन्य जब तक पूरी नहीं होंगी, धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरि दत्त नेमी ने आशा कार्यकर्ताओं का ज्ञापन लिया और कहा कि समय से सैलरी दी जा रही है,आशा कार्यकर्ताओं ने स्थाई करने की मांग की,इनका मांग पत्र लेकर शासन को भेज दिया जाएगा,यह सब शासन के हाथ में हैं,उनकी मांगों का फैसला शासन से होगा।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय एवं कश्मीर विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर तथा कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर के बीच छात्र एवं संकाय आदान-प्रदान, संयुक्त शोध, अकादमिक सहयोग एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू विश्वविद्यालय परिषद की बैठक के अवसर पर लोकभवन, श्रीनगर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह एवं कश्मीर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निलोफर खान द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम की गरिमामयी अध्यक्षता जम्मू - कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर एवं कुलाधिपति मनोज सिन्हा ने की, जबकि मुख्यमंत्री एवं प्रो-चांसलर उमर अब्दुल्ला की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक महत्व प्रदान किया।



समझौता ज्ञापन की महत्ता को बताते हुए कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, जो महात्मा गौतम बुद्ध की शांति, करुणा और ज्ञान-परंपरा का प्रतीक है, तथा उत्तर भारत के उत्तरी छोर पर स्थित कश्मीर विश्वविद्यालय, जो महान इतिहासकार कल्हण जैसी विभूतियों की समृद्ध बौद्धिक विरासत का केंद्र रहा है, के बीच हुआ यह समझौता केवल एक औपचारिक अकादमिक करार नहीं बल्कि राष्ट्रव्यापी ज्ञान-संवाद का सशक्त सेतु है। उन्होंने बताया कि यह एमओयू तराई क्षेत्र से लेकर हिमालयी भूभाग तक शिक्षा, शोध और सांस्कृतिक संवाद की एक अखंड धारा स्थापित करेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि तराई और हिमालय जैसे संवेदनशील भौगोलिक क्षेत्रों के संदर्भ में पर्यावरण संरक्षण, जैव-विविधता तथा जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों के अध्ययन और समाधान की दिशा में संयुक्त शोध की नई संभावनाएँ भी इस सहयोग से सशक्त होंगी। पर्यावरणीय सततता और क्लाइमेट चेंज पर केंद्रित अकादमिक अनुसंधान दोनों विश्वविद्यालयों के लिए एक महत्वपूर्ण साझा कार्यक्षेत्र बनेगा।

कुलपति ने अपने वक्तव्य में आगे कहा कि इस समझौते से सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। अकादमिक समूहों के स्तर पर संयुक्त शोध परियोजनाएँ, संकाय एवं छात्र आदान-प्रदान, सेमिनार, कार्यशालाएँ, अतिथि व्याख्यान तथा साझा प्रकाशन के अवसर सुलभ होंगे। इससे विद्यार्थियों को बहु-सांस्कृतिक और बहु-क्षेत्रीय शैक्षणिक अनुभव प्राप्त होगा तथा शिक्षकों को अंतर्विषयी शोध, नवाचार-आधारित शिक्षण और राष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक नेटवर्किंग को सुदृढ़ करने का अवसर मिलेगा। कुलपति प्रो. कविता शाह ने लेफ्टिनेंट गवर्नर एवं कुलाधिपति मनोज सिन्हा तथा मुख्यमंत्री एवं प्रो-चांसलर उमर अब्दुल्ला के मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि यह साझेदारी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करेगी और उच्च शिक्षा, अनुसंधान एवं समाज के व्यापक हित में दूरगामी एवं सकारात्मक परिणाम प्रदान करेगी।

## यात्रियों की समस्याओं के समाधान का करेंगे प्रयास - कृष्ण कुमार वर्मा

**●आनन्दनगर, शोहरतगढ़ व बलरामपुर होते हुए जल्द चलेगी दिल्ली, उत्तराखंड व जम्मू के लिए एक्सप्रेस ट्रेनें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** रेलवे बोर्ड के सलाहकार नियुक्त होने पर शोहरतगढ़ आगमन पर नगरवासियों ने फूल माला पहनाकर किया स्वागत।सोमवार को स्वर्णकार संघ शोहरतगढ़ इकाई अध्यक्ष शिवप्रसाद वर्मा की अगुवाई में रेलवे बोर्ड के सलाहकार बनाए गए कृष्ण कुमार वर्मा का नगरवासियों के साथ स्वागत किया गया।स्वागत से अभीभूत कृष्णा कुमार वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश पर रेल मंत्रालय यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर व पारदर्शी बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता है कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना। यात्रियों व व्यापारियों की समस्याओं को बोर्ड की बैठक में उठाकर उसका शीघ्र समाधान कराने का प्रयास करूंगा।उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के काफी संख्या में कामगार रोजी रोटी के लिए महानगरों को जाते हैं ऐसे में दिल्ली,चेन्नई,गुजरात, पंजाब, राजस्थान, कश्मीर की तरफ जाने के लिए इस रूट से कोई एक्सप्रेस ट्रेनों की सुविधा न होने से गोंडा व लखनऊ जाकर अपनी यात्रा पूरी करते हैं।जल्द ही बोर्ड की बैठक प्रस्ताव कर समस्या के समाधान का हर संभव प्रयास करूंगा। नगरवासियों ने कहा कि गोरखपुर से शोहरतगढ़ व बढ़नी की तरफ आने के लिए सायंकाल 3.25 के बाद कोई ट्रेन की सुविधा न होने से यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।नगरवासियों ने एक मांगपत्र सौंपते हुए कहा कि हमसफर का ठहराव शोहरतगढ़ में भी किया जाए तथा दिल्ली,जम्मू व देवनगरी उत्तराखंड की तरफ जाने वाली कुछ ट्रेनों को इस रूट से होकर चलाया जाए जिससे क्षेत्र के यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। स्वागत समारोह में राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, सभासद सतीश वर्मा, अभय प्रताप सिंह, संजय शिल्पी, रिंकू वर्मा, जितेन्द्र वर्मा,दुर्गेश कसौधन, बब्लू वर्मा, राजकिशोर पटवा आदि उपस्थित रहें।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**●विद्यालय सुविधाओं और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार को लेकर सीडीओ ने दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार कक्ष में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति डीटीएफ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने शिक्षा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विकास खंडवार लंबित कार्यों की समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि खंड विकास अधिकारियों को संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर ऑपरेशन कायाकल्प के विभिन्न पैरामीटर में विद्यमान गैप को पूर्ण करने एवं अगली समीक्षा बैठक में प्रगति आख्या प्रस्तुत करें। डीबीटी की पेंडेंसी पर खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित प्र0अ0/प्र0प्र0अ0 से तत्काल आधार सत्यापन पूर्ण करायें। विद्यालयों में विद्युत संयोजन समीक्षा में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम को निर्देशित किया गया कि विद्यालय परिसरों के ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तारों को हटाने एवं विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन की प्रगति आख्या प्रत्येक सप्ताह खण्ड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि डायट के डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा किया जायेगा जिसकी तैयारी की जा रही है। जनपद में एआरपी के विषयवार रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिए गए। मिड-डे मील योजना के अंतर्गत तिथि भोजन को व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय, प्रभावी अनुश्रवण तथा योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला विकास अधिकारी केएन पाण्डेय सहित जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## एफआरयू सेंटर का गर्भवती महिलाओ को मिल रहा है लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले उसका बाजार कस्बा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एफआरयू सेंटर का लाभ क्षेत्र के लोगो को मिल रहा है। इसके तहत सीएचसी पर स्त्री रोग विशेषज्ञ , बाल रोग विशेषज्ञ समेत अन्य स्टाफ की तैनाती के साथ ही आपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। एफआरयू सेंटर ऐक्टिवेशन के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मनोज सिंह ने सोमवार को कस्बा में स्थित सामुदायिक केंद्र पर आकर एफआरयू केंद्र का हाल जाना है। उन्होंने बताया की इस प्रथम संदर्भन इकाई से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले गांवों की गर्भवती महिलाओं को अब किसी दिक्कत के होने पर जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। समय पर उनको तुरंत इलाज मिल सकेगा। जिससे इन महिलाओं के साथ ही उनके स्वजनों को भी परेशान नहीं होना पड़ेगा। अधीक्षक डॉ एस के पटेल ने कहा कि प्रथम संदर्भन इकाई से गर्भवती महिलाओं को काफी लाभ मिल रहा है। पिछले माह में डेढ़ सौ गर्भवती महिलाओ का आपरेशन से डिलेवरी हुआ है। सभी जच्चा बच्चा स्वस्थ है। आपरेशन के बाद महिलाओं को इस केंद्र पर भोजन , दूध, फल आदि दिया जाता है। क्षेत्र की गर्भवती महिलाओ को सुरक्षित प्रसव के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

### नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 7 दिवसीय आवासीय आधारभूत दिया जायेगा प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य ने बताया है कि जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पद पर नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान प्रतापगढ़ में भौतिक रूप से 7 दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जनपद में नवनियुक्त 370 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 8 बैच के माध्यम से निर्धारित तिथियों में प्राचार्य ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत



**हमीरपुर-** कुरारा थाना क्षेत्र के भौली गांव निवासी युवक ने अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने थाने में सूचना दी। भौली गांव निवासी प्रियांशु (22 वर्ष) पुत्र जनार्दन सिंह ने रविवार की दोपहर अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल गए, वहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल प्रशासन द्वारा थाना कोतवाली हमीरपुर में दी गई है।कोतवाती प्रभारी ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### रामकथा समापन पर हुआ विशाल भण्डारा



**हमीरपुर-** सुमेरपुर कस्बा के गायत्री तपोभूमि में चल रही राम कथा के समापन पर सोमवार को हुए विशाल भंडारे में कस्बा वासियों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रसाद पाने के लिए लोगों की लंबी लाइन लगी हुई थी। सोमवार को राम कथा के संपन्न होने पर तपोभूमि के विरक्त आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए दोपहर बाद कस्बावासियों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। इससे आयोजक परेशान नजर आए। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने विरक्त आश्रम पहुंचकर लोगों को व्यवस्थित खड़ा कराकर आयोजकों से प्रसाद ग्रहण के निर्देश दिए। खबर भेजे जाने तक आश्रम में प्रसाद पाने के लिए लंबी लाइन लगी हुई थी। भंडारे के आयोजक बिंदा प्रसाद साहू, अजय द्विवेदी, राधारमण द्विवेदी,गंगा सोनी, भूरी परिहार, उषा द्विवेदी, कृष्णा शुक्ला आदि ने बताया कि सभी भक्तों को पूरी श्रद्धा से प्रसाद परोसा।

### खादी महोत्सव 2025 का भव्य आग़ाज़



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, आजमगढ़ के तत्वावधान में महोत्सव 2025 का आयोजन 15 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2025 तक DAV इंटर कॉलेज, आजमगढ़ में किया जा रहा है। महोत्सव का उद्घाटन 15 दिसम्बर (सोमवार) सायं 03 बजे माननीय श्री विजय बहादुर पाठक, सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम में श्री राकेश सचान, माननीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। महोत्सव का उद्देश्य 'Vocal for Local' को बढ़ावा देना तथा उत्कृष्ट खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के माध्यम से स्वदेशी को प्रोत्साहित करना है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री रविन्द्र कुमार, I.A.S., जिलाधिकारी आजमगढ़ उपस्थित रहेंगे। साथ ही श्री परीक्षित खटाना, I.A.S., मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़, श्री शिशिर, I.A.S., मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ की गरिमामयी उपस्थिति भी रहेगी। प्रदर्शनी समिति में श्री महेन्द्र यादव, सहायक वित्तीय नियंत्रक उद्योग, मुख्यालय लखनऊ, सुश्री संस्कृति गुप्ता, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, बलिया तथा श्री दीपक मिश्रा, परिक्षेत्रीय/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, आजमगढ़ (अध्यक्ष, प्रदर्शनी समिति) शामिल हैं। महोत्सव के दौरान खादी अपनाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा। आयोजन में आमजन के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

**आयोजकः उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, आजमगढ़**

संदेशः खादी अपनाएँ, स्वदेशी बढ़ाएँ

प्रेरणाः माननीय श्री नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं माननीय योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में कुरारा में सचिवों का प्रदर्शन, डीएससी डोंगल सौंप कर किया कार्य बहिष्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर-** कुरारा विकासखंड परिसर में सोमवार को ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑनलाइन हाजिरी प्रणाली के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन की समन्वय समिति की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में सभी सचिवों ने एकजुट होकर भाग लिया और नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान सचिवों ने ऑनलाइन हाजिरी को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या, तकनीकी खामियां और अतिरिक्त कार्यभार के चलते यह व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है। इससे पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। सचिवों ने मांग की कि पहले तकनीकी सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए, उसके बाद ही इस तरह की व्यवस्था लागू की जाए।

विरोध प्रदर्शन के उपरांत सभी सचिवों ने अपनी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) डोंगल एडीओ पंचायत कार्यालय पहुंचकर सौंप दी और कार्य का बहिष्कार किया। इस दौरान सचिवों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर विचार कर उचित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर सचिव आशीष कुमार, बलजीत, महेश, नीरज सचान, ब्रजेश शुक्ला, नसीम अहमद, जमाल अहमद, शिखा, निशा, आशीष, महेश साहू, ओम प्रकाश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन सचिवों की एकजुटता और नाराजगी साफ तौर पर देखने को मिली।

# नाले में मिला प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** मौदहा कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह सड़क किनारे एक नाले में एक युवक का शव पड़ा मिला।शव मिलने की सूचना मिलते ही घटना स्थल में लोगों की भीड़ जमा हो गई।ग्रामीणों ने मृतक की पहचान कम्हरिया गांव निवासी 28 वर्षीयवहीद उद्दीन उर्फ उल्ली के रूप में की। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

सूचना पर मौदहा कोतवाली पुलिस ,फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वॉड ने मौके पर पहुंचकर नाले से शव को बाहर निकलाया और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई सईद उद्दीन ने अपने भाई की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि वहीद शराब का आदी जरूर था और नशे में अक्सर लोगों से विवाद करता था, लेकिन वह आत्महत्या जैसा कदम उठाने वाला व्यक्ति नहीं था।

परिजनों के अनुसार, शव की स्थिति संदिग्ध है। वहीद का आधा शरीर नाले के पानी से बाहर था, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी मौत डूबने से नहीं हुई है। इसी आधार पर परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। बताया गया है कि वहीद उद्दीन छत्तीसगढ़ के रायपुर में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत था। वह अपनी 53 वर्षीय मां वकीला की मौत के बाद दो दिन पहले ही गांव आया था। मां के निधन से परिवार पहले ही गहरे सदमे में था और अब युवक की संदिग्ध मौत से दुख और बढ़ गया है। वहीद के परिवार में एक विवाहित बहन और पांच भाई हैं।

## राष्ट्र निर्माण की फैक्ट्री है विद्यार्थी परिषद- डॉ आलोक

**चित्रकूटः** जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट इण्टर कॉलिज में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इस हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। जिसमें डॉ आलोक पांडेय ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और राष्ट्रभाव का विकास आवश्यक है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्र निर्माण की फ्क्ट्री है। वक्ता शिवम पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी ही समाज के वास्तविक परिवर्तनकर्ता हैं और उनकी प्रतिभा को मंच देना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन आनंद जायसवाल ने किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर चौहान, फूलचंद्र चंद्रवंशी, जिला संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा, इकाई अध्यक्ष रवि तोमर, कमल शुक्ला, अंशु यादव, शानू त्रिपाठी, आदित्य तोमर, आयुष गुप्ता, असद हसन हसन, रंजीत आदि मौजूद रहे।

## मतदाता सूची में गड़बड़ियों पर सपा जिलाध्यक्ष का सवाल, संशोधित सूची उपलब्ध कराने की मांग

**बस्ती।** बस्ती जिले के समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं मृतक मतदाताओं की सूचियों में बड़ी कमियों की ओर ध्यान दिलाया है। उन्होंने मांग की है कि सूचियों में संबंधित मतदाताओं के पिता/पति का नाम और मकान नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज कराकर संशोधित सूची उपलब्ध कराई जाए। विधायक यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि बीएलओ द्वारा पार्टी के बीएलए को उपलब्ध कराई जा रही विशेष श्रेणी की मतदाता सूची में आवश्यक विवरण नहीं जोड़ा गया है। इससे इतने कम समय में स्थल सत्यापन और जांच कर पाना अत्यंत कठिन हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति इसी प्रकार रही, तो ऐसे मतदाताओं के नाम 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट मतदाता सूची में डिलीट रह जाएंगे। सपा जिलाध्यक्ष ने जिला निर्वाचन अधिकारी से तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी बूथों पर उपलब्ध सूचियों में आवश्यक विवरण जोड़कर संशोधित सूची उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी, सुचारु और समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सके।

# नहर किनारे मिला विधवा का शव, गला घोंटकर हत्या की आशंका





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** जनपद कोतवाती क्षेत्र के वरदहा गांव में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब नहर के पास एक विधवा महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। मृतका के गले पर स्पष्ट निशान पाए गए हैं, जिससे गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। मृतका की पहचान फूलन देवी निषाद के रूप में हुई है। उनकी शादी लगभग 16 वर्ष पूर्व वरदहा गांव में हुई थी। दो वर्ष पहले उनके पति का निधन हो चुका था, जिसके बाद से वह अपने दो पुत्रों की परवरिश कर रही थीं। उनके बेटे क्रमशः 8 और 15 वर्ष के बताए जा रहे हैं। मां की अचानक और संदिग्ध मौत से दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के पिता रामदास, निवासी सहजना गांव, ने बताया कि सोमवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी का शव नहर किनारे पड़ा हुआ है। जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्होंने शव के आसपास खींचे जाने के निशान देखे, जिससे यह प्रतीत होता है कि हत्या कहीं और कर शव को नहर किनारे फेंका गया है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सूचना पर कोतवाली नगर प्रभारी पवन पटेल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। एक नामजद संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# कैबिनेट मंत्री का किया भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुर-** सुमेरपुर कस्बा के एक गेस्ट हाउस में शनिवार को उत्साह और उल्लास से भरा स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कौशल किशोर, हज कमेटी के सदस्य कमरुद्दीन उर्फ जुगनू भाई, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा कुंवर वासिद अली तथा दूरसंचार विभाग के सदस्य इकबाल खान का भव्य अभिनंदन किया गया। यह स्वागत कार्यक्रम सुल्तान अफसर एवं रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार सभी विशिष्ट अतिथि लखनऊ से मौदहा में आयोजित होने वाले हॉकी टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने के लिए जा रहे थे। उनके सुमेरपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। गेस्ट हाउस परिसर में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला, जहां समर्थकों ने फूल-मालाओं से अतिथियों का सम्मान किया।

स्वागत समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री कौशल किशोर ने उपस्थित जनसमूह का अभिवादन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल न केवल युवाओं को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। मौदहा में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट जैसे आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर युवराज, प्रत्यूष साहू, रवि द्विवेदी, राहुल सिंह, दीपक साहू, अभिषेक गुप्ता, नेहाल, मोनू सोनी, वीरू सोनी, श्रवण आदित्य, दीपक शिवहरे, सुशील कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का अभिनंदन किया

### ● नितिन नवीन की नियुक्ति से पार्टी में हर स्तर पर हर्ष और युवा वर्ग में अभूतपूर्व उत्साह- वीरेन्द्र सचदेवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली 15 दिसम्बरः** दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने भाजपा नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का अभिनंदन किया। नये कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन के दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरते ही वहां प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की उपस्थिती में पुष्प गुच्छ देकर और पटका पहना कर स्वागत किया।तत्पश्चात राष्ट्रीय कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों के आलावा सभी जिलों के हजारों पदाधिकारियों ने नये राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का अभिनंदन किया।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की नितिन नवीन की नियुक्ति से पार्टी में हर स्तर पर हर्ष है और युवा वर्ग में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की



नितिन नवीन की नियुक्ति से जेनरेशन नेक्स्ट से भाजपा का जुड़ाव और मजबूत होगा। भाजपा ने एक बार फिर दिखा दिया है की यह पार्टी ही सामान्य कार्यकर्ता को उच्चतम पद तक ले जाती है।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की बैठक सम्पन्न

### ● लखनऊ 2026 राष्ट्रीय महाधिवेशन को सफल बनाने का लिया गया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि0) के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देश पर व जिलाध्यक्ष कपिल देव यादव एवं युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में सोमवार 15 दिसंबर 2025 को प्रिया स्टूडियो, किंग रोड, हमीरपुर में संगठन की एक महत्वपूर्ण आवश्यक बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जनवरी 2026 में लखनऊ में प्रस्तावित राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारियों को लेकर रणनीति तय करना रहा। इस दौरान आई-कार्ड नवीनीकरण, पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां, संगठनात्मक अनुशासन, विस्तार एवं मजबूती जैसे अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आगामी राष्ट्रीय महाधिवेशन में हमीरपुर इकाई की सक्रिय और निर्णायक भूमिका होगी। सभी सदस्यों से आह्वान किया गया कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण एवं एकजुटता के साथ अधिवेशन की तैयारियों में जुटें तथा आयोजन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर स्पष्ट किया गया कि महाधिवेशन में सम्मिलित होने हेतु सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का आई-कार्ड नवीनीकरण अनिवार्य है, जिससे समय रहते प्रवेश पास जारी किए जा सकें। साथ ही यह भी कहा गया कि पत्रकार की पहचान केवल आई-कार्ड से नहीं, बल्कि उसके कार्य, आचरण और संगठन के प्रति निष्ठा से होती है।

बैठक में संगठन की गरिमा बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया और सभी सदस्यों को किसी भी प्रकार के असंवैधानिक, अनुचित अथवा परिषद की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले कृत्यों से दूर रहने का निर्देश दिया गया। जिलाध्यक्ष कपिल देव यादव ने भरोसा दिलाया कि परिषद पत्रकारों के हितों की रक्षा, शोषण एवं उत्पीड़न के विरुद्ध संघर्ष में सदैव उनके साथ खड़ी है। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि तहसील स्तर पर संगठन का विस्तार किया जाएगा तथा अधिक से अधिक पत्रकार साथियों को परिषद से जोड़ा जाएगा। साथ ही



संगठन को सशक्त बनाने हेतु प्रत्येक माह आवश्यक बैठक आयोजित कर विचार-विमर्श किया जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी और जन-जन की आवाज होता है, इसलिए निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता के माध्यम से समाज हित में कार्य करना सभी का कर्तव्य है।बैठक के बाद परिषद की ओर से भोजन-प्रसाद की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में कपिल देव यादव, राजेश यादव, सुरेंद्र सिंह, विवेक कुमार, अभिलाष सिंह, भगवत प्रसाद, दीपक सोनी, पवन गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, दीप रतन, कुलदीप ओमरे, अजय सिंह, नितिन यादव, सुरेंद्र कुमार, स्वनेश कुमार सोनी, कृष्णकांत सिंह, अनेक पत्रकार साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पेंशनरों की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर में धरना, केंद्र सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़** वित्त विधेयक 2025 और प्रस्तावित केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों के हितों की अनदेखी के विरोध में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में कर्मचारी, शिक्षक एवं पेंशनर आमसभा और धरना कार्यक्रम में शामिल हुए। **संगठन ने केंद्र सरकार से तीन प्रमुख मांगें उठाई—** पहली, वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों के बीच तिथि के आधार पर किए गए विभेद को समाप्त किया जाए। दूसरी, केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के Terms of Reference में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभों को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाए।

तीसरी, पेंशन को (unfunded cost and non-contributory) बताने वाले क्लॉज संख्या स्न-3 को हटाया जाए। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि पेंशन कोई दया या अनुग्रह नहीं, बल्कि सेवाकाल का लम्बित वेतन है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के डी.एस. नाकरा मामले के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि तिथि के आधार पर पेंशनरों में भेदभाव



संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि पेंशनरों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी/पुलिस कमिश्नर के माध्यम से प्रेषित किया गया।

## मुस्करा मंडी के व्यापारियों के पास मिली स्टॉक से ज्यादा मूँगफली, एमएसपी से वंचित अन्नदाता

### ● मंडी सचिव ने अधिक स्टॉक मिलने पर एक व्यापारी को थमाया था नोटिस फिर भी नहीं हुई कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुर।** योगी सरकार जहां एक तरफ किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य (MSP) दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं हमीरपुर जिले के मुस्करा कस्बे की नवीन गल्ला मंडी में तैनात जिम्मेदार अधिकारी सरकार की मंशा पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं। खबर दिखाए जाने के बावजूद प्रशासन की कुंभकर्णी नींद नहीं टूटी है, और इसका खामियाजा यहां के भोले-भाले किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

केंद्र प्रभारी नदारद, किसान बेहाल मुस्करा स्थित नवीन गल्ला मंडी का हाल यह है कि यहां सरकारी मूंगफली खरीद केंद्र तो बना है, लेकिन केंद्र प्रभारी अक्सर अपनी कुर्सी से नदारद रहते हैं। किसान अपनी मेहनत की कमाई (मूंगफली) लेकर केंद्र पर पहुंचते हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें बैरंग लौटना पड़ता है। कोई सुनवाई न होने के कारण, मजबूर होकर किसान अपनी उपज मंडी में बैठे आढ़तियों को औने-पौने दामों में बेचने को विवश हैं। नतीजतन, किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**सरकारी खरीद में 'गोलमाल' की आशंका**

प्राप्त जानकारी और सूत्रों के अनुसार, मंडी के अंदर एक बड़ा 'खेल' चल रहा है। बताया जा रहा है कि सरकारी खरीद केंद्रों पर सरकारी मात्रा (कोटा) से कहीं अधिक स्टॉक जमा है। सवाल यह उठता है कि जब किसानों से खरीद नहीं हो रही।

आरोप है कि केंद्र प्रभारी और आला अधिकारियों की मिलीभगत से आढ़तियों द्वारा खरीदी गई मूंगफली को सरकारी खरीद में खपाने की जुगत लगाई जा रही है। आढ़तियों का माल सरकारी रजिस्टर में चढ़ाने के लिए यह पूरा षड्यंत्र रचा जा रहा है, जिसमें नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारियों की संलिप्तता की बू आ रही है अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल इस मामले में पहले भी खबर प्रकाशित कर प्रशासन को चेताया गया था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। ऐसा प्रतीत होता है कि आला अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने बैठे हैं, या शायद वे भी इस 'सिंडिकेट' का हिस्सा हैं। अब देखना यह होगा कि क्या जिला प्रशासन इस खबर के बाद अपनी नींद तोड़ता है और भ्रष्ट अधिकारियों व आढ़तियों के इस गठजोड़ पर कोई कार्रवाई करता है, या फिर मुस्करा का किसान यूं ही लुटता रहेगा।

# आजमगढ़ पब्लिक स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा दिवस का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**आजमगढ़** पब्लिक स्कूल में आज वार्षिक क्रीड़ा दिवस का उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। यह दिन विद्यार्थियों में टीम स्पिरिट, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, खेल भावना और आत्मविश्वास के विकास का प्रतीक रहा। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री शुभम तोड़ी, डीएसपी, सीओ सिटी, आजमगढ़ के आगमन, स्काउट एवं गाइड द्वारा स्वागत तथा विद्यार्थियों के मधुर स्वागत गीत से हुआ। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति-चिह्न (मोमेंटो), अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इसके उपरान्त विद्यालय ध्वजारोहण, कबूतरों को स्वतंत्र कर शांति का संदेश, मशाल रिले, अनुशासित मार्च-पास्ट एवं गुब्बारा विमोचन सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा क्रीड़ा महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रूपल पंड्या द्वारा खिलाड़ियों को शपथ ग्रहण (ओथ टेकिंग) समारोह के माध्यम से खेलों में ईमानदारी, अनुशासन एवं खेल भावना बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

नर्सरी से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न ड्रिल प्रस्तुतियों एवं खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण हर्रिया के राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मल्लखम्ब प्रदर्शन रहा, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक पिरामिड निर्माण, स्केटिंग, जूडो-कराटे तथा जिम्नास्टिक्स के शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह की भरपूर तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक श्री सी. ए. मोहम्मद नोमान ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री अजेन्द्र राय (अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन अंपायर), विशेष अतिथि श्री विश्वनाथ राम (वित्तीय एवं लेखा अधिकारी, बेसिक एवं माध्यमिक), प्रो. अमरजीत (कोच खेलो इंडिया), डॉ. शफीउज्ज़मा एवं मोहम्मद आरिफ नसीम साहब की गरिमामई उपस्थिति रही। इस भव्य कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या रुना खान एवं समर्पित शिक्षकों, क्रीड़ा प्रशिक्षकों, कर्मचारीयों एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।